सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-143 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 31 अक्टूबर 2023
15 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com
G20




# अनुसूचित जाति के हर परिवार को मिलेगा आवासः योगी

## सीएम योगी ने प्रयागराजवासियों को दी 3357 करोड़ की 424 परियोजनाओं की सौगात

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि डबल

- जरूरत के आधार पर योजनाओं से जोड़ रही है डबल इंजन की सरकार

इंजन की सरकार अनुसूचित जाति के प्रत्येक परिवार को आवास उपलब्ध कराएगी। यह सरकार जाति के आधार पर नहीं बल्कि जरूरत के आधार पर लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने का काम कर रही है।

इस अवसर पर उन्होंने 3,357 करोड़ की 424 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री योगी जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर सोरांव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित अनुसूचित जाति महासम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अनुसूचित जातियों और जनजातियों तक सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए तत्परता के साथ सरकार बिना भेदभाव के कार्य कर रही है। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश के ऐसे अनुसूचित जाति के परिवार जिनके पास उनका अपना आशियाना नहीं है, सरकार उनको आवास उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाज के वंचितों, दलितों, पिछड़ों और गरीब लोगों के लिए डबल इंजन की सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों और योजनाओं को विस्तार से समझाया। दावा किया कि डबल इंजन की सरकार जो कहती है वह करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रयागराज में ?3,357 करोड़ की लागत से 424 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने सोरांव में अनुसूचित जाति महासम्मेलन में भी हिस्सा लिया। जिसमें दो लाख से अधिक अनुसूचित जाति के लोग मौजूद रहे। समाज के वंचित, दलित पिछड़े और गरीब लोगों के लिए डबल इंजन की सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों और योजनाओं की बात सामने रखते हुए उन्होंने कहा कि 2017 के पहले प्रदेश में अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़ी योजनाओं का लाभ उन तक नहीं पहुंच पाता था लेकिन डबल इंजन की सरकार बनने के बाद आज इन सभी जाति समूह तक सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पूरी तरीके से पहुंच रहा है। डबल इंजन की सरकार जाति के आधार पर नहीं बल्कि जरूरत के आधार पर शासन की योजनाओं से उन्हे जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने ऐलान किया है कि प्रदेश के ऐसे अनुसूचित जाति परिवार जिनके पास उनका अपना आशियाना नही हैं सरकार उनको आवास उपलब्ध कराएगी। कार्यक्रम में यूपी के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, केंद्र सरकार के मंत्री सोम प्रकाश, प्रदेश राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण, प्रयागराज की सांसद केशरी देवी पटेल और डॉ. रीता बहुगुणा जोशी, कौशांबी के सांसद विनोद सोनकर , एमएलसी निर्मला पासवान, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी और अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र कनौजिया शामिल रहे।



### लाभार्थियों को किया गया प्रमाण पत्र व चाबी वितरण

**प्रयागराज।** कार्यक्रम में काशी क्षेत्र के 16 जिलों से आए अनुसूचित समाज के दो लाख से अधिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सीएम ने चार हजार महिला स्वयं सहायता समूहों को 85 करोड़ के फंड का चेक भी सौंपा। इन स्वयं सहायता समूह से ग्रामीण क्षेत्र की 62 हजार से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। सोरांव के रामपुर मल्हुआ गांव में मजदूरी से अपना जीवन यापन करने वाले युवक की 6 माह की बेटी श्रुति के अन्नप्राशन की रस्म भी मुख्यमंत्री ने मंच से ही अपने हाथों से रोली, टीका लगाकर और खीर खिलाकर पूरी की। सीएम ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक प्रदान किए।

बैंक लिंकेज के फंड का डेमो चेक सोरांव के सेवईत के महादेव आजीविका स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा कंचन देवी, सचिव रीता व कोषाध्यक्ष मालती को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में रिवाल्विंग फंड व कम्युनिटी इन्वेस्ट फंड के तौर पर 19.18 करोड़ तथा बैंक लिंकेज के रूप में 65. 77 करोड़ दिए गए। इसी तरह सोरांव की पूजा देवी, उमा देवी, सुधा देवी और मऊआइमा की मालती देवी को मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास की चाबी सौंपी।

## सीएम ने एसएलएमजी बेवरेजेज प्लांट का किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल है इसके दृष्टिगत यहां

- बॉटलिंग प्लांट से अमेठी में बढ़ेगा रोजगारः सीएम
- उप्र में सुरक्षा का बेहतर माहौल इसके दृष्टिगत हो रहा निवेश



विभिन्न कंपनियां निवेश कर रही हैं।बॉटलिंग प्लांट से अमेठी में रोजगार बढ़ेगा डबल इंजन की सरकार से विकास हो रहा है।

उक्त वक्तव्य सोमवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसएलएमजी बेबरीज प्राइवेट लिमिटेड के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए दिए। एक महीने के भीतर दूसरी बार अमेठी आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दोपहर बाद औद्योगिक क्षेत्र त्रिशुंडी में एसएलएमजी वेबरीज प्राइवेट लिमिटेड की अमेठी इकाई की ओर से स्थापित नये प्लांट का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री के साथ केन्द्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल नंदी राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और गिरीश यादव भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने नये प्लांट के निरीक्षण के बाद समारोह को संबोधित किया। देश के विभिन्न राज्यों में औद्योगिक निवेश करने वाली इस कम्पनी ने 900करोड रू की लागत से 33 एकड भूखंड पर एक अत्याधुनिक प्लांट लगाया है।इस प्लांट की उत्पादन क्षमता 4500 बोतल प्रति मिनट है। इस प्लांट से 900 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। वहीं 15000 लोग अप्रत्यक्ष रोजगार से जुड़ेंगे। वर्कर ठेकेदारी बेस पर कार्य सम्पादित कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश के मामले में स्वयं और सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हुई इन्वेस्टर समिति के बाद उत्तर प्रदेश में तमाम नामचीन उद्यमियों ने निवेश शुरू किया है। जो उद्यमी और कम्पनियां निराश हो चुके थे उन्होंने बड़े पैमाने पर औद्योगिक निवेश शुरू किया है। हमारी सरकार ने उद्यमियों के निवेश और सुरक्षा की गारंटी दी है। कानून व्यवस्था ठीक होने से अब देश के विभिन्न राज्यों में निवेश करने वाली कम्पनियां उत्तर प्रदेश में खुलकर औद्योगिक निवेश कर रही हैं। कार्यक्रम में कंपनी के पदाधिकारी और अधिकारियों सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सीएम योगी फिल्म 'तेजस' का अवलोकन करेंगे आज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मंत्रिमण्डल के सदस्यों के साथ आज 31 अक्टूबर, 2023 को लोक भवन ऑडिटोरियम में आयोजित विशेष स्क्रीनिंग में फिल्म 'तेजस' का अवलोकन करेंगे। यह विशेष स्क्रीनिंग यूएफओ सिने मीडिया नेटवर्क के सहयोग से आयोजित की जाएगी।

## दिल्ली से पटना के लिए चलेंगी तीन स्पेशल वंदे भारत ट्रेनें

**नई दिल्ली।** त्योहार में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे विशेष ट्रेनें चला रही है। विशेष ट्रेनें चलाने में प्रत्येक श्रेणी के यात्रियों को ध्यान में रखा जा रहा है। पटना के लिए विशेष राजधानी एक्सप्रेस के बाद अब विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस (02252/02251) चलाने की घोषणा की गई है। दीपावली के पहले एक और उसके बाद छठ पूजा के लिए दो विशेष वंदे भारत नई दिल्ली से पटना के लिए रवाना होगी। 11.35 घंटे में यह पटना पहुंचेगी।

11, 14 व 16 नवंबर को नई दिल्ली से सुबह 07:25 बजे प्रस्थान कर उसी दिन शाम सात बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में पटना से 12, 15 व 17 नवंबर को सुबह साढ़े सात बजे चलकर उसी दिन शाम सात बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

## मराठा आरक्षण समर्थकों ने नगरपालिका भवन को किया आग के हवाले

**मुंबई।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर इन दिनों महाराष्ट्र की सियासत गरम है। सोमवार को कथित तौर पर समुदाय के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय रांकापा विधायक प्रकाश सोलंकी के आवास में आग लगा दी।

पुलिस ने आरोप लगाया कि इस घटना के कुछ देर बाद ही कार्यकर्ताओं बीड जिले में माजलगांव नगर परिषद भवन की पहली मंजिल को भी आग लगा दी और तोड़फोड़ की। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर इन दिनों महाराष्ट्र की सियासत गरम है।

सोमवार को कथित तौर पर समुदाय के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय रांकापा विधायक प्रकाश सोलंकी के आवास में आग लगा दी।

## चीन-पाकिस्तान सीमा पर आईएएफ ने तैनात की एस-400 मिसाइल यूनिट



**नई दिल्ली।** वायु सेना (आईएएफ) ने चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर अपने तीन एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल स्क्वाड्रन का संचालन पहले ही शुरू कर दिया है। ऐसे में भारतीय और रूसी अधिकारी शेष दो स्क्वाड्रन की फाइनल डिलीवरी पर चर्चा करने के लिए जल्द ही बैठक करने वाले हैं। भारत ने 2018-19 में रूसी पक्ष के साथ एस-400 मिसाइलों के पांच स्क्वाड्रन के लिए 35,000 करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, जिनमें से तीन पहले ही देश में आ चुके हैं, लेकिन रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण शेष दो की आपूर्ति बाधित हुई थी। रक्षा सूत्रों ने बताया, महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तीन स्क्वाड्रन पहले ही चालू किए जा चुके हैं। एक इकाई चीन और पाकिस्तान दोनों को देख रही है, जबकि एक-एक इकाई चीन और पाकिस्तान दोनों मोर्चों के लिए निर्धारित की गई है। सूत्रों ने कहा कि शेष दो मिसाइल स्क्वाड्रन के अंतिम डिलीवरी कार्यक्रम पर चर्चा करने के लिए रूसी और भारतीय अधिकारी जल्द ही फिर से मिलेंगे।

# शराब घोटाले की जांच केजरीवाल तक पहुंची आंच

- केजरीवाल को ईडी ने भेजा नोटिस
- दो नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने नोटिस भेजा है। नोटिस में उन्हें दो नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री को सीबीआई अप्रैल महीने में पूछताछ के लिए बुला चुकी है। सूत्रों के मुताबिक केजरीवाल से ईडी दिल्ली की नई शराब नीति मामले में पूछताछ करेगी।

### आप को खत्म करना केंद्र का मकसद

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ये आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार की साजिश है। इसके लिए केंद्र कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। सरकार किसी भी तरीके से फर्जी केस बनाकर अरविंद केजरीवाल को बंद किया करना चाहती है और आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है।



### आप एक कट्टर ईमानदार पार्टी है

नौ घंटे तक चली सीबीआई की पूछताछ के बाद केजरीवाल ने कहा था कि आप एक कट्टर ईमानदार पार्टी है। सीएम ने तब कहा था कि वो (केंद्र) लोग आप को खत्म करना चाहते हैं। लेकिन देश की जनता हमारे साथ है। शराब घोटला पूरी तरह फर्जी है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि आज दिल्लीवासियों के जीवन में दशहरा दिवस है जब सच्चाई की जीत हुई है और जल्द ही दिल्ली को अरविंद केजरीवाल के भ्रष्ट शासन से मुक्ति मिलेगी। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने अरविंद केजरीवाल को ईडी के समन का स्वागत किया है और कहा है कि यह सच्चाई की जीत का दिन है। आज जब सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसौदिया की जमानत खारिज कर दी तो इससे भाजपा के शराब घोटाले के आरोप सही साबित हो गए और केजरीवाल को ईडी का समन, केजरीवाल टीम के जेल जाने के साथ भ्रष्टाचार की गाथा को अंजाम तक ले जाने का अंतिम कदम है। इससे पहले 16 अप्रैल को कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अरविंद केजरीवाल से नौ घंटे तक पूछताछ की थी।

स्थिति | दिल्ली की हवा सबसे दूषित

# गैस चैंबर की ओर बढ़ी राजधानी

- 221 शहरों में दिल्ली छठे स्थान पर
- पूरे सप्ताह सताएगी प्रदूषित हवा
- वजीरपुर व रोहिणी सबसे अधिक प्रदूषित




**नई दिल्ली।** राजधानी में मौसम बदलने व हवा की गति कम होने से वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। देशभर के 221 शहरों में दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) छठे स्थान पर रहा।

अक्तूबर में एनसीआर के मुकाबले पहली बार दिल्ली में सोमवार को हवा बेहद खराब रही। यहां एक्यूआई 347 दर्ज किया गया, जोकि रविवार के मुकाबले 27 सूचकांक अधिक रहा। यह इस सीजन का सबसे अधिक एक्यूआई रहा। सुबह एक्यूआई 333 दर्ज किया गया, वहीं दोपहर तक यह औसतन 340 हो गया। वहीं, वजीरपुर व रोहिणी समेत चार इलाकों में हवा गंभीर और 29 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी पहुंच गई। एनसीआर में दिल्ली के बाद ग्रेटर नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। दिल्ली की हवा समग्र रूप से बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। कमोबेश यही स्थिति पूरे सप्ताह तक बने रहने का अनुमान है। दीपावली से पहले ही दिल्ली धीरे-धीरे गैस चैंबर की ओर बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, हवा में पराली व वाहनों और फैक्ट्रियों का धुआं घुल रहा है। ऐसे में हवा की गति कम होने से प्रदूषण के कण हवा में ठहर रहे हैं, जिससे हवा प्रदूषित हो रही है। अगर इसी तरह की स्थिति बनी रहती है, तो ग्रैप का तीसरा चरण लागू किया जा सकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, देशभर के 221 शहरों में दिल्ली की हवा छठे स्थान पर सबसे अधिक प्रदूषित रही। इसमें हनुमानगढ़ में एक्यूआई 428 दर्ज किया गया, जोकि गंभीर श्रेणी में रहा। वहीं, जींद में 416, बठिंडा में 381, श्री गंगानगर में 368 व बहादुरगढ़ में 362 एक्यूआई दर्ज किया गया। सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को 29 इलाकों में बेहद खराब हवा दर्ज की गई। इसमें वजीरपुर में 429, रोहिणी में 425, मुंडका में 417 व नॉर्थ कैंपस में 401 एक्यूआई दर्ज किया गया, जोकि गंभीर श्रेणी है।




Avadhnama
INVITES YOU TO
"A TRIBUTE TO
PROF. SHARIB RUDAULVI"

Yade Sharib

On Monday, 6th November, 2023 (5:45 pm sharp)
at Kaifi Azmi Academy, Paper Mill Colony, Nishat Ganj, Lucknow

CHIEF GUEST
Shri Ram Naik
Ex. Governor of Uttar Pradesh

PRESIDED BY
Dr. Ammar Rizvi
Ex. Acting Chief Minister, U.P.

GUEST OF HONOUR
Dr. Abbas Ali Mehdi
Vice Chancellor, Era University

SPECIAL SPEAKER
Mr. Sarvendra Vikram Bahadur
Ex. Director, Secondary Education

CONDUCTED BY
Dr. Abbas Raza Nayyar Jalalpuri

Taqdees Fatima Rizvi
Chairperson
9369847771, 9336666184

AVADHNAMA Educational & Charitable Trust
FOR AWARENESS, EDUCATION, CHARITY, UNITY & PEACE

# डीएम ने किया पांच परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** पठन पाठन की गुणवत्ता, स्कूल की साफ-सफाई, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता इत्यादि का जायज़ा लेने के उद्देश्य से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ सोमवार को ब्लाक नकहा के अन्तर्गत क्रमश प्राथमिक विद्यालय बेड़नापुर, यूपीएस अमृतागंज, यूपीएस शैलगांव, प्राथमिक विद्यालय अमृतापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने शिक्षकों की उपस्थिति के सम्बंध में भी बच्चों से ही पूछताछ की। हेड मास्टर ने डीएम को विद्यालय में नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित बताई। डीएम ने कक्षा में छात्रों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। डीएम ने बच्चों से विभिन्न रंगों, आकृतियों के बारे में पूछते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की परख की। साथ ही पठन पाठन,साफ सफाई,मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। निरीक्षण के दौरान उच्च प्राथमिक विद्यालय अमृतागंज में प्रधानाध्यापक संतोष वर्मा द्वारा विद्यालय परिसर में एक व्यक्ति द्वारा विद्यालय परिसर में शौचालय बनाकर एवं लकड़ी डालकर कब्जा करने की बात संज्ञान में लाए। इसपर डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिए कि एसडीएम से समन्वय कर तुरंत विद्यालय परिसर को कब्जा मुक्त करने के निर्देश दिए।परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान बच्चे मध्यान भोजन कर रहे थे। एमडीएम में मीनू के अनुसार सब्जी रोटी परोसा गया। डीएम व सीडीओ ने संयुक्त रूप से मिड डे मील की गुणवत्ता स्वयं चेक की। डीएम शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल व उनके रूचि के अनुसार जागरूक भी करें। निरीक्षण के दौरान डीएम ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए उन्हें मन लगा कर पढ़ने, गुरूजनों व माता-पिता का आदर करने, स्वच्छता अपनाने की नसीहत दी।

निरीक्षण के दौरान डीएम करीब दोपहर 2-55 बजे संविलियन विद्यालय धोबहा पहुंचे, जहा विद्यालय बंद मिला, इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए बीएसए प्रवीण तिवारी को विद्यालय के स्टाफ से जवाब तलब करते हुए कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।

# पुलिस ने की नकली खाद बनाने और बेचने के आरोपी मनीष गुप्ता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस ने नकली खाद बनाने और बेचने के आरोपी मनीष गुप्ता के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। डीएम के निर्देश पर पुलिस ने मैगलगंज स्थित मनीष गुप्ता व उसके पुत्र रितिक गुप्ता की 30.14 करोड़ रुपये की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट के तहत जब्त की है। पुलिस ने मैगलगंज में छह मकान, दो फैक्टरी, 10 प्लॉट (1.9 हेक्टेयर), एक फॉर्च्यूनर गाड़ी, आठ ट्रक, दो बाइक और एक पिकअप जब्त की है सोमवार को पुलिस लाइन में एसपी गणेश प्रसाद साहा ने प्रेसवार्ता करते हुये बताया कि आरोपी मनीष गुप्ता का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। ऊंची पैरवी की वजह से अब तक बचता आ रहा था इस बार पुलिस ने मनीष गुप्ता की आपराधिक पृष्ठभूमि को खंगालकर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया और 34.14 करोड़ रुपये से भी अधिक की संपत्ति जब्त की है जब्तीकरण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी उन्होंने बताया कि नकली खाद के धंधेबाज मनीष गुप्ता ने अवैध तरीक से दौलत कमाई और उस धन से अपने पुत्र रितिक गुप्ता व पत्नी सोनिका गुप्ता के नाम मैसर्स गोविंद इंडस्ट्रीज उर्वरक फैक्टरी स्थापित की मनीष ने पत्नी-पुत्र व भाई नरेंद्र गुप्ता उर्फ रजनीश के नाम से तमाम नामी व बेनामी संपत्तियां खरीदी थीं एसपी ने आगे बताया कि पिछले साल लखीमपुर, मैगलगंज और गोला इलाके में नकली खाद फैक्टरी पकड़ी गई थी भारी मात्रा में मिट्टी, मौरंग और रेत मिली खाद बरामद हुई थी अवैध संपत्ति को उ.प्र. गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 14(1) के तहत कुर्क किए जाने के लिए डीएम को जब्तीकरण रिपोर्ट भेजी गई थी रिपोर्ट के आधार पर डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह ने कुर्की के आदेश दिए थे फिलहाल मनीष गुप्ता जेल में बंद है।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सघन जांच अभियान चलाकर शुरू की जांच



अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में बुखार का संक्रमण फैल जाने से तमाम लोग इसकी चपेट में आ गए जिससे गांव में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सघन जांच अभियान चलाकर जांच शुरू की है।सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पिपरिया कप्तान पहुंचकर संक्रमित लोगों की जांच शुरू की। जिसमें मलेरिया 58, विडाल टेस्ट 85 और डेंगू की 11 जांच कराई गई जिसमें 4 लोगों के डेंगू पॉजिटिव पाए जाने पर हड़कंप मच गया। डॉक्टरों ने पॉजिटिव मरीजों को आनन-फानन में सरकारी अस्पताल में भर्ती कर इलाज शुरू किया है। स्वास्थ्य विभाग लगातार क्षेत्र में डेंगू का संक्रमण न होने का दावा कर रहा था। सरकारी जांच में एक गांव में 4 मरीज डेंगू से संक्रमित लोगों के निकल आने पर स्वास्थ्य विभाग की पोल खुल गई। गांव में बीमारी की रोकथाम करने के लिए युद्ध स्तर पर दवाइयां का स्प्रे कराकर नालियों की साफ सफाई शुरू कराई गई है। सी एच सी अधीक्षक मयंक मिश्रा के अनुसार एक गांव में इतने अधिक डेंगू संक्रमित पाए जाने पर विभाग द्वारा दवाईयां वितरित कराई गई है। स्थिति पर निगरानी की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालयों का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने प्राथमिक विद्यालय गोरा बाजार और जगदीशपुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले उन्होंने विद्यालय की साफ-सफाई और शौचालय की व्यवस्था देखी। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य को निर्देश दिया कि विद्यालय में छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था हो। जिलाधिकारी ने बच्चों से बात करते हुए पठन पाठन और उन्हें दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता जांची। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने बच्चों को दिए जा रहे मिड डे मील के संबंध में भी रसोई का निरीक्षण किया और मिड डे मील बनाने वाली रसोइयों से बातचीत की।

जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए। साथ ही सभी अध्यापक नियमित रूप से विद्यालय आएंगे। बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए अन्यथा लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र कुमार पासी की गायब होने की रिपोर्ट दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे बलीपुर मजरे जनई के रहने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र कुमार पासी पुत्र रामसेवक पासी का अब तक कोई अता पता नहीं चला है। वह विगत 1 जून 2022 को घर से निकले थे, इसके बाद वापस नहीं लौटे। इससे परिजनों में हैरानी व परेशानी का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार के सदस्यों ने कोतवाली महराजगंज पुलिस को मामले की सूचना दोबारा देकर गायब पूर्व जिला पंचायत सदस्य को तलाश कर लाने की मांग की है।

आपको बता दें कि, प्रभारी निरीक्षक महराजगंज को दिए गए पत्र में राजेंद्र कुमार की पत्नी कमलेश कुमारी ने कहा है कि, पूर्व जिला पंचायत सदस्य 1 जून 2022 को घर से ग्राम पहरावा कह कर निकले थे, वह दोबारा गांव नहीं लौटे। जबकि इस संबंध में रिश्तेदारियों नातेदारियों में दर्जनों बार उनकी तलाश की गई। उसके बावजूद उनका अता-पता नहीं चला है। उन्होंने कहा कि, उन्हें आशंका है कि, कहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य के विरोधियों ने कोई बड़ी दुर्घटना राजेंद्र पासी के साथ ना कर दी हो।

उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में मामले को दर्ज करके गायब चल रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र पासी का पता लगाने की मांग की है।

## श्वेता गुप्ता ने कस्बे के साथ-साथ शिक्षण संस्थाओं का मान सम्मान बढ़ाया

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे की रहने वाली पूर्व सभासद की बहन श्वेता गुप्ता ने भारतीय रेलवे द्वारा कराई गई परीक्षा में रेल प्रबंधक के पद पर चयनित होकर कस्बा ही नहीं अपने परिवार के साथ-साथ शिक्षण संस्थाओं जहां उन्होंने शिक्षा ग्रहण की है सब का मान सम्मान बढ़ाया है। उनके चयन पर समाज के हर वर्ग के लोगों द्वारा खुशी जताई गई है।

आपको बता दें कि, कस्बे के रहने वाले कपड़ा व्यापारी प्रदीप कुमार गुप्ता की पुत्री श्वेता गुप्ता भारतीय रेलवे में रेल प्रबंधक के पद पर चुनी गई है। उनके चयन पर उनके सभासद भाई अंकुर गुप्ता और पिता प्रदीप कुमार गुप्ता के अलावा उनकी मां और परिवार के अन्य सदस्यों ने खुशी जताई है।

वहीं भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू, चेयर सरला साहू, पूर्व भाजपा विधायक राजाराम त्यागी, पूर्व प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रदीप कुमार चौधरी, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, सपा नेता सुधीर साहू, रिटायर्ड एडीओ कृषि आरपी सिंह ने खुशी जताते हुए बधाई दी है। इसके अलावा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जहां से श्वेता ने पढ़ाई की थी, वहां के प्राचार्य वीरेंद्र वर्मा व आचार्यो राकेश मिश्रा, विचित्र त्रिपाठी और कल्याण श्रीवास्तव आदि ने श्वेता से मुलाकात की तथा मिली इस कामयाबी के लिए उन्हें बधाई दी, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अविवाहित युवती रहस्यमय ढंग से गायब

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के चंदापुर गांव से बीते 25 अक्टूबर 2023 को एक अविवाहित युवती के रहस्यमय ढंग से गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में युवती के परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर गायब हुई अविवाहित युवती को खोजने की मांग की है।

आपको बता दें कि, पुलिस को दी गई तहरीर में गुमशुदा युवती के पिता ने बताया कि, उसकी 22 वर्षीय अविवाहित पुत्री 27 अक्टूबर को रात में घर से बिना बताए चली गई। घर वालों ने रिश्तेदारियों नातेदारियों तथा आसपास के गांव में काफी तलाश की लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं चला। परिजनों ने यह भी बताया कि, युवती मानसिक रूप से अस्वस्थ रहती थी। इसलिए परिजनों ने उसका पता लगाकर परिवार के हवाले करने की मांग की है।

# नकहा के शैलगांव, अमृतापुर में अन्नपूर्णा उचित दर दुकान का हुआ शुभारंभ





अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** राशन दुकानों में आसानी से खाद्यान्न पहुंचाने और उपभोक्ताओं की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को तहसील सदर, ब्लाक नकहा की ग्राम पंचायत शैलगांव एवं अमृतापुर में ÷अन्नपूर्णा उचित दर दुकान÷ की सौगात मिली। इनका निर्माण मनरेगा योजना के तहत कराया गया।शैलगांव में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, बीडीओ प्रदीप चौधरी संग पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर शिलापट का अनावरण कर लोकार्पण किया। इस दौरान ग्राम प्रधान सुनैना गुप्ता, सचिव सीमा मिश्रा उचित दर विक्रेता राम किशोर वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। वही ग्राम पंचायत अमृतापुर में विधायक (सदर) योगेश वर्मा ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल सिंह ने फीता काटकर लोकार्पित किया। इस दौरान डीसी मनरेगा विपिन चौधरी वीडियो प्रदीप चौधरी, ग्राम प्रधान लवी सिंह ग्राम सचिव सर्वेश कुमार मौजूद रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक (सदर) योगेश वर्मा ने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर जिले में ग्रापं की जमीन पर 75 अन्नपूर्णा मॉडल दुकानों का निर्माण करवाया जा रहा, जिसमे आज उनकी विधानसभा क्षेत्र में दो अन्नपूर्णा मॉडल दुकान आमजन की सेवा में समर्पित की जा रही। खाद्य एवं रसद विभाग की राशन दुकानों के अपग्रेडेशन के संबंध में अन्नपूर्णा उचित दर दुकान एक महत्वपूर्ण कदम है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि वितरण प्रणाली में पारदर्शिता को लेकर प्रदेश सरकार ने कई निर्णय लिए। मशीनों के जरिए अनाज का वितरण करवाया तो वहीं कोटेदारों का कमीशन बढ़ाया। दुकानों पर राशन भिजवाने की व्यस्था की। वहीं अगले चरण में उचित दर दुकानों को अन्नपूर्णा मॉडल उचित दर दुकान के रूप में तब्दील किया जा रहा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि अन्नपूर्णा मॉडल दुकान में राशन कार्डधारकों को निर्धारित तिथियों में खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटे एवं ई-पॉस मशीन का उपयोग किया जाए।

## अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

**सीतापुर।** थाना सदरपुर इलाके में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान राजेन्द्र पुत्र रामपाल निवासी मोहाला मजरा शमशाबाद थाना सदरपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तंमचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। राजेन्द्र के खिलाफ पूर्व में भी जिले के विभिन्न थानों पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट, चोरी, नकबजनी, अवैध शस्त्र रखने जैसे धाराओं में केस दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## मोबाइल लूट में दो गिरफ्तार

**सीतापुर।** कोतवाली महमूदाबाद पुलिस टीम क्षेत्र के पैंतेपुर पुल के निकट से मोबाइल लूट के मामले में रिंकू सिंह पुत्र उदयराज सिंह निवासी ग्राम कैलाशपुरवा थाना थानगांव व रोहित कुमार पुत्र रामविलास निवासी ग्राम बेदौरा थाना रेऊसा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से कुल 6 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 1मोटर साइकिल बरामद की है। पुलिस का कहना है कि इन्हीं बदमाशों ने गत 4 अक्टूबर को ग्राम भिठौरा के पास से एक व्यक्ति से मोबाइल लूट लिया था। जिस संबंध में थाना महमूदाबाद में केस दर्ज हैं। आरोपियों की अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्त केरने की कार्रवाई की जायेगी।

## कथा सुनने जुटे श्रद्धालु

**सीतापुर।** महोली के ग्राम कुसैला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास दिव्या ज्योति ने कहा कि भगवान के शरणागत होने पर ही कल्याण हो सकता है। उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य भगवान के शरणागत नहीं होता तब तक उसका कल्याण संभव नहीं है। उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब धर्म पर संकट आता है, ईश्वर कोई न को रूप धरकर अवतार लेते हैं। कथा व्यास सरिता शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा के प्रसंग को लेकर आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए श्रीमद् भागवत का अध्ययन करना आवश्यक बताया। कथा समापन के बाद आरती कार्यक्रम के आयोजन पूर्व प्रधान जितेंद्र वर्मा, अजय वर्मा द्वारा संपन्न कराई। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

# सीमा निर्धारण के कार्यों का डिप्टी कलेक्टर भैरपाल सिंह के द्वारा किया गया स्थलीय निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**गौतम बुद्ध नगर।** डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में डिप्टी कलेक्टर भैरपाल सिंह के द्वारा सीमा निर्धारण के कार्य का स्थलीय निरीक्षण करते हुए समीक्षा की गई। डिप्टी कलेक्टर भैरपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च न्यायालय पंजाब एवं हरियाणा, चंडीगढ़ द्वारा दिए गए आदेशों के क्रम में जनपद गौतम बुद्ध नगर में उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा अंतर राज्य सीमा निर्धारण का कार्य सर्वेक्षण अधिकारी सत्यार्थ प्रकाश, सर्वे आफ इंडिया चंडीगढ़ सत्यवृत शशि भूषण, सर्वेक्षक/दस्ता अधिकारी भारतीय सर्वेक्षण विभाग चंडीगढ़, हल्का पटवारी तिलपता हरियाणा अजीम की उपस्थिति में प्रारंभ हो गया है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय पंजाब एवं हरियाणा, चंडीगढ़ द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा राज्य की सीमा पर पिलर लगाने का कार्य प्रारंभ हुआ है, जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 22313208 रुपए व इतनी ही धनराशि हरियाणा सरकार के द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर में लगभग 65 किलोमीटर की सीमा पर पिलर व डिमार्केशन होना संभावित है। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद गौतम बुद्ध नगर में 32 ग्राम सर्वेक्षण एवं अभिलेख क्रियाओं के अंतर्गत हैं, जिसमें ग्राम फलेदा खादर, झुप्पा, अमरपुर, पलाका, मेहंदीपुर खादर, गोविंदगढ़, सिरसा, माकनपुर खादर, बेलाकला, गुलावली आदि सम्मिलित हैं। डिप्टी कलेक्टर/सहायक अभिलेख अधिकारी भैरपाल सिंह के द्वारा जनमानस से अपील की गई है कि पिलर निर्धारण के दौरान शांति बनाए रखें व सर्वे आफ इंडिया अधिकारी एवं कर्मचारियों को सहयोग प्रदान करें तथा साथ ही कोई आपत्ति होने पर संबंधित अधिकारी को अवगत करायें। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर भैरपाल सिंह के साथ लेखपाल शहजाद, सरवन कुमार, मोहित तोमर, अमित कुमार व वीर बहादुर मौजूद रहे।

## हनुमान जन्म की लीला का किया वर्णन

**सीतापुर।** दिलावलपुर पिसावां मे चल रही श्रीमद भगवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचिका ज्योतिमा शास्त्री के भगवान हनुमान जन्म की कथा का रस पान कराया। पौराणिक कथाओं के अनुसार, अंजनेरी पर्वत पर भगवान हनुमान का जन्म हुआ था। उनके पिता केसरी बृहस्पति के पुत्र थे। वे सुमेरु के राजा थे। उनकी माँ अंजना एक अप्सरा थी। जो पृथ्वी पर रहने के लिए अभिशप्त थी। उसने शिव की तीव्र प्रार्थना के बाद हनुमान को जन्म दिया। जो 12 साल तक चला और, जन्म देकर, उनकी अभिशाप समाप्त हुई। हनुमान को शिव का अवतार या प्रतिबिंब माना जाता है। अक्सर उन्हें वायुपुत्र कहा जाता है। जिसका अर्थ है (वायु भगवान का पुत्र)। रामायण की कई व्याख्याएं हैं जो हनुमान के जन्म में वायु की भूमिका का विवरण देती हैं। ऐसी ही एक किंवदंती है कि वायु ने भगवान शिव की पुरुष ऊर्जा को अंजना के गर्भ में स्थानांतरित कर दिया जब उसने और उसके पति केसरी ने भगवान से एक बच्चे के लिए प्रार्थना की।

# महिलाओं को कार्यशाला में किया जागरुक



अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** विकासखंड मछरेहटा में बेटी बचाओ बेटी पढाओ के अन्तर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल के नेतृत्व में ब्लॉक स्तरीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी अजीत यादव द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को अपने अपने क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति होने वाली हिंसा से बचाव के उपाय बताए। उनको अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किए जाने हेतु महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। महिला कल्याण विभाग से जिला बाल संरक्षण इकाई से विभव सिंह व अंजुम परवीन द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया की सरकार की मंशानुसार विभागीय योजनाओं के सफल संचालन हेतु जन-जन तक योजनाओं की जानकारी पहुंचना आवश्यक है। जिसके लिए क्षेत्र की आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, स्वयं सहायता समूह की महिलाए अहम भूमिका निभाती हैं। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना व विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कराने हेतु प्रयास किया जाना है।

# एनसीपी ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** एनसीपी ने बिसवां के ग्राम कुतुबपुर में हो रहे विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए खंड विकास अधिकारी बिसवां को ज्ञापन सौंपा है। एनसीपी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजकुमार मिश्रा आरोप है कि ग्राम पंचायत कुतुबपुर में होम पाईप खरीद के नाम पर दिनांक 3.8.2023 से 10.8.2023 तक 237139 रूपया का खर्च किए गए। लेकिन ग्राम पंचायत में कहीं भी पाइप नहीं डाला गया। आरोप लगाया कि गांव में न ही किसी नाली निर्माण कार्य हुआ न ही होम पाईप डाले गए हैं। जिला अधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के आदेश को तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी नहीं मानते हैं। मैजुददीन कैमहरा मे इस तरह भ्रष्टाचार किया गया। मिट्टी पटाई के नाम पर 50100 रूपया एक व्यक्ति के नाम निकाला गया है। रगाई पुताई के नाम पर 60025 रूपया हाट बाजार पुताई के नाम पर निकाला गया है। सीसी कैमरा के नाम पर 102000 निकाला गया। हैन्ड पम्प रिबोर के नाम पर दिनांक 20.6.2023 से 6.10.2023 तक 156970 रूपया निकाला गया है। लेकिन उन हैन्ड पम्प रिबोर की अनुमति किससे लिया गया और किस अधिकारी ने जांच किया और रिबोर की अनुमति दिया गया है, उसमें निकाला गया कबाड़ कितने का बेचा गया है और क्या कैस बुक में दर्ज किया गया है कि नहीं कैस बुक की जांच किया जाये ग्राम पंचायत सुखावा कला में इन्टर लाकिगं निर्माण कार्य कराया गया। वह भी मानकं विहीन है। एनसपी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जांच कर कार्रवाई नहीं की जाती। तब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा विकास खण्ड बिसवां में विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर श्रीपाल आदि मौजूद रहे।

# खैराबाद में आयोजित किया गया नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** महिलाओं को उचित सम्मान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया है। यही वजह से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा देश की महिलाओं के सम्मान में नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 पास किया। अधिनियम संसद में पास होने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करने के लिए खैराबाद में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, सांसद राजेश वर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख खैराबाद अजय विश्वकर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी, खैराबाद पालिकाध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता, जया सिंह खैराबाद भीड़। इस अवसर पर खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं में सबसे ज्यादा लाभ आज अगर किसी वर्ग को मिला है, तो वह महिला सशक्तिकरण को लेकर महिलाओं को दिया गया है। वो चाहे किसी भी जाति या धर्म की हो। ट्रिपल तलाक का मुद्दा रहा हो या फिर महिलाओं को आरक्षण यह सब सिर्फ मोदी सरकार में ही संभव हो पाया है। प्रदेश मंत्री ने अभिषेक गुप्ता की तारीफ करते हुए कहा कि यह वही खैराबाद है जहां के लोग कभी विकास से वंचित थे। आज भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार जो विकास कार्य कर रही है। उसकी आज यहां की महिलाएं तारीफ करती नजर आ रही हैं। इस मौके पर सांसद राजेश वर्मा ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए महिलाओं की पहले की स्थिति और आज की स्थिति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें जहां महिलाओं के साथ भेदभाव करने का कार्य करती थीं। वही आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा दी गई योजनाएं भारत की प्रत्येक महिला को पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर भारत के विकास की तरफ अग्रसर होने में अपनी भूमिका निभा रही है। मोदी सरकार के द्वारा दिया गया आरक्षण अब महिलाओं के लिए एक निश्चित भागीदारी तय करके भारत के उज्जवल भविष्य के लिए अग्रसर हो रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं जहां ईंधन के लिए लकड़ी का सहारा लेती थी आज उनको कम कीमत पर उज्ज्वला गैस योजना दी जा रही है।

चेयरमैन प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने अतिथियों को सम्मानित करते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया। अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में काफी संख्या महिलाएं इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची। इस मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, नीरज वर्मा, सत्येंद्र सिंह, विवेक विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# गाय के गोबर से बने दीपक तैयार अभियान से देश के 11 करोड़ परिवारों को जोड़ाः अंकित शुक्ला



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** इस दीपावली पर गोबर से बने दीपक ही जलाएं निवेदक राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने वातावरण शुद्ध रखने के लिए शुरू किया अभियान देश व प्रदेश में आगामी दीपावली को लेकर वातावरण की शुद्धता को बरकरार रखने के लिए गाय के गोबर से बने दीपक वितरित किए जाने के लिए तैयारी की जा रही है संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला के द्वारा इस साल पूरे देश में 11 करोड़ परिवारों को गोबर से बने दीयों के अभियान से जोड़ा जा रहा जिसके लिए रायबरेली में भी लोगों ने तैयारी कर ली है हर त्योहार पर गोबर से उत्पादों का उपयोग कर वातावरण शुद्धि के लिए प्रयास किए जा रहे है इस बार भी दीपावली पर गोबर से बने दीये जलाएं जाएंगे शहर में विभिन्न जगहों पर मिलेंगे गोबर से बने दीपक राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद के अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा गोबर से बने दीपकों के विक्रय के लिए 75 जिलों में विभिन्न जगहों पर काउंटर लगाएं जाएंगे जिसमें लागत मूल्य पर दीपक विक्रय किए जाएंगे। इससे पहले 50 जिले में रक्षाबंधन में गोबर से बनी राखियां का उपयोग किया गया था इसके साथ ही विभिन्न समाजों ने भी पहल करते हुए गोबर के कण्डों का उपयोग दाह संस्कार में शुरू किया गया है।

# इस बार दिवाली पर सेवा काशी के ग्रीन पटाखे बिखेरेंगे राजधानी में अपनी छटा

- काकोरी में बने गोदामों से प्रतिबंधित पटाखे गायब
- इन पटाखों में विस्फोट होने का खतरा नही

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इस बार दीपावली के अवसर पर पटाखा बाजार से प्रतिबंधित पटाखे गायब हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद इस बार दुकानदारों ने भी प्रतिबंधित पटाखे ना बेचने का संकल्प लिया है।

राजधानी में काकोरी क्षेत्र के अमेठिया सलेमपुर व बाजनगर गांव में मुख्य मार्केट में इस बार प्रतिबंधित पटाखे ना बिक कर सेवा काशी के ग्रीन पटाखे बेचे जा रहे हैं।यहां पर एक लगभग 35 से 40 गोदामों में इस समय पटाखों की बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही है।राजधानी में अलग-अलग क्षेत्रों में दीपावली को लगने वाली अस्थाई दुकानों के फुटकर दुकानदार यहीं से खरीदारी कर रहे हैं।लेकिन इस बार वहां पर बिकने वाले पटाखे विस्फोटक ना होकर साधारण पटाखे हैं।तमिलनाडु के सेवाकाशी में निर्मित ग्रीन क्रैकर्स पटाखे ही बेचे जा रहे हैं।इन पटाखों में विस्फोट होने का खतरा ना के बराबर है।क्योंकि इन पटाखों में विस्फोट बिना आग लगाए नहीं हो सकता है।जिला प्रशासन ने भी पिछली बार गोमती नदी में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन रोकने के बाद दीपावली पर ग्रीन क्रैकर्स पटाखे जलाने की वकालत शुरू की थी है।सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो इस बार परंपरागत पटाखों की अपेक्षा ग्रीन पटाखे लोगों की सेहत को खराब होने से बचाएंगे और पर्यावरण का ध्यान भी रखेंगे।अमेठिया सलेमपुर में स्थित पटाखा मार्केट के व्यापारी अशोक अखिलेश गुप्ता,इमरान अहमद ने बताया कि इस बार ग्रीन क्रैकर्स पटाखों का ही सभी लोग व्यापार कर रहें है। हम सभी दुकानदार यही प्रयास कर रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा ग्रीन क्रैकर्स पटाखे ही लोगों को उपलब्ध कराया जाए और लोगों से अपील की जा रही है कि वे यही पटाखे ही जलायें।

# कुकुरमुत्ते की तरह क्षेत्र में उपज रहे नर्सिंग होम पर स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी

- खुलेआम मानक की अनदेखी कर रहे मरीजो का दोहन

अवधनामा संवाददाता

**बलरामपुर।** जहां सरकार के द्वारा स्वास्थ्य सेवाओ को लेकर विभाग में बनाये गए नियमो के पालन को लेकर उनके गाइडलाइंस की बात की जाती है और उसके पालन को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा लगातार जांच और कार्यवाही के दावे किया जाता है लेकिन धरातल पर जो तस्वीरे दिखती है उससे सारे स्वास्थ्य महकमे के दावे फेल नजर आते है। जिससे यही साबित होता है कि जिले के अधिकारियों से लेकर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारीयो के दिखाने के और खाने के दांत और है और यह जांच और कार्यवाही सिर्फ कागजो तक ही सीमित रहती है। जिसका जीता जागता उदाहरण बिना किसी मानक और नियमो के जनपद से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक फैले अनियमित नर्सिंग होम और प्रसव केंद्र का बिना किसी मानक के खुलेआम संचालन का होना जंहा कही बिल्डिंग नही ,कही बेड नही कही चिकित्सा व्यवस्था नही तो अक्सर वैध चिकित्सक नही सिर्फ बोर्डो पर बड़े अक्षरों में कई बड़े और नामवर चिकित्सको के नाम लिखवा दूकान चमकाया जा रहा जबकि नियम बहुत कुछ कहते है लेकिन उनका



पालन करवाने में जिले का स्वास्थ्य विभाग फेल नजर आ रहा वही कमीशन के खेल में चिकित्सा से लेकर जांच और दवा के नाम नर्सिंगहोम संचालक मरीजो की जेब काटते नजर आते है और मरीजो के परिजन इलाज को लेकर क्या गिरवी रख, बेच कर इलाज करवाने को मजबूर होते देखे जा रहे लेकिन स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है और इसी क्रम में हम बात करते हैं स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार की जहां पर देखा जा रहा है कि जनपद बलरामपुर के तहसीलों में स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही की बात की जाय तो अक्सर सूचना देने के बाद भी कार्यवाही न करने के साथ उनसे हफ्ते बाजी की बात का खुलासा होता है लेकिन दहशत का आलम तो यह कि बिल्ली के गले घण्टा कौन बंधे की कहावत चरितार्थ होती है हर कोई बात तो करता हक़ी लेकिन जब कैमरे पर आने की बात होती है सब मौन हो जाते है जबकि सूत्र बहुत कुछ बताते है। जबकि विभाग के जिम्मेदार ऐसे लोगो पर कार्रवाई न कर सिर्फ विभाग के उच्च अधिकारियों को भृमित करने का खेल करते नजर आरहे बाकी कागजो में यहां का मौसम गुलाबी है। जबकि स्वास्थ विभाग लगातार नियमो व मानक का पालन करवाया जा रहा है के दावे करता है जिसपर बड़ा सवाल यह उठता है अगर नियमो और शासनादेश का पालन अगर हो रहा तो फिर मानक विहीन नर्सिंग केंद्र कैसे और किसके संरक्षण से संचालित हो रहे और अगर जिले में संचालित नर्सिंगहोम मानक का पालन कर रहे तो मानक विहीन कितने और उनपर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने क्या कार्यवाही की है। जिसमे जूड़ी कुइयां अकबर निश पाली क्लीनिक राहत जहां क्षेत्र के तमाम नर्सिंग व प्रसव केंद्र शामिल है संवाददाता ने डॉक्टर जयप्रकाश से पूछा राहत जहां जब मैं जाता हूं बंद करके भाग जाती है।

## श्रीमद्भागवत कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज क्षेत्र के अगया में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन रविवार की रात अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक कामेश्वर शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा सुनने का महत्व बताया। साथ ही सभी श्रद्धालुओं से जीवन में कम से कम एक बार श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का आह्वान किया। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जीवन के सत्य का ज्ञान कराने के साथ ही धर्म और अधर्म के बीच के फर्क को बताती है। कथा श्रवण से मानव जीवन धन्य हो जाता है। श्रीमद्भागवत कथा में जीवन का सार छिपा है। यह प्रेम और करुणा की महत्ता समझाती है। भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता है वह हर किसी में बसता है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। जहां पर बताया जाता है कि भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। इस दौरान सुरेन्द्र मोहन पाण्डेय, आरती पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, धर्मेंद्र पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, राम जियावन यादव आदि मौजूद रहे।

## अब सिग्नल लाइट के इशारे पर चलेगी ट्रैफिक व्यवस्था



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जनपद मुख्यालय उरई की ट्रैफिक ब्यवस्था महानगरों की तर्ज पर संचालित होगी। उरई शहर के प्रमुख चौराहों में तीन सिग्नल लाइट ब्यवस्था जल्द ही शुरू हो जायेगी। इसके बाद में अन्य चौराहों पर यह ब्यवस्था शुरू होगी। शहर के जाम से निपटने के लिए शहर नवम्बर यातायात माह के पहले सप्ताह में महानगरों की तर्ज पर सिग्नल लाइट सिस्टम शुरू हो जायेगा। जिससे की लोगों को जाम की समस्या से कुछ हद तक राहत मिल जायेगी। अगर लोगों ने सिग्नल तोड़ा तो उसकी जुर्माना भी उसी को भुगतना पड़ेगा उसकी फोटो भी चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों में आ जायेगी तथा चालान भी हो जायेगा। शहर सिग्नल लाइट प्रणाली का काम तेजी के साथ चल रहा है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर संजय सिंह का कहना है कि पहले चरण में शहर भगतसिंह चौराहा, जिला परिषद के अलावा अम्बेडकर चौराहा पर लाइट सिस्टम लगा दी जायेगी।

## डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एव पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जेल में मासिक सुरक्षा ऑडिट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में श्रम करने वाले 19 बंदियों को रु 3,63,600.00 के पारिश्रमिक के चेक वितरित किए। अस्पताल, बैरकों का निरीक्षण किया किसी भी बंदी ने किसी प्रकार की कोई शिकायत नही की गई ।एक बंदी की आज तबियत खराब होने पर जिला अस्पताल सीटी स्कैन के लिए भेजा जाना था पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा तत्काल निरीक्षण के दौरान ही पुलिस गार्ड उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए। तत्काल बंदी जय सिंह को सीटी स्कैन कराने के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। नारी बंदी वास का भी निरीक्षण किया महिला बंदियों द्वारा सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण के अंतर्गत बनाए जा रहे बच्चों के कपड़ा, बैग इत्यादि को देखा और उक्त कार्य की प्रशंसा की गई।

## मतदाता जागरूकता की सपथ दिलाई गई

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा क्षेत्र फर्रुखाबाद के तहत मान्यवर कांशीराम डिग्री कॉलेज निनौआ में प्राचार्या स्नेह शालिनी, स्वीप कॉर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा और ब्लॉक स्काउट मास्टर जितेंद्र सिंह की उपस्थिति में कुमारी पूजा, मेहराज अहमद, सुमित कुमार, मयंक सागर और सूर्यकांत को कैंपस एंबेसेडर नामित किया गया। अनुपम अवस्थी को नोडल शिक्षक नियुक्त किया गया तथा सभी को मतदाता सपथ भी दिलाई गई। वहीं दूसरी ओर विधानसभा क्षेत्र भोजपुरी के एस डी इंटर कॉलेज पाहला में ब्लॉक स्काउट मास्टर भुवनेश भदोरिया के नेतृत्व में मतदाता साक्षरता क्लब का गठन करते हुए उपस्थित सभी विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गई।

# ओडीएफ घोषित गांव में शौचालय के नाम पर 12 लाख रुपए डकार गए जिम्मेदार

- जांच में घोटाले की पुष्टि होने के बावजूद अब तक नहीं हुई कार्रवाई
- फाजिलनगर ब्लॉक के गांव परसौनी का मामला

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** सूबे की योगी सरकार में मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण में लाखो रुपए के घोटाले की पुष्टि के बावजूद दोषियों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नही किया है, जो अपने आप सवाल है।

मजे की बात यह है कि सरकारी मशीनरी सिर्फ सरकारी अभिलेखों में शौचालय निर्माण कराकर न सिर्फ लाखो रुपए डकार गए बल्कि गांव को ओडीएफ भी घोषित कर दिया है। शौचालय घोटाले का यह खेल फाजिलनगर विकास खण्ड के परसौनी गांव में तत्कालीन ग्राम प्रधान व सचिव के साथ साथ जिम्मेदार अधिकारियों के मिली भगत से हुई है। इस गांव में 12 लाख रुपए से अधिक का शौचालय कागजों में बनवाकर धन हजम कर लिया गया है। जांच में पुष्टि भी हो गई है, लेकिन दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने से जिम्मेदार कतरा रहे है। फाजिलनगर ब्लॉक के परसौनी गांव के निवासी श्रीकांत सिंह के अगुवाई में गांव के तकरीबन डेढ दर्जन से अधिक लोगो ने शपथ पत्र के साथ तत्कालीन जिलाधिकारी को पत्र देकर वर्ष 2017 से 2020 तक गांव में बने शौचालयों में धांधली की जांच कराने की मांग की थी। इसको गंभीरता से लेते हुए डीएम ने अपर जिला कृषि अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट प्रेषित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर बीते जनवरी माह में जांच करने पहुंच अपर जिला कृषि अधिकारी राकेश पाण्डेय ने डोर टू डोर जाकर स्वच्छता अभियान के तहत सरकारी धन से बने शौचालयों की जांच की। जांच के दरम्यान 316 में महज 102 शौचालय धरातल पर निर्मित पाए गए। शेष शौचालयों का कही अता-पता नही था लेकिन उन सभी शौचालयों का पैसा निकालकर डकार लिया गया है। जांच के दौरान गांव के पचास लोग मौके पर नही मिले। ग्रामीणों का कहना है कि जांच के दिन जो लोग नही मिले उनके घर भी शौचालय नही बने थे लेकिन उन सभी के नाम पर शौचालय निर्माण की धनराशि निकाल ली गई है। मौजूदा ग्राम प्रधान भी शौचालय में हुए घोटाले की बात स्वीकार करते है।

प्रधान समेत ग्रामीणों का कहना है कि योगी सरकार में दोषियों के खिलाफ अब कार्रवाई नही होना न सिर्फ अपने आप में सवाल है बल्कि यह साबित भी करता है कि भ्रष्टाचार की जड़ कितना मजबूत है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि घोटाले के इस खेल में ग्राम प्रधान, सेक्रेटरी व जिम्मेदार व उच्च अधिकारी शामिल है इस लिए मामला ठंडे बस्ते में पडा है।

### पीएम मोदी का है ड्रीम प्रोजेक्ट

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत शौचालय निर्माण पीएम नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट मे शुमार है। पीएम मोदी ने 2 अक्टूबर - 2014 को स्वच्छ भारत मिशन नींव रख पूरे देश को खुले मे शौच मुक्त का संकल्प दोहराया था। इसके लिए भारत सरकार ने बकायदे गाइडलाइन भी जारी किया है इसके बावजूद सीएम योगी के गृह जनपद से सटे कुशीनगर जनपद मे भ्रष्ट जनप्रतिनिधि व अधिकारी पीएम मोदी के सपने पर पानी फेर रहे है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 को

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** प्रभारी सचिव/ न्यायाधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 09.12.2023 रविवार को प्रातः 10 बजे से जनपद की समस्त दीवानी न्यायालयों में किया जायेगा। माननीय जनपद न्यायाधीश श्री लल्लू सिंह के दिशा-निर्देशन में इस राष्ट्रीय लोकअदालत में दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक/दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों/मुकदमा, लघु एवं शमनीय आपराधिक वाद और धारा 138 एन0आई0एक्ट के अन्तर्गत चैक बाउन्स के मामले नियत किये जायेंगे। इनका निस्तारण परस्पर सुलह-समझौते अथवा जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर किया जायेगा।

प्री-लिटिगेशन स्कीम के अन्तर्गत मोबाइल/टेलीफोन के बकाया बिल और विभिन्न बैंकों के ऐसे बकायेदारों के मामले भी नियत किये जायेंगे, जिन्होंने कई वर्षो के बाद भी बकाया बिल या बैंक ऋण जमा नहीं किया है। ऐसे बकायेदारों को इस अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए और इस राष्ट्रीय लोकअदालत में उपस्थित होना चाहिए, जिसका आयोजन सभी के हितों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है।

समस्त वादकारियों से अपील की जाती है कि लम्बित दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक/दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों/मुकदमों में सुलह-समझौता करने के इच्छुक व्यक्ति/ संबंधित पक्ष समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठायें। इसमें किसी प्रकार की समस्या होने पर वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

# भाजपाइयों ने मनाया भारत की जीत का जश्न



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आईसीसी वर्ल्डकप 2023 में इंग्लैंड को हराकर भारतीय क्रिकेट टीम के अभूतपूर्व जीत पर भाजपा किसान मोर्चा नगर मण्डल के द्वारा स्वर्गीय रविन्द्र किशोर शाही स्टेडियम में क्रिकेट के खिलाड़ियों के साथ भारत की जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को हराकर अपनी वर्ल्ड कप 2023 में जीत का सिलसिला बरकरार रखा है, जिससे सभी भारतवासियों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिये अभूतपूर्व प्रयास किया है, जिससे खेल के सभी क्षेत्रों में भारतीय खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजनारायण प्रसाद ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रोत्साहन से उनको अच्छा खेलने की प्रेरणा मिलती है, सरकार खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिये उनको बेहतर सुविधाएं मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा भारत वर्ल्ड कप में अपनी जीत अवश्य दर्ज करेगा। इस अवसर पर उपस्थित क्रिकेट खिलाड़ियों ने भारत माता की जय और भारतीय क्रिकेट टीम जिन्दाबाद के नारे लगाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भारत की जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्रिकेट कोच अवधेश प्रसाद, अम्बिकेश पाण्डेय, प्रभाकर तिवारी, रमेश कुमार, डॉ विनोद पाण्डेय, सुनील कुमार यादव, राकेश सिंह, सुरेश मौर्य, राहुल, नित्यानंद पाण्डेय उपस्थित रहे।

# माँ सरस्वती देवी की पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी व सम्मान समारोह संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** अद्वितीय प्रतिभा के धनी उपेन्द्र बाजपेयी द्वारा अपनी माता जी की पावन स्मृति व साहित्यकार ओम निशचल के स्वागत एवं सम्मान में जानकी पुरम, लखनऊ में एक काव्य गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ओम निशचल, विशिष्ट अतिथि डॉ अजय प्रसून व डॉ दिनेश चन्द अवस्थी अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती व स्व. श्रीमती सरस्वती देवी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन, वरिष्ठ कवि साहित्यकार घनानंद पाण्डेय मेघ की सुमधुर वाणी वन्दना एवं राजीव वत्सल के कुशल संचालन से हुआ। डॉ अशोक शर्मा, पण्डित बेअदब लखनवी, सुश्री मंजू सक्सेना, उमेश प्रकाश, पूनम अद्वितीय, डॉ आनन्द वर्धन द्विवेदी, रश्मि लहर, डॉ मंसूर हसन खां, पत्रकार, कारटूनिष्ट व शायर कवि माधव बाजपेयी, अनूप श्रीवास्तव, सत्येन श्रीवास्तव, जितेंद्र मिश्र भास्वर, श्यामल मजूमदार, सुनील तिवारी, शरद मिश्र सिन्धु, शरद सिंह शरद सहित मंचासीन अतिथियों ने अपनी समृद्ध रचनाओं से गोष्ठी को एक नया आयाम प्रदान किया। समस्त साहित्यकारों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।

# निर्वाचक नामावली, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम के अनुसार तैयार

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, उप जिलाधिकारी करहल ने बताया कि निर्वाचक नामावली, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम के अनुसार तैयार हो चुकी है, जिसकी एक प्रति कार्यालय एवं सम्बन्धित मतदेय स्थल के पदाभिहीत अधिकारी, बूथ लेवल अधिकारी के पास निरीक्षण हेतु उपलब्ध है, यदि निर्वाचक नामावली के तैयार किये जाने की अर्हक तिथि 01.01.2024 के सन्दर्भ में, नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किये जाने के लिए कोई दावा या किसी नाम के सम्मिलित किये जाने के लिए कोई आक्षेप किया जाता है या किसी प्रविष्टि की विशिष्टियों के बावत कोई आक्षेप हो तो वह 09 दिसम्बर 2023 तक या उससे पूर्व प्रारूप-6, 6बी, 7, 8 में से जो समुचित हो उस प्रारूप में कार्यालय में या सम्बन्धित मतदान केन्द्र पर नियुक्त पदाभिहीत अधिकारी के समक्ष दाखिल किया जा सकता है।

## अनियंत्रित बाइक सवार साइकिल से टकराया

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के अजीजनगर चौराहे पर सोमवार की देर शाम एक अनियंत्रित बाइक सवार एक साइकिल सवार से टकरा गया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को सीएचसी मथौली भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पकड़ी मदरहां गांव निवाड़ी जयपाल शर्मा पुत्र भगवान उम्र 43 वर्ष साइकिल से घर जा रहे थे कि रामकोला थाना क्षेत्र के महुआडीह निवासी विशाल चौधरी पुत्र संजय चौधरी बाइक से हाटा के तरफ से घर जा रहा था कि अजीजनगर चौराहे पर अनियंत्रित होकर साइकिल सवार से टकरा गया। इस दौरान दोनों को गंभीर रूप से चोट लग गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस सीएचसी मथौली भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस बाइक व साइकिल को कब्जे में ले लिया।

## सूचना

मैं महमूद हसन पुत्र जिन्दा हसन निवासी उपवन विहार निकट गैस गोदाम बेहट रोड सहारनपुर एक वृद्ध बीमार सीनीयर सिटीजन हूं मेरी पत्नि बीमार है मेरा पुत्र जैद पुत्र वधु फिरदौस आपस में अक्सर लडाई झगडा करते है समझाने पर हमें गाली गुफतार करते हैं रोज़ रोज़ के झगड़ो से तंग आकर पुत्र जैद वा पुत्र वधु को 2021 मे मैंने अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था सूचित करता हूं कि उनसे सभी संबंध खत्म कर रक्खे हैं दोनों किसी भी कृत्य हेतु खुद ज़िम्मेदार होंगें।

## न्यायालय सूचना

दीवानी कोर्ट परिसर स्थित 01 कैन्टीन (नाश्ता चाय), साईकिल स्टैंड, फोटोस्टेट शाप नं. 01 और नं. 2 वा पान की शाप नं.01 और नं. 02 एवं 1 रेहड़ी दाल मौठ की नीलामी वित्तीय वर्ष 2023/2024 की शेष बची अवधि हेतु दि. 04.11.2023 सांय 04:30 बजे न्यायालय स्थित ए.डी.आर. भवन मे होगी। इच्छुक बोलीदाता नियम, शर्ते, स्थान ओर समय आदि की जानकारी नज़ारत विभाग सहारनपुर से ले सकते हैं।

**(प्रकाश तिवारी) अध्यक्ष/ नीलाम समिति. विशेष न्यायाधीश (एस.सी./ एस.टी.एक्ट) सहारनपुर**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरोज मोहन पत्नी संजय मोहन, निवासिनी-8/144, इंदिरा नगर, लखनऊ की निवासी हूं। मेरे पति संजय मोहन की मानसिक स्थिति व स्वास्थ्य ठीक नहीं है जिस कारण यदि किसी से मेरे पति से कोई लेनदेन करते है, कोई लिखा पढ़ी करते है या कोई अपराध करते हैं तो उस कृत्य के लिए मैं स्वयं व मेरे परिवार का कोई भी जिम्मेदार नहीं होगा।

**सरोज मोहन**
**निवासिनी-8/144, इंदिरा नगर, लखनऊ**

# समाज को खंडित कर राजनीति करने वाले लोग हैं सनातन विरोधी: स्वामी आलोकानंद



- सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य को शास्त्री ने दी नसीहत
- कहा राजनीति छोड़ उन्हे करना चाहिए प्रवचन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के बयारा में श्रीराम कथा समापन कर बहेरिया में प्रधान दिलीप पाण्डेय के आवास पर अंतराष्ट्रीय कथावाचक स्वामी आलोकानंद शास्त्री ने प्रेसवार्ता के जरिए हिन्दू समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया और साथ ही समाज को जाति व संप्रदाय में बांटकर राजनीति करने वाले लोगों से सावधान रहने की अपील की है।

पत्रकार वार्ता के दौरान स्वामी आलोकानंद शास्त्री ने कहा कि आज के दौर में निजी स्वार्थ सिद्ध करने के लिए सनातन धर्म पर अनायास टिप्पणी कर रहे हैं, जो कि बेहद निंदनीय है। एक सवाल के जबाब में कथावाचक ने कहा कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे लोग समाज में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। सपा नेता विवादित टिप्पणी कर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने में जुटे हैं। उन्हें यदि यही करना है तो राजनीति छोड़, प्रवचन कर अपने व्यक्तिगत धर्म के बारे में बताना चाहिए। कथावाचक ने हिन्दू समाज के लोगों से नफरती नेताओं से सावधान रहने की अपील की है। वहीं आगामी जनवरी माह में अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम व उद्घाटन समारोह को लेकर कथावाचक स्वामी आलोकानंद शास्त्री ने कहा कि यह सैकड़ों वर्षो के संघर्ष का परिणाम है। हम सभी सौभाग्यशाली है कि विभिन्न माध्यमों से ऐसे गौरवशाली पल के साक्षी बनेंगे।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सकारात्मक पहल से सनातन धर्मावलंबियों व सभी देशवासियों का सपना साकार हुआ है। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष डुमरियागंज दिलीप पाण्डेय, डिंपू पाण्डेय, उमेश सैनी, वीरेन्द्र दूबे आदि मौजूद रहे।

# गुड हेल्थ केयर सोसायटी के द्वारा लगाया गया निशुल्क मेडिकल कैंप



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सोसायटी के अध्यक्ष निदा का कहना है कि हमारा मक्सद कैंप लगा कर जनता को दिखाना नहीं है कि हम मुफ्त दवा वितरण कर रहे हैं। बल्कि असली मक्सद ये है जो लोग ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे हैं और गंभीर बीमारी का सामना भी कर रहे हैं पैसा न होने की वजह से पेन किलर खा कर दर्द को दबाते हैं ऐसे मरीज के बाद प्रतिरोध हो जाता है। उनकी चेकअप की व्यवस्था को आसान करके उनको बेहतर इलाज के लिए कैंप लगवाकर बेहतर डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। अब तक कैंप में उनकी टीम को ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण के मरीज बहुत मिले चेकअप ना होने की वजह पैसा ना होनापर काम करना इनके सबके बिना अधूरा था। हां चेकअप महंगा होना उनको भी फ्री चेकअप की सुविधा बाताई सरकारी योजना का कैसे लाभ ले सकती हैं ये बताना और अगले इलाज के लिए उन्हें सहयोग करना चाहिए, अगर वह बीमार दवा खा खा कर फिर से हो रही है, तो उसका कारण जानकर बेहतर स्वास्थ्य देना अच्छा है।गुड हेल्थ केयर सोसायटी के क्या मक्सद को पूरा करने में काफी डॉक्टर शामिल हैं (संकल्प आरोग्य मिशन) हम उनको मरीज के लिए ले आए हैं जो पैसे की कमी से छोटी बीमारी को बड़ी बीमारी में तब्दील कर देते हैं। अध्यक्ष निदा फातिमा का कहना है उनकी टीम के डॉक्टर डॉ. गुफरान डॉ. ओम प्रकाश वर्मा डॉ. अकमल डॉ. आशिफा डॉ. ज्योति डॉ. अभिनव सर और टीम को सहयोग करें रिजवान अहमद खान शादाब जी मेहदीहा का दिल से धन्यवाद किया कि बहुत बड़े पैइमाने पर काम करना इनके सबके बिना अधूरा था।

# सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस 31 अक्टूबर, 2023 को शासन द्वारा ÷राष्ट्रीय अखण्डता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उक्त दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए नोडल अधिकारी नामित किया गया है तथा उन्हें निर्देशित किया गया है कि पृथक-पृथक कार्यक्रमों को अपने स्तर से प्राथमिकता के आधार पर आयोजन कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होगी। 31 अक्टूबर को प्रातः 08 बजे से प्राइमरी विद्यालय के छात्रों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में प्रभातफेरी का आयोजन तथा माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों की रैली निकाली जाएगी। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। 09 बजे से लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता दिवस पर समस्त विद्यालयों के छात्रों के ÷स्लोगन÷ का संकलन किया जायेगा, जिसके लिए जिला क्रीड़ा अधिकारी को नोडल नामित किया गया है। दोपहर 12 बजे से जिला संयुक्त चिकित्सालय में जिलाधिकारी द्वारा मरीजों को फल वितरण किया जाएगा, जिसके लिए संयुक्त सेवी संस्था/जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। अपराह्न 01 बजे से वृद्ध एवं कुष्ठ आश्रम में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा भोजन वितरण किया जाएगा, जिसके लिए स्वयं सेवी संस्था/जिला समाज कल्याण अधिकारी को नोडल नामित किया गया है। 2 बजे से भाषण प्रतियोगिता ( विषय- सरदार बल्लभ भाई पटेल का व्यक्तित्व एवं कृतित्व ) का आयोजन किया जाएगा।

# ऐतिहासिक देवा मेला शुरू, डीएम की धर्मपत्नी के हाथों हुआ आगाज

**फीता काटा कबूतर व गुब्बारे उड़ाए बैंड बाजे की गूंजी धुन**

*अवधनामा संवाददाता*



**देवा बाराबंकी।** देवा शरीफ की धरती पर सैय्यद कुर्बान अली शाह की याद में लगने वाले देवा मेला का आगाज आज हो गया। जिलाधिकारी की धर्मपत्नी डॉ सुप्रिया ने शेख मोहम्मद हसन गेट पर फीता काटकर मेला का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने शांति के प्रतीक कबूतर व गुब्बारा भी आसमान में छोड़े। बैंड बाजे व शहनाई की धुन ने इस आयोजन में चार चांद लगा दिए।

बताते चलें कि देवा मेला नारी सशक्तीकरण की भी मिसाल है। इसके शुभारंभ की बागडोर डीएम की धर्मपत्नी के हाथ में रहती है, वहीं समापन एसपी की पत्नी के हाथों होगा। मेला परिसर में बना शेख मोहम्मद हसन गेट दशकों से हाजी वारिस अली शाह द्वारा महिलाओं को तरजीह दिए जाने का साक्षी बना है।

सूफी संत हाजी वारिस अली शाह ने समाज को एकेश्वरवाद और परस्पर सौहार्द का संदेश दिया। हाजी वारिस अली शाह महिलाओं को तरजीह के हिमायती थे। इसी से उनके वालिद के मेले का शुभारंभ आज भी परंपरानुसार जिले के कलेक्टर और समापन कप्तान की पत्नी के हाथों होता है। शहनाइयों, बैंड-बाजे और आतिशबाजी के बीच शेख मोहम्मद हसन गेट पर फीता काटकर मेले का आगाज होता है। शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाकर दुनिया को अमन का संदेश दिया जाता है। अपने निर्माण काल से शेख मोहम्मद हसन गेट मेले की पहचान बन चुका है। वहीं, कार्तिक उर्स में दादा मियां का कुल शरीफ भी सुहागिन महिलाओं के सबसे बड़े पर्व करवाचौथ को होता है।

# मतदाता को चुनाव की जानकारी, उनकी प्रतिभागिता बढ़ाना हमारा संकल्पः स्वीप ओपी त्रिपाठी

**बाराबंकी।** प्रत्येक अर्ह नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने के लिए फॉर्म 6 के माध्यम से अपना पंजीकरण कराने अथवा ऑनलाइन आवेदन कराने के लिए प्रेरित करने का दायित्व सभी संस्था प्रधान को लेना होगा।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत 27 अक्टूबर को प्रारम्भ विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में पूर्व से पंजीकृत सभी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में चेक कर लें। इस गतिविधि को मैं हूँ न नाम निर्वाचन आयोग द्वारा दिया गया है। स्वीप के माध्यम से मतदाताओं को चुनाव के सम्बंध में शिक्षित करना और उनकी प्रतिभागिता बढ़ाना हमारा संकल्प है।

यह बात जिला विद्यालय निरीक्षक नोडल अधिकारी स्वीप ओपी त्रिपाठी ने स्वीप के माध्यम से नवीन मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने के लिए आहूत महाविद्यालय फार्मेसी कालेज, आई टी आई, इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य गणों की जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कालेज में आयोजित बैठक में व्यक्त किये।

बैठक में निर्वाचक साक्षरता क्लब के नोडल आशीष पाठक ने विस्तार से ऑनलाइन तथा ऑफलाइन तरीके से मतदाता के रूप में पंजीकरण के तरीके पर जानकारी प्रदान की तथा इएलसी के द्वारा महाविद्यालयों में मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन के सम्बंध में भी जानकारी प्रदान दी। स्वीप कोऑर्डिनेटर अरविन्द पाण्डे ने सभी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए विशेष प्रयास करने की बात कही। बैठक में जवाहरलाल पीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर सीताराम सिंह ने आये हुए सभी प्राचार्य गणों तथा जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रति आभार ज्ञापित किया। बैठक में लगभग 40 महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# भारत के लिए नारी शक्ति वन्दन अधिनियम ऐतिहासिक कालखंडः रामप्रताप

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** विधानसभा क्षेत्र जैदपुर के अंतर्गत सफदरगंज में आयोजित नारी शक्ति वन्दन सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा राम प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राम प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वन्दन अधिनियम 2023 संसद में पास हुआ है। इसके लिए हम सभी प्रधानमन्त्री का आभार व्यक्त करते है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मतदान करने वाले सभी सांसद साधुवाद के पात्र हैं। लोकतांत्रिक यात्रा में निर्णायक क्षण है। 140 करोड़ नागरिकों के लिए ऐतिहासिक कालखंड है। यह केवल कानून उन अनगिनत महिलाओं का सम्मान है, जिन्होंने देश को बनाया। यह उनकी आवाज अधिक प्रभावी तरीके से सुना जाना सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता में ऐतिहासिक कदम है।

सम्मेलन में सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत के संसदीय इतिहास में सर्वसम्मति का एक अद्भुत सिद्ध विनायक क्षण है, जिसका मैं खुद साक्षी हूँ नारी शक्ति वंदन अधिनियम श्री गणेश नए संसद भवन से हुआ है। देश की लगभग आधी आबादी को विधायिका में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी पर राय से मोहर लग गई। कार्यक्रम को राज्यमंत्री सतीश शर्मा तथा जिलाध्यक्ष भाजपा अरविन्द मौर्या ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रामेश्वरी द्विवेदी ने किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रचना श्रीवास्तव, क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य अलका मिश्रा, जिला महामंत्री गुरु शरण लोधी, संदीप गुप्ता, नीतू रावत, रजनी सिंह, सरिता सिंह,संजय अवस्थी, प्रवीण सिंह, अरुण वर्मा, केवल प्रसाद, शशि गुप्ता, आशुतोष अवस्थी, सोमनाथ राजपूत, राजेश वर्मा, भाजपा नेता नवीन सिंह, अजित सिंह, जंग बहादुर पटेल, निजी सचिव दिनेश चन्द्र रावत सहित सैकड़ो की संख्या में महिला शक्ति उपस्थित रही।

## ट्रक की टक्कर से पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, तीन लोगों की मौत

**रामनगर बाराबंकी।** बहराइच मार्ग पर चौकाघाट के पास डंपर ने आगे जा रही ट्रैक्टर-ट्राली को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद असंतुलित ट्रैक्टर- ट्राली पलट गई। तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-टाली के नीचे कुछ लोगो को दबे देखा। इनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से नीचे फ़सकर गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बाहर निकाला। इसमें एक की पहले ही मौत हो चुकी थी। जबकि दो घायलों ने जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड दिया। तीन लोगों की मौत से मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार रविवार की रात को जरवल में सामान को गिराकर मजदूरों को लेकर ट्रैक्टर-ट्राली वापस लौट रही थी। ट्रैक्टर-ट्राली चौकाघाट के समीप पहुंची ही थी कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर।

# एसएसपी ने दीप प्रज्वलित कर किया सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भ्रष्टाचार का विरोध करें,राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे की थीम को लेकर लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर सतर्कता अधिष्ठान के अयोध्या सेक्टर ने डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सन्त कबीर सभागार में एक जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएसपी आरके नैय्यर ने दीप प्रज्वलित कर किया। एसपी सतर्कता अधिष्ठान रमेश भारतीय ने सभी अतिथियों को पौध भेंट कर स्वागत किया।जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसएसपी आरके नैय्यर ने कहा कि भ्रष्टाचार आज एक घुन की तरह समाज को खोखला कर रहा है। उससे लड़ने की जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक वर्ग की है। कार्यक्रम के आयोजक एसपी विजलेंस ने विभाग की संरचना और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में बताते हुए कहा कि इस जनसंवाद का उद्देश्य जनता तक विभाग को पहुंचाना है। जिससे किसी भी तरह के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने जनसामान्य से विजिलेंस विभाग के साथ जुड़कर किसी भी लोकसेवक द्वारा घूस मांगे जाने पर उसकी शिकायत हेल्पलाइन नम्बर 9454401866 पर करते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया।

# प्रमाण पत्र वितरण के साथ तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर का समापन

*अवधनामा संवाददाता*



**मसौली बाराबंकी।** वीणा सुधाकर महाविद्यालय मे चल रहे तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर का समापन सोमवार को प्रतिभागी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए किया गया।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सचिव रामू मौर्य ने प्रतिभागियों को आशीष वचन देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

सर्वधर्म प्रार्थना सभा के साथ शुरु हुए कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला सचिव रामू मौर्य ने कहा कि शिविर के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होता है। उसमें देश के लिए सेवाभाव भी जाग्रत होता है। यहां से जाने के बाद प्रत्येक रोवर्स रेंजर्स का दायित्व बनता है कि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करे. उन्होंने सभी से एक अच्छे स्काउट गाइड बनने की अपील की तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। डा0 राम कुमार गिरि ने रोवर्स रेंजर्स के कर्तव्यो का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि रोवर्स रेंजर्स विषम परिस्थितियों में प्रकृति के साथ जीने की सीख देता है। प्रशिक्षण से बच्चों की शारीरिक, मानसिक विकास होता है। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलराम वर्मा ने बच्चों के नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। शिविर के प्रशिक्षक अंकित उपाध्याय व रेंजर्स प्रभारी डॉ. सत्यदेव सिंह ने केशरी मिश्रा ने बच्चों के आत्म नियंत्रण के साथ-साथ सामाजिक नियंत्रण का पाठ पढ़ाया। इस दौरान गाठ बंधन, पुल निर्माण, टेंट निर्माण के टिप्स दिए गए।

इस मौके पर दिनेश कुमार सिंह गुलाम नबी, डा0 सुरेश वर्मा, जितेंद्र कुमार, श्रीमती वंदना, संतोष कुमार, मंजूलता, नीरज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## अयोध्या में दीपोत्सव पर इस बार निकलेंगी 11 झाकियां

**अयोध्या।** योगी सरकार द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम की सारी तैयारी हो चुकी है। यहां निकलने वाली पारंपरिक शोभायात्रा की तैयारी तेजी से हो रही है। दीपोत्सव के दिन साकेत महाविद्यालय से शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए नया घाट चौराहे तक जाएगी। इस बार यहां 11 झाकियां निकाली जाएंगी। भगवान राम के जन्मकाल से लेकर राज्याभिषेक तक की यात्रा इन झांकियों के माध्यम से प्रदर्शित की जाएंगी।

दीपोत्सव में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रामायण कालीन शिक्षा पर आधारित सामाजिक संदेश देने वाली झांकी होगी। नगर भ्रमण करने वाली झांकियों से संबंधित कलाकार 11 रथ पर सवार होंगे, जो अपनी कला के जरिये रामायण कालीन दृश्यों को जीवंत करेंगे।

अयोध्या से 11 ट्रकों की झांकियां निकलेगी। जिसमें पुत्रेष्ठि यज्ञ एवं सबको सुरक्षा, भयमुक्त समाज, गुरूकुल शिक्षा एवं बच्चों का अधिकार, बेसिक शिक्षा, राम सीता विवाह एवं बेटियों के विवाह हेतु सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्था, अहिल्या उद्धार एवं मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालम्बन, 1090 एवं 1076 की सुविधा, पंचवटी/वन एवं पर्यावरण, रामेश्वरम सेतु एवं उप्र में पुलों का निर्माण, पुष्पक विमान एवं विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी, बेहतर वायु कनेक्टिविटी, केवट प्रसंग एवं समाज कल्याण, राम दरबार एवं बेहतर कानून व्यवस्था, शबरी-राम मिलाप एवं महिला कल्याण, लंका दहन एवं अपराधियों एवं भूमाफियाओं के विरूद्ध अभियान की झांकियां होगी।

8 नवंबर को होगा आयोजन

झांकियों से जुड़ा आयोजन 8 नवंबर को होगा। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल का यह दूसरा दीपोत्सव है, जिसे भव्य और दिव्य बनाने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। करीब 21 लाख दीप जलाकर राम की पैड़ी पर फिर विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

# पूर्व मंत्री ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने नीलम निषाद कप्तान गुप्तारघाट, तृप्ति सदर बाजार तथा अदबिया बानो धारा रोड राठहवेली को किया सम्मानित।इण्डो श्रीलंका टेनिस बॉल क्रिकेट सीरीज में भारतीय टीम ने श्रीलंका की टीम को हराकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया ,देश की टीम की ओर से खेलते हुए अयोध्या उत्तर प्रदेश की नीलम निषाद कप्तान गुप्तारघाट, तृप्ति सदर बाजार तथा अदबिया बानो धारा रोड राठहवेली ने भारतीय टीम को 3-0 से सीरीज को जिताने तथा देश को गौरवान्वित करने का कार्य किया,पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम ने सभी खिलाड़ियों को बुके देकर सम्मानित किया, इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा कि जिस तरह अयोध्या विधानसभा की बेटियों ने देश का नाम रोशन किया है आज गर्व है इनपर लेकिन मौजूदा सरकार इन खिलाड़ियों पर ध्यान नहीं दे रही है आज खिलाड़ी अपने खर्चे पर खेल रहे है सरकार की तरफ से कोई सुविधा इनको नही मिल रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि श्रीलंका जाकर देश का नाम रोशन करने वाली सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और सरकार से इन्हे खेल संबंधित सभी सुविधा देने की मांग करता हूं, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ का नारा देने वाली सरकार आज बेटियो के प्रति संवेदनहीन हो गई है, आज खिलाड़ियों को वो मूल सुविधाएं नही दी जा रही है जो सपा सरकार मे दी जाती थी, अयोध्या महानगर की सभी बेटियो को शुभकामनाए देता हूं, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव महानगर सचिव जगन्नाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश यादव, अंसार अहमद बब्बन, जगदीश यादव, भगवान दीन निषाद, शिवांशु तिवारी, प्रदीप निषाद, राहुल निषाद, रंजन निषाद इत्यादि लोग मौजूद थे।

## शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार का किया गया वितरण

**अयोध्या।** शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । समाज में मातृशक्ति को उचित सम्मान दिलाने के लिए ट्रस्ट गरीब व वंचित बेटियों की शिक्षा ,स्वास्थ्य तथा रोजगार के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित करता रहता है । इसी क्रम में ट्रस्ट द्वारा संघर्ष करके विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने वाली बेटियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के माल्यार्पण के साथ हुआ । मुख्य अतिथि के रूप में सत्येंद्र वेदांती महाराज ने मंच को सुशोभित किया । इस अवसर पर शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित हर्ष क्लासेस के छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया । शंकर फाउंडेशन ट्रस्ट प्रमुख डॉक्टर विजय शंकर मौर्य ने बताया कि ट्रस्ट गरीब छात्राओं के लिए निशुल्क कक्षाओं का संचालन कर रहा है।

# मिशन शक्ति में दो दर्जन महिलाओं को किया सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** मिशन शक्ति के तहत आज नगर निगम में महिला कर्मचारियों, महिला सफाई मित्रों तथा सहयोगी एनजीओ उमंग व फोर्स की वालंटियर्स सहित दो दर्जन महिला कर्मचारियों को नगर निगम द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मिशन शक्ति-4 के अंतर्गत महिलाओं के सम्मान समारोह की श्रृंखला में आज नगरायुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम की महिला लिपिकों, ऑपरेटर, माली, चपरासी व चुनिंदा महिला सफाई कर्मचारियों, घर-घर कूड़ा कलेक्शन में नगर निगम की सहयोगी आईटीसी मिशन सुनहरा कल उमंग व फोर्स की महिला वालंटियर्स को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार अपर नगरायुक्त राजेश यादव व एस के तिवारी, सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम व शिवराज सिंह ने प्रदान किए। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने पुरस्कृत महिला कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारी सदैव सम्मानित होते हैं। उन्होंने कहा कि पुरस्कार से जहां व्यक्ति का मनोबल बढ़ता है वहीं पुरस्कार व्यक्ति में और अधिक जिम्मेदारी तथा बेहतर कार्य करने की प्रेरणा भी देता है। जिन 24 महिलाओं को आज मिशन शक्ति के तहत पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया उनमें उमा जैन, आरती भारती, अलका गोयल, सुनिता रानी, शाह प्रवीण, गुरविन्दर, मंजू, मधुबाला, रानी, किरण चौधरी, पूजा, मेघा, सुमन मुकेश, बेदो, सरोज, राजबाला, दीपा ठाकुर, ज्योति, मनीषा, सुमन, संगीता, मिथलेश, राजदुलारी व तारा शामिल रही। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल बी एस नेगी, मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल व चंद्रपाल तथा पार्षद मौ. आसिफभी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ के त्रिवार्षिक चुनाव में इसम सिंह निर्विरोध बने अध्यक्ष

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ द्वारा आयोजित त्रिवार्षिक 16वां चुनावी अधिवेशन के समापन पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर शुभकामनाएं दी गई। जनमंच स्थित रोटरी क्लब में आयोजित उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ शाखा सहारनपुर के त्रिवार्षिक 16वां चुनावी अधिवेशन के दूसरे दिन अधिवेशन के समापन पर नवनियुक्त पदाधिकारियो का शिक्षक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियो के द्वारा स्वागत कर उन्हे शुभकामनाएं देकर सभी से शिक्षक संघ की विचार धाराओ पर चलकर संघ का और गतिशीलता प्रदान करने पर बल दिया गया।

## खादी महोत्सव में बच्चों को हथकरघा, हथशिल्प का कराया ज्ञान

**सहारनपुर।** नागरिक सुरक्षा द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल मे खादी महोत्सव के अंतर्गत बच्चों को हथकरघा, हस्तशिल्प, ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया तथा घरेलू गैस सिलेंडर की आग से बचने का तरीका मॉकड्रिल करके बताया गया।

पटेल नगर स्थित गुरु तेग बहादुर स्कूल में नागरिक सुरक्षा के उप नियंत्रक कश्मीर सिंह एवं चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन की देख रेख में सहायक उप नियंत्रक दिनेश कुमार एवं डिप्टी चीफ मोहम्मद आलम द्वारा स्कूली बच्चो एवं वार्डनो को खादी महोत्सव के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देने के लिए खादी, हथकरघा, हस्तशिल्प, ग्रामोद्योग, एक जिला एक उत्पाद और अन्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया।

## 280 शीशी अंग्रेजी शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** बीती रात कोठीभार पुलिस ने तीन अभियुक्त को 280 शीशी अंग्रेजी शराब के साथ बिहार जाते समय रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद कार्रवाई करते हुए तीनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया। रविवार को देर शाम सिसवा चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार गिरी, कांस्टेबल धर्मपाल सिंह, पंकज कुशवाहा व बृजेश कुमार देर शाम सिसवा कस्बे में गस्त पर थे, इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि तीन अभियुक्त अंग्रेजी शराब के साथ बिहार जाने के फिराक में है। जिसके बाद रेलवे स्टेशन पहुंच कर बिहार तीन संदिग्ध युवकों की तलाशी ली गई तो उनके बैग से 280 शीशी अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। गिरफ्त में आये अभियुक्तों की पहचान क्रमशः राकेश कुमार निवासी वार्ड नंबर 24 दीवान रोड बसंती गली बरहनपूरा थाना सदर जिला मुजफ्फरपुर नगर बिहार, मोहम्मद आजाद निवासी वार्ड नंबर 31अतरदहा सुसता थाना सदर जिला मुजफ्फरपुर व महबूबूर रहमान वार्ड नंबर 6 चैनपुर बंगरावाजिद थाना मानियारी जिला मुजफ्फरपुर के रुप में हुई। इस संदर्भ मे प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि तीनो अभियुक्त गोरखपुर से शराब की खरीदारी कर बस से सिसवा आये और यहां से रेल गाड़ी द्वारा बिहार जाने के फिराक मे थे तभी पुलिस टीम ने तीनो को दबोच लिया।इस मामले मे संबंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

## अनियंत्रित डम्पर राजबाहे में पलटा, चालक बाल-बाल बचा

**सहारनपुर।** सदर बाजार कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत हसनपुर राजबाहे पर डम्पर अचानक ही अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में कोई जनहानि न होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। डम्पर चालक बाल-बाल बच गया।

आज दोपहर के समय दिल्ली रोड से हसनपुर राजबाहे की ओर से एक डम्पर आ रहा था। जैसे ही वह हसनपुर राजबाहे के निकट पहुंचा, तो वह अचानक ही अनियंत्रित होकर राजबाहे में जाकर पलट गया। डम्पर पलटने की घटना को देख प्रत्यक्षदर्शी सहम गए। हालांकि डम्पर चालक ने अपनी सजगता दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचायी। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुयी और न ह ही किसी प्रकार का कोई नुक्सान हुआ। घटना की सूचना मिलते ही हसनपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल ही घटना के संबंध में डम्पर स्वामी को सूचना दी गयी।

# ईवीएम व वीवीपीएटी का हुआ फर्स्ट लेवल चेकिंग



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** राजनीतिक दलों की उपस्थिति में सोमवार को फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) के दौरान खराब पाई गई। ईवीएम व वीवीपीएटी मशीनों का निरीक्षण किया गया और उनको गोरखपुर भेजे जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। ईवीएम मशीनों हेतु नोडल अधिकारी और एक्सईएन जल निगम ने बताया की पूर्वाह्न 11 बजे विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में और जिलाधिकारी के निर्देशन में एफएलसी में खराब पायी गई। मशीनों के भंडारण कक्ष को खोला गया और मशीनों की गिनती की गई। जनपद में एफएलसी के दौरान 75 बैलेट यूनिट, 159 कंट्रोल यूनिट और 158 वीवीपीएटी खराब मिली थी, जिनका सुरक्षित भंडारण कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया था। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि भारतीय निर्वाचन आयोग के अनुसार खराब मशीनों की स्कैनिंग कर उनको सुरक्षित गोरखपुर भेज दिया जाए। उन्होंने बताया की सभी दलों के प्रतिनिधियों ने पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर संतोष व्यक्त किया। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ही अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, एक्सईएन जल निगम आसिफ हुसैन, सहायक निर्वाचन अधिकारी विजय प्रकाश, एडीपीआरओ सच्चिदानंद सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस और लुटेरों के बीच हुई मुठभेड़,एक लुटेरे को लगी गोली

**महाराजगंज।** जनपद के पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के जंगलों के बीच लुटेरे और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है जहां मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी है जबकि पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में लूट की एक स्विफ्ट डिजायर गाड़ी बदमाशों के पास से एक देसी तमंचा जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस को जानकारी मिली थी कि कुछ लुटेरे गाड़ी बुक करा कर ड्राइवर को मारपीट कर गाड़ी लूट लेते थे जिसको लेकर महाराजगंज में भी मुकदमा दर्ज था उसी के तहत जब यह लुटेरे गोरखपुर से लूटे हुए स्विफ्ट डिजायर गाड़ी को नेपाल ले जाने के फिराक में थे तभी पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के जंगल में एसओजी स्वाट और कई थानों की पुलिस ने घेराबंदी किया जिसको देखते हुए पुलिस पर बदमाशों ने फायरिंग करने की कोशिश की जिसके जवाबी कार्रवाई में पुलिस के फायरिंग में एक बदमाश के गोली लग गई जबकि दो बदमाश मौके से फरार हो गया वहीं एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश नेपाल का रहने वाला है । वहीं घायल बदमाश का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है ।

## इंकलाबी नौजवान सभा ने ब्लाक मे किया प्रदर्शन



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** विकास खण्ड सिसवा अंतर्गत ग्राम सोनबरसा मे विकास कार्यों मे अनियमितता को लेकर इंकलाबी नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को ब्लाक परिसर मे प्रदर्शन कर बीडीओ को मांग पत्र सौंपा।

इंकालबी नौजवान सभा के जिला सचिव संजय निषाद ने बताया कि ग्रामसभा सोनबरसा के विकास कार्यों पूरी तरह भ्रष्टाचार के हवाले है।मनरेगा मजदूरों का कहना है विगत दो वर्षो से उनके खाते में एक भी रुपया नहीं आया है।बल्कि चहेतो के खाते मे भेजा जा रहा है जिसकी शिकायत बीडीओ से लेकर उच्चाधिकारियों से की गई लेकिन किसी ने भी इस मामले जानकारी लेने की कोशिश नहीं की है। संजय निषाद ने कहा कि ग्रामसभा के मनरेगा मजदूरों का संपूर्ण भुगतान नहीं किया गया तो इंकलाबी नौजवान सभा के कार्यकर्ता बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे। इस मामले का ज्ञापन बीडीओ श्वेता मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर गांव में अनियमितता की जांच कराए जाने की मांग की है। इस दौरान प्रेमलाल गुप्ता, दीनबंधु यादव, सुनील चौधरी, रामउग्रह निषाद, रविंद्र साहनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राज्य पेयजल व स्वच्छता मिशन को लेकर जागरुकता कार्यक्रम



**खेसरहा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन व नमामि गंगे को लेकर ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के तत्वाधान में स्थानीय ब्लॉक परिसर में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुछ गांवों के प्रधान व पंचायत सहायक भी मौजूद रहे। महाराष्ट्र की संस्था मेंसर्स फाल्कन द्वारा सोमवार को ब्लॉक परिसर में आयोजित जन जागरूकता कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला, तथा ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति की बैठक आदि फिल्म प्रोजेक्टर तथा सामाजिक मानचित्र के माध्यम से कई तरह के कार्यक्रम दिखाए गए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पाइप पेयजल परियोजना के बारे में दूषित पेयजल से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाई जा रही टंकी की पानी के लिए कनेक्शन प्राप्त करने के लिए भी जानकारी दी गई। सामाजिक मानचित्र के माध्यम से खुले में शौच करने से गंदगी वापस हमारे घर तक कैसे आती है समझाया गया। अपने संबोधन में खण्ड विकास अधिकारी चंद्रभान उपाध्याय ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में परिवर्तन लाएंगे और लोग पेयजल और स्वच्छता को लेकर अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। इस दौरान एडीओ पंचायत बांकेलाल,,एडीओ आईएसबी संदीप कुमार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनीष कुमार के अलावा जल जीवन मिशन की टीम से जिला परियोजना समन्वयक तौक़ीर आज़म, सहायक गोविंद सिंह, तरुण त्रिपाठी, अनिल निषाद, नीरज यादव, सचिन पाल सहित प्रशिक्षक प्रवीण कुमार, निखिल यादव व नुक्कड़ नाटक के कलाकार विकास यादव, निधि चौरसिया, पिंकी चौरसिया तथा कुछ अन्य ग्राम सचिव भी मौजूद रहे।

# आपसी सौहार्द हम सभी को अपना प्रथम नागरिक कर्तव्य

**अवधनामा संवाददाता**




**बांसी सिद्धार्थनगर।** आपसी सौहार्द कैसे बहाल हो यह विषय पूरी दुनिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हम तभी समर्थ होंगे, जब एक होंगे और एक हम तभी होंगे जब हम सभी आपसी सौहार्द को अपना प्रथम नागरिक कर्तव्य मानेंगे। यह विचार पूर्व सांसद डा चन्द्रशेखर त्रिपाठी ने व्यक्त किया। वह नगर पालिका के सभागार में परमार्थ संधान उपक्रम संस्था द्वारा आयोजित राष्ट्रीय परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने सामाजिक वैमनस्य को बढ़ावा देने के लिए शासनतंत्र, मुख्य धारा की मीडिया तथा सोशल मीडिया को जवाबदेह ठहराया । नागरिक मंच की पहल को सराहते हुए उन्होंने अपने संविधान के प्रति नागरिक समुदाय को जागरुक करने की जिम्मेदारी उपस्थित प्रबुद्ध जनों को सौपा। विषय प्रवर्तन करते हूं परिचर्चा के संयोजक ओ0 पी0 राय ने कहा कि हमारे पुरखों ने जो संवैधानिक व्यवस्था विरासत में हमें सौंपा था उसके तहत सरकार का संचालन हमारे जिम्मे किया था। जबसे हम लोग सरकार के हवाले हो गये तबसे सामाजिक सौहार्द के लिए खतरे का दौर शुरु होता है। यह वही मुकाम है जहां एक निर्वाचित सरकार जवाबदेही से मुकर जाती है। लोक विमर्श के लगभग सभी संस्थागत मंचों से जब हमारा भरोसा उठ गया तब नागरिक मंच की मार्फत जनहित के मुद्दों पर विचार करना हमारे लिए लाजमी हो गया। उन्होंने कहा कि आज हमारी सवैधानिक व्यवस्था खतरे में है इसलिए यह ऐतिहासिक जिम्मेदारी हम सभी नागरिक जनों के कंधे पर आ गयी है कि हम अपने संविधान के पक्ष में लामबन्द हों ।अपने संबोधन में प्रबुद्ध समाजसेवी सच्चिदानन्द पाण्डेय ने उपस्थित प्रबुद्धजनों से नागरिक समुदाय को सजग करने के लिए लोक शिक्षण के धर्म निर्वहन करने का अनुरोध किया तथा प्रत्येक नागरिक को भारतीय संविधान की एक प्रति अपने घर में रखने की अपील की।वरिष्ठ लेखक-पत्रकार यशोदा श्रीवास्तव ने तुलसीकृत राम चरित मानस को सामाजिक सौहार्द का अप्रतिम ग्रन्थ करार देते हुए कहा कि हम अफवाहों की जद में आ गये है तभी सौहार्द बिगड़ने लगा है। हमें मर्यादा का पालन और क्षमाशीलता का सन्देश अपने राम से ग्रहण करना होगा । ह्वाट्सएप यूनिवर्सिटी छोड़ना ही होगा क्योंकि यही वैमनस्य की पाठशाला है। पूर्व नपा अध्यक्ष जमील सिद्दीकी ने सामूहिक जिम्मेदारी का एहसास कराते हुए यह चिन्ता व्यक्त किया कि हम अपनी औलादों को आखिर कैसी विरासत सौंपने वाले हैं। राष्ट्रीय इण्टर कालेज बेलहर के प्रधानाचार्य संदीप राय ने आपसी सौहार्द को बढ़ने के लिए संविधान में उल्लिखित नागरिक कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन किये जाने का जोर दिया। परिचर्चा में सेंट थामस इण्टर कालेज डुमरियागंज के शिक्षक राम चन्द्र मौर्य तथा स्थानीय रतन सेन पी0 जी0 कालेज के पूर्व छात्र आरिफ मोहम्मद ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## टीकाकरण अभियान को लेकर ब्लाक पर बैठक



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड कार्यालय मे सोमवार विकास खण्ड अधिकारी के अध्यक्षता में ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक की गई जिसमें विकास खण्ड अधिकारी व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन अधीक्षक डॉक्टर संतोष गुप्ता बीसीपीएम रमाकांत चतुर्वेदी एडीओ कापरेटिव मोहम्मद यूनुस अंसारी आईसीडीएस की सुपरवाइजर सरस्वती देवी बीएमसी शिखर श्रीवास्तव यूनिसेफ के द्वारा प्रतिभा किया गया। जिसमें आगामी स्कूल में होने वाले टीकाकरण अभियान को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। अधीक्षक ने कहा की विद्यालय पर जाकर कक्षा एक के छात्र व कक्षा पाच के छात्रों और कक्षा 10 के छात्रों का टीकाकरण किया जाना है जिसके लिए लोटन ब्लाक अंतर्गत संचालित सभी प्राथमिक विद्यालय प्राइवेट विद्यालय मदरसा सभी स्कूलों में टीकाकरण कराया जाएगा जिसको लेकर खण्ड विकास अधिकारी के साथ बैठक किया गया।

## डायनेमिक फिजियो अवार्ड से सम्मानित डॉ. अवनीश

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर में पूर्वांचल फिजियोथैरेपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में जनपद के डुमरियागंज के फिजियो चिकित्सक डॉ अवनीश वर्मा को डायनेमिक फिजियो अवार्ड से सम्मानित किया गया हैं। डॉ अवनीश वर्मा विगत सात वर्षो से अपनी सेवा रिलैक्स फिजियोथैरेपी सेंटर के माध्यम से मरीजों को दे रहे हैं। डॉ वर्मा निरंतर अपने सेन्टर पर समय-समय पर निशुल्क कैंप, फिजियोथेरेपी को मरीजों तक जागरूक करना एवं व्यायाम करने हेतु सलाह देते रहते हैं। डॉ वर्मा अपने कार्य के साथ ही साथ सामाजिक सेवा में भी काफी सक्रिय है। सिद्धार्थनगर जनपद में होने वाले हर सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम खेल कूद प्रतियोगिता व अन्य आयोजनों में भी इनकी भूमिका सराहनीय है। इससे पूर्व भी समय समय पर कई पुरुस्कारों से सम्मानित डॉ वर्मा ने सिद्धार्थनगर जनपद का मान सम्मान बढ़ाया है। उनके सम्मानित होने पर डॉ राकेश सिंह, डॉ एम एल यादव, डॉ बीके चौधरी, डॉ रितेश सिंह आदि सहित भारी संख्या में लोगों ने शुभकामनाएं दिया हैं।



## कम्प्यूटर संस्थान संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन बाजार में स्थित उमा कम्प्यूटर शिक्षण संस्थान के संचालक द्वारा एक छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का मामला बीडीओ प्रसारित होने के बाद लोटन पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरु करने के साथ संचालक के खोज मे लग गयी है।बताते चले कि दो दिन पहले आलिंगन करते हुए विडियों वायरल होने के बाद क्षेत्र मे तनाव को देखते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष दृगनरायन सिंह ने एक पत्र के माध्यम से पुलिस अधीक्षक व थानाध्यक्ष को अवगत कराये थे।जिसके उपरांत लोटन पुलिस ने उमा कम्प्यूटर शिक्षण संस्थान के संचालक गोबिंद यादव पुत्र मोहन यादव निवासी खखरा बुजुर्ग के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 दर्ज कर विवेचना शुरु कर दिया है। संचालक के गिरफ्तारी के लिये पुलिस लग गयी है। इस मामले मे थानाध्यक्ष यशवंत सिहं का कहना है कि भाजपा मंडल अध्यक्ष दृगनरायन सिहं को वादी बनाते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही संचालक को गिरफ्तारी किया जायेगा।

# सभी सुपरवाइजर सावधानी से करें कार्य

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान शुक्रवार से शुरू हो गया। इस दौरान दावे व अपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 27 अक्तूबर से नौ दिसंबर है। अतिरिक्त विशेष अभियान की तिथि चार, पांच, छब्बीस नवंबर व तीन दिसंबर है। विशेष अभियान की तिथियों में अपने-अपने बीएलओ को संबंधित बूथों पर उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। जिससे अधिक से अधिक संख्या में ऐसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूट गया है, उनका नाम नियमानुसार सम्मिलित हो सके।

उक्त बातें उपजिलाधिकारी सदर व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. ललित कुमार मिश्र ने कही। वह सदर तहसील परिसर में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की सफलता के लिए बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा बीएलओ के साथ ही बूथ लेबिल एजेंट के माध्यम से गांव-गांव में व्यापक प्रचार प्रसार कराते हुए अर्ह मतदाता का नाम सम्मिलित कराएं। तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने राजनीतिक पार्टियों की ओर से विधान सभा क्षेत्रों के प्रत्येक बूथों के लिए एक-एक बीएलए (बूथ लेबिल एजेंट) नियुक्त किया गया हैं। प्रत्येक बूथ लेबिल एजेंट की ओर से एक बार में 10 और पुनरीक्षण अवधि में कुल 30 फार्म आवश्यक घोषणा पत्र के साथ जमा कराए जा सकेंगे। उससे अधिक फार्म स्वीकार नहीं होगा। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, सुपरवाइजर रामकरन गुप्ता, कृष्णानंद चौधरी, सुधीर श्रीवास्तव, सुबोध गुप्ता, अमित, राहुल, महेन्द्र, प्रदीप, पंकज, विनय, राम सिंह, अजीत गुप्ता, विजय यादव,रमेश गुप्ता समेत बीआरसी रामकेश आदि उपस्थित रहे।

# नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की मासिक बैठक हुई

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थों की अवैध तस्करी और व्यापार की रोकथाम हेतु Narco Coordination Centre (NCORD) की मासिक बैठक जिलाधिकारी कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्वापक औषधियों के अवैध व्यापार तथा अंतरराष्ट्रीय तस्करी की रोकथाम हेतु निर्देश दिये गये।

आगामी दीपावली त्योहार के दृष्टिगत सीमा पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए, बाँसी तहसील और आस पास के क्षेत्रों में अवैध गाँजा की बिक्री रोकने हेतु पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। नेपाल सीमा से सटे बढ़नी, खुनुआ, अलीगढ़वा व ककरहवा क्षेत्र में पुलिस, औषधि निरीक्षक, एस0एस0बी0, प्रशासन व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नेपाल बॉर्डर स्थित औषधि की दुकानों का निरीक्षण कर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गये। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, एसएसबी के ऑफिसर, अपर जिला सूचना अधिकारी विमलेश कुमार, अपर जिला कृषि अधिकारी एवं समस्त आबकारी निरीक्षकों ने प्रतिभाग किया।

## पाक्सो एक्ट से संबंधित आरोपी गिरफ्तार



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस टीम ने गंभीर धाराओं में वांछित महीनों से फरार चल रहे आरोपी को थाना क्षेत्र के खुटहना चौराहे से सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्वेक्षण व प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना स्थानीय से मु0अ0स0 141/23 धारा* 376(3),323, 504 आईपीसी व 5/6 पाक्सो एक्ट, से सम्बंधित पथरा बाजार थाना क्षेत्र के सेहरी बुजुर्ग निवासी वांछित अभियुक्त राजकपूर पुत्र रामबेलास अभियुक्त को शिवनगर थाने की पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी पिडिता के परिजनों के तहरीर के आधार पर थाना मुकामी पर आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। इस बावत थाने से जारी प्रेस नोट के जरिये जानकारी दी गई कि फरार चल रहे वांछित अभियुक्त राजकपूर पुत्र रामबेलास को खुटहना चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

# नाका दल ने 819 नग टाइल्स को किया जब्त

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी खुनुवा और सीमा शुल्क कार्यालय के संयुक्त नाका दल ने 819 नग टाइल्स को जब्त किया। सोमवार को 43वी वाहिनी सशस्त्र सीम बल के सीमा चौकी खुनुवा और सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा के द्वारा नाका के दौरान तस्करी के लिए छुपाकर रखे गए 819 नग टाइल्स को जब्त कियाद्ध जानकारी देते हुए आर.के डोगरा, कमांडिंग अधिकारी, 43वी वाहिनी ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा खुनुवा बाजार की तरफ से सीमा पार नेपाल में टाइल्स की तस्करी करने के फ़िराक में है जिसके लिए उन लोगो ने खुनुवा बाजार में किसी मकान के आस-पास अज्ञात स्थान पर टाइल्स छुपाकर रखा है। कार्यवाही को अंजाम देते हुए निरीक्षक के. पी. एम. वेंजीनाथम के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी राकेश प्रसाद, देवांशु कुमार, आरक्षी सुभाष कुमार, चन्दन कुमार बनिता, राम प्रसाद तथा सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा के निरीक्षक अक्षय यादव व मुख्य आरक्षी करण सिंह के साथ विशेष नाका दल सीमा स्तम्भ संख्या 556 के समीप चिन्हित स्थान के लिए रवाना हुएद्ध उक्त स्थान पर पहुँचते ही नाका दल ने देखा कि सीमा स्तम्भ संख्या 556 के पास खुनुवा गाँव के समीप कुछ लोग नाका दल को देखकर तितर- बितर होने लगेद्ध संदेह के आधार पर नाका दल द्वारा उस स्थान की तलाशी गई जहाँ पर 215 नग जोनशन एचडी टाइल्स, 208 नग सेरामिक वाल टाइल्स, 366 नग लेविटोन सेरामिक वाल टाइल्स, 30 नग बोर्डर टाइल्स और 03 नग ओडीशा पेन शौचालय सीट पाया गयाद्ध तत्पश्चात, नाका दल द्वारा खुनुवा गाँव के ग्राम प्रधान को मौके पर बुलाकर संग्रह किये गये उपरोक्त सामान के बारे में अवगत कराया गया एवं संबन्धित सामान के मालिक बारे मे पूछ-ताछ की गईद्ध ग्राम प्रधान द्वारा आस-पास के घर वालों से पूछताछ एवं बातचीत कर बताया गया की ये सामान नेपाल के किसी व्यक्ति का है जो की नेपाल ले जाने के फिराक में यहाँ छुपाकर रखा हैद्ध तत्पश्चात, नाका दल द्वारा कुल 819 नग टाइल्स को जब्त कर सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा को सुपुर्द कर दिया गया।

## निजी कर्मचारियों के सहारे चल रहा बड़ा खेल

**अंबेडकरनगर।** सरकारी दफ्तर में बड़ी संख्या में निजी लोगों द्वारा कार्य किया जा रहा है। इससे सरकारी रिकॉर्ड की गोपनीयता भंग होने का खतरा बढ़ गया है। इस व्यवस्था से कोई भी सरकारी कार्यालय अछूता नहीं है यहां तक की न्यायालय में भी निजी कर्मचारी रखे गए हैं, लेकिन यह रोग सबसे ज्यादा दफ्तरों में है। बाहर से अपने काम की बाबत आने वाले लोगों को ऐसा लगता है कि पटल पर बैठा व्यक्ति भी सरकारी कर्मचारी है। वह सरकारी कर्मचारी नहीं है, इसलिए उनके नियोक्ता सौदेबाजी कर वसूली भी करते हैं। सरकारी दफ्तरों में अवैध वसूली का कार्य जोरों पर चलता है।अक्सर छापा पड़ने पर सरकारी बाबू साफ बच जाते हैं। कलेक्ट्रेट से लेकर तहसील में लोगों ने अपने साथ निजी लोग अटैच कर रखे हैं। ऑफिसों में बड़ी संख्या में निजी लोगों को रखे हुए हैं। कुछ के पास इनकी संख्या दो से तीन तक है। सरकारी दफ्तरों में कार्यरत क्लर्क अपने काम को आसान बनाने के लिए निजी कर्मी भर्ती कर काम चला रहे हैं।

# हरैया में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक महोदय बस्ती श्रगोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे। शक्ति दीदी अभियान के तहत दिनांक 30/10/23 को क्षेत्राधिकारी हरैया शेषमणि उपाध्याय तथा प्रभारी निरीक्षक हरैया राणा देवेन्द्र प्रताप सिंह थाना हरैया के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक संजय सिंह महिला कांस्टेबल अंशुल वर्मा व हेड कांस्टेबल उमेश कुमार, कांस्टेबल अजय चौहान द्वारा गुरुकुल एकेडमी हरैया मे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित सभी बालिकाओं/ और महिलाओं सशक्तिकरण संबंधित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज- 5 कार्यक्रम के अंतर्गत कानून की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 वीमेन पावर लाइन 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 102 स्वास्थ्य सेवा 108 एंबुलेंस सेवा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, थाने का सीयूजी नंबर 9454403112 जागरूक किया गया। साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया ताकि वे और अन्य महिलाओं को व बच्चियों को जागरूक कर सकें व एंटी रोमियो चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान 02 व्यक्ति से माफीनामा भरवाकर हिदायत दी गई।

## पूर्वांचल विकास निधि (जिलांश) की बैठक सम्पन्न



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पूर्वांचल विकास निधि (जिलांश) की बैठक सोमवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय, विधायक बांसी प्रतिनिधि योगेन्द्र मिश्रा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने संबधित अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जनप्रतिधिगण से प्रस्ताव लेकर शासन कों प्रेषित करे। बैठक में विधायक इटवा माता प्रसाद पाण्डेय द्वारा प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा विभिन्न विन्दुओ पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि जितेन्द्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बी.एस.यादव तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर प्रशिक्षण

**बस्ती।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित, कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, रावतपुर, जोन तृतीय कानपुर उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देश एवं आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के प्रसार निदेशालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, बंजरिया बस्ती पर आर्या योजनान्तर्गत बेरोजगार नवयुवकों/ युवतियों को गॉव स्तर पर स्वरोजगार सृजन के उद्देश्य से 'मशरूम उत्पादन तकनीक' विषय पर पॉच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन मुख्य अतिथि भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. राज मंगल चौधरी ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा है कि गॉव स्तर पर बेरोजगार नवयुवकों एवं नवयुवतियों को रोजगार उपलब्ध करायें जाए, जिससे उनके शहरों की ओर बढ रहे पलायन को रोका जा सके। इसी उद्देश्य के तहत आप लोगों को मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में पांच छात्रों के चयन के लिए मिला सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा वर्ष 20-22-23 में एक विद्यालय से पांच या उससे अधिक छात्र छात्राओं के चयन पर हरैया विकासखण्ड की शिक्षिका आकांक्षा सिंह, शिक्षक वीरेंद्र कुमार तथा अशोक कुमार वर्मा को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ द्वारा रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज लखनऊ में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राज्य स्तर पर सम्मानित हरैया विकासखण्ड के संविलियन विद्यालय बड़ेरिया कुंवर की शिक्षिका आकांक्षा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में सम्मिलित बच्चों को विद्यालय समय के अलावा अलग से तैयारी कराई गई थी जिसमें पूरे विद्यालय परिवार का सहयोग रहा और पांच बच्चे सफल हुए इसे हम लोगों का हौसला बढ़ा है आगे और भी अच्छा करने का प्रयास है। संविलियन विद्यालय सरैया तिवारी के पुरस्कृत शिक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यालय के सभी स्टाफ ने मिलकर एक टीम भावना के साथ सही दिशा में कार्य करते हुए बच्चों को सफलता दिलाई है। शिक्षक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि यदि बच्चों पर मेहनत किया जाए तो वह अच्छा से अच्छा परिणाम दे सकते हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरैया बड़कऊ वर्मा ने बताया कि ब्लॉक में कुल 42 बच्चे संबंधित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं परंतु जिन विद्यालयों में पांच या उससे अधिक बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया है। बताया कि परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चों को अगले 4 वर्ष तक 1000 रुपये प्रति महीना के हिसाब से कुल 48000 रुपये मिलेगा। शिक्षकों के राज्य स्तर पर पुरस्कृत होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी हरैया बड़कऊ वर्मा, गिरिजेश बहादुर सिंह, संदीप सिंह, उमेश सिंह, सुनील बौद्ध, संतोष कुमार शुक्ल, आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## बसखारी के भरत मिलाप को देखने के लिये श्रद्धालुओं की भीड़



**किछौछा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध बसखारी के भरत मिलाप को देखने के लिए लाखों श्रद्धालुओं का रेला रविवार को बसखारी कस्बे में उमड़ पड़ा। भारत मिलाप के दौरान बसखारी रामलीला समित द्वारा निकल गई झांकियां व दुर्गा पूजा समितियां के द्वारा सजाए गए मां दुर्गा के भव्य पूजा के पंडाल श्रद्धालुओ के आकर्षण का केंद्र बने रहे। ऐतिहासिक भारत मिलाप पर निकलने वाली प्रभु श्री राम,लक्ष्मण ,भरत ,शत्रुघ्न की झांकियों की आरती उतारने एवं पुष्प वर्षा करने के लिए लोगों के द्वारा जगह-जगह पर मंच बनाए गए थे। बसखारी पूर्वी चौराहे पर नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता के नेतृत्व में मंच लगाकर कर झांकियो पर पुष्प वर्षा करते हुए लोगों को सम्मानित भी किया गया। बसखारी के ऐतिहासिक भारत मिलाप को देखने के लिए शाम से ही लोगों का जमावड़ा कस्बे में शुरू हो गया। रात्रि 12 बजे के बाद पूर्वी चौराहे की तरफ से प्रभु राम व भरत के ऐतिहासिक मिलन को प्रदर्शित करने के लिए झांकियां का भ्रमण नगर क्षेत्र में होता हुआ मुख्य बाजार में बनायें गये भरत मिलाप विजय रथ द्वार पर पहुंचा।जहां पर भरत 14 वर्ष का बनवास काटने के बाद प्रभु श्री रामचंद्र जी के इंतजार में ध्यान मग्न खड़े हुए थे। जहां पर पहले हनुमान जी ब्राह्मण के वेश में आते हैं और भरत को प्रभु श्री राम के आने सूचना देते हैं। 14 वर्षो का वनवास काटने के बाद प्रभु श्री राम के आने की खबर सुनकर भरत व नगर वासियों में खुशी का माहौल छा जाता है।

## डेंगू के मरीजों की लगातार बढ़ रही संख्या

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बारिश के बाद संक्रामक बीमारियां फैलने लगी हैं। विशेषकर घनी आबादी में लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं। डेंगू का प्रकोप बढ़ने से लोगों में खलबली है। डेंगू कई लोगों की जान ले चुका है, लेकिन अकबरपुर नगर पालिका प्रशासन शहर की सफाई के प्रति गंभीर नहीं है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। शहर के सभी वार्डों में नालियां कीचड़ से पटी हैं। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। अकबरपुर नगर पालिका प्रशासन दवा का छिड़काव और फॉगिंग भी नहीं करा रहा है। इससे मच्छरों की भरमार है।एक तरफ स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि सभी नगर क्षेत्र में नगर पालिका के साथ गांवों में सीएचसी के माध्यम से छिड़काव किया जाता है। लेकिन दावों के विपरित जिले की हकीकत है।ग्राम सभा के स्वच्छता समिति के मद में गांव की सफाई के लिए ग्राम प्रधान और आशा के संयुक्त खाते में हर वर्ष दस हजार रुपया मिलता है।सफाई कर्मी द्वारा नाली की सफाई के साथ लार्वासाइड के छिड़काव कराने का भी आदेश है।

## बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बाल कल्याण एंव संरक्षण समिति की बैठक ग्राम नेतवर मे सोमवार को हुई। सचिव रविन्द्र कुमार जाटव ने बताया कि बच्चे क्या कर रहे है। स्कूल पहुंच रहे हैं कि नही इस पर माता पिता को ध्यान देना चाहिए। बच्चों को चाहिए कि यदि आप के साथ गलत या बुरा व्योहार कोई करता है तो घर आकर माता पिता को बताना चाहिए। आजकल बच्चे मोबाइल मे लिप्त हो जाते है जो ठीक नहीं है। पढाई के साथ खेलकूद भी जरूरी होता है। स्वास्थ्य के लिए खेल कूद भी जरूरी है। इस दौरान मूसे सिंह, नीलम, संतोष गुप्ता, प्रकाशनी, अमित कुमार, पुष्पा सिंह, किसमाती सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मना महर्षि वाल्मीकि जयंती

**अंबेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर जनपद अंबेडकर नगर के तहसील अकबरपुर अंतर्गत प्राचीन हनुमान मंदिर शिवालय घाट शहजादपुर, तहसील भीटी अंतर्गत पंचमुखी हनुमान मंदिर भीटी, तहसील टांडा अंतर्गत हनुमानगढ़ी टांडा, तहसील जलालपुर अंतर्गत हनुमान मंदिर जलालपुर तथा तहसील आलापुर अंतर्गत हनुमान मंदिर तहसील प्रांगण पर रामायण पाठ का आयोजन उप जिलाधिकारी,खण्ड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया। महर्षि वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर हर्षोल्लास के साथ मंदिरों पर रामायण पाठ कराया गया। साथ ही साथ उपस्थित लोगों को महर्षि वाल्मीकि की जीवनशैली एवं उनके विचारों पर चर्चा करते हुए उनके बारे में लोगों को बताया गया।

## इस्लामोफ़ोबिक वेस्ट बमुक़ाबला हिन्दुस्तान में मुसलमानों की हालत

हालिया बरसों में, इस्लामोफोबिया का उरूज मग़रिबी ममालिक में खासतौर पर बाज़ तन्ज़ीमों की ईमा पर एक तशवीशनाक रुजहान बन गया है, जिससे मुसलमानों के ख़िलाफ़ इम्तियाज़ी सुलूक और तास्सुब को हवा मिलती है। ये इल्ज़ाम लगाया जाता है कि मुसलमान अफ़राद को सिर्फ उनकी मज़हबी शनाख्त की बुनियाद पर मुलाज़मत के मवाक़े या तरक्क़ियों से इनकार किया गया, जब कि दूसरों को सफ़री पाबंदी ट्रम्प इंतिज़ामिया की तरफ़ से और इस्लामोफ़ोबिक बयानबाज़ी की वजह से दक़यानूसी तसव्वुरात की वजह से स्कूलों में ग़ुंडा गर्दी और इख़राज का सामना करना पड़ा। इंडियन अमरीकन मुस्लिम कौंसल जैसी मग़रिब की तंज़ीमें अक्सर हिन्दुस्तान पर इस्लामोफ़ोबिक पालिसियों पर अमल करने का इल्ज़ाम लगाती हैं। इससे मग़रिब में इस्लामो फोबिया और हिन्दोस्तान में मुसलमानों की हालत के दरमयान मुवाज़ना करने की ज़रूरत है। जब कि हिन्दोस्तान ने भी फ़िर्कावाराना वाक़ियात का मुशाहिदा किया है, मग़रिब में इस्लाम फ़ोबिक जज़बात और हिन्दोस्तान में मुसलमानों के साथ सुलूक के दरमयान मुवाज़ना ये ज़ाहिर करता है कि किसी भी औसत हिन्दुस्तानी मुसलमान को तहफ़्फ़ुज़ और मुसावात की सतह हासिल है। इस्लामो फ़ोबिक मग़रिब के बरअक्स, ये दलील दी जा सकती है कि हिन्दोस्तान में मज़हबी अक़लियतों के साथ इमतियाज़ी सुलूक अमरीका और दीगर मग़रिबी ममालिक के मुक़ाबले में बहुत कम है । इस की वजह हिन्दोस्तान में मुसलमानों की तारीख़ी मौजूदगी और मज़हबी बकाए बाहमी की देरीना रिवायत है । मज़ीद बरआँ, फ़िर्कावाराना हम-आहंगी और तनव्वो के एहतिराम पर हिन्दुस्तानी मुआशरे के ज़ोर ने इस्लामो फोबिया को कम करने में अहम किरदार किया है। ताहम ये नोट करना ज़रूरी है कि इमतियाज़ी सुलूक और तअस्सुबात की जेबें अब भी मौजूद हैं, जो क़बूलियत और इफ़हाम-ओ-तफ़हीम को फ़रोग़ देने के लिए मुसलसल कोशिशों की ज़रूरत को उजागर करती है। हिन्दोस्तान के मज़हबी बकाए बाहमी की एक मिसाल लखनऊ शहर है, जो अपने अमीर इस्लामी विरसे और मुतहर्रिक हिंदू मुस्लिम सक़ाफ़्त के लिए जाना जाता है। ये शहर कई तारीख़ी मज़हबी मुक़ामात का घर है जैसे कि बाड़ा, इमाम बाड़ा और भूल भुलैया, जो तमाम मज़ाहिब के लोगों को अपनी तरफ़ मुतवज्जा करते हैं । मुक़ामी लोगों ने इस तनूअ को क़बूल किया है और एक दूसरे के तिहवारों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं, कि हिंदू ईद मनाते हैं और मुसलमान दीवाली के तिहवारों में शिरकत करते हैं। इस जामा माहौल ने मज़बूत बैनुल मज़ाहिब ताल्लुक़ात को फ़रोग़ दिया है और ये रिवादारी और हम जैसे हम आहंगी की ताक़त का है। हिन्दुस्तानी एक दूसरे के अक़ाइद को समझने और उनका एहतिराम करने में आ गए हैं, जिससे एक ऐसा माहौल पैदा हो गया है जहां लोग बिला तफ़रीक़ ख़ौफ़ के अपने मज़हबी तरीक़ों को आज़ादाना इज़हार कर सकें। इस बकाए बाहमी ने ना सिर्फ मुल्क के सक़ाफ़्ती ताने-बाने को तक़वियत बख़शी है बल्कि पुरअमन मज़हबी इंज़िमाम के लिए कोशां दुनिया-भर में दीगर कम्यूनिटीज़ के लिए भी एक रोशन मिसाल के तौर पर काम किया है। तालीम इस्लामो फोबिया का मुक़ाबला करने में एक अहम किरदार अदा करती है, स्कूलों और इदारे इस्लाम और इस के पैरोकारों के बारे में दरुस्त और ग़ैर जानिब दाराना मालूमात को फ़रोग़ देते हैं। मज़ीद बरआँ, ज़राए इबलाग़ को मुसलमानों की एक मुंसिफ़ाना और मुतवाज़िन तस्वीर पेश करने, दक़यानूसी तसव्वुरात को चैलेंज करने और ग़लत-फ़हमियों को दूर करने की कोशिश करनी चाहिए। इस्लामो फोबिया के ख़िलाफ़ जंग के लिए दुनिया भर में अफ़राद, कम्यूनिटीज़ और हुकूमतों की इजतिमाई कोशिशों की ज़रूरत है ताकि सब के लिए एक से ज्यादा जामा और क़बूल करने वाला मुआशरा तशकील दिया जा सके। वो तंज़ीमें जो मग़रिबी ममालिक की सरज़मीन को हिन्दोस्तान में इस्लामो फोबिया के मन गढ़त बयानिया की तशहीर के लिए इस्तेमाल कर रही हैं, दूसरों की तरफ़ उंगलियां उठाने से पहले अपने अंदर का जायज़ा लें।

**अलताफ़ मीर**

## सरदार पटेल का जीवन संघर्ष और अप्रतिम योगदान



मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'

स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी सेनानी सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती हर बार गांधी-नेहरू के संदर्भ में उनकी भूमिका के विमर्श को तेज कर देती है। जिससे सरदार पटेल के व्यक्तित्व को और अधिक जानने की जिज्ञासा पैदा होती है। पिछली सदी के उपनिवेशवादी देशों में अंग्रेजों के खिलाफ अहिंसक आंदोलन के कारण महात्मा गांधी पूरी दुनिया में चर्चित हुए। उनके द्वारा सुझाया गया सिविल नाफरमानी सिद्धांत बेहद लोकप्रिय हुआ। बापू के सविनय अवज्ञा को जनता के बीच फैलाव करने वाले सरदार पटेल प्रमुख व्यक्ति थे। पटेल की नीतिगत कुशलता, प्रतिबद्धता और अटूट धैर्य के कारण महात्मा गांधी ने उन्हे लौह पुरुष उपनाम से संबोधित किया। यह उपनाम सरदार पटेल को समग्रता से समझने की दृष्टि प्रदान करता है।

स्वतंत्रता पूर्व के किसान आंदोलन का सरदार पटेल से गहरा जुड़ाव रहा। अन्नदाता की समस्याओं के समाधान हेतु संघर्ष में वे सदैव तत्पर रहते थे। 1918 में गुजरात का खेड़ा डिविजन भयंकर सूखे के चपेट में था। वहाँ के किसानों की कर में छूट की मांग को अग्रेज स्वीकार नहीं कर रहे थे। ऐसे में सरदार पटेल के विशेष प्रयासों से गांधी जी सहित अन्य प्रमुख लोगों के सामूहिक नेतृत्व ने किसानों को वार्षिक करों से राहत दिलाया। इसी प्रकार 1928 में गुजरात की प्रांतीय सरकार ने किसानों के लगान में तीस प्रतिशत की वृद्धि कर दी जिसके विरोध में सरदार पटेल के नेतृत्व में किसानों का आंदोलन सफल हुआ। ब्रिटिश हुकूमत ने इसे कुचलने के लिए कठोर दंडात्मक प्रयास किया लेकिन किसानों के मुखर विरोध के कारण उन्हे पीछे हटना पड़ा। जिसके फलस्वरूप अग्रेज सरकार के अधिकारी ब्लूमफील्ड और मैक्सवेल ने पूरे मामले की जांच कर लगान वृद्धि को छः प्रतिशत तक कम कराया। यह बारडोली किसान आंदोलन के रूप में जाना गया जिसमें शामिल महिलाओं ने बल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि से संबोधित किया। स्वतंत्रता आंदोलन के आलोक में बारडोली सत्याग्रह को महात्मा गांधी ने स्वराज प्राप्ति की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव की संज्ञा दिया। किसानों से जुड़े ऐसे अनेक उदाहरण इतिहास में भरे पड़े हैं जिनमें सरदार पटेल ने ब्रिटिश सरकार की दमनकारी कार्यवाहियों को सहर्ष अंगीकार करते हुए किसानों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ी। वे किसानों के सच्चे हमदर्द थे। आजाद भारत में सरदार पटेल के योगदान को देखते हुए भारत सरकार के पहले मंत्रिमंडल में उन्हे उप प्रधानमंत्री, गृह, सूचना और रियासत मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली। गृह मंत्री के रूप में उन्होंने भारत की एकता-अखंडता के लिए ऐसे सपनें को यथार्थ के धरातल पर उतारा जिसकी कल्पना करना तत्कालीन समाज में संभव नहीं दिख रहा था। इसी क्रम में उन्होंने गृह मंत्रालय के अधीन आने वाली भारतीय नागरिक सेवाओं का भारतीयकरण कर भारतीय प्रशासनिक सेवाएं कर दिया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# कांग्रेस की सपा से चल रही जुबानी जंग



श्रेय शुक्ला



मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर सपा से चल रही जुबानी जंग के बीच कांग्रेस ने अब यूपी में सियासी गणित में गुणा भाग करना तेज कर दिया है। यूपी में कांग्रेस पार्टी आजम खां के सहारे मुस्लिमों को साधने की कोशिश में है. ताकि लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिमी यूपी में खो हुई सियासी जमीन फिर हासिल कर सके।

बीते 26 अक्टूबर को सीतापुर की जेल में बंद सपा नेता आज़म खां से मिलने जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे तो प्रशासन ने मुलाकात करने से रोक दिया. जेल नियमों के मुताबिक आजम उनसे नहीं मिल सकते थे. इसके बाद अजय राय सेब की पेटी आजम खां के लिए छोड़ आए. राय ने कहा कि ये मेरी तरफ से टोकन ऑफ लव है. आखिर समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान से कांग्रेस के इस नए 'लव' के पीछे की क्या कहानी है। इसे समझते हैं। यह पहली बार नहीं हुआ है कि कांग्रेस के पदाधिकारियों ने आजम से मिलने की मंशा जताई हो. पहले भी प्रदेश की राजनीति को जिंदा करने के लिए कांग्रेस ऐसी कवायद कर चुकी है. 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के आसपास कांग्रेस के वरिष्ठ कहे जाने वाले आचार्य प्रमोद कृष्णम सपा नेता आजम से मिलने जेल पहुंचे थे. उस दौरान उन्होंने आजम को गीता भेंट करते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की एक कोशिश की थी. वहीं जेल से रिहा होने के बाद तंजीन फात्मा और अब्दुल्ला आजम से मिलने उस वक्त सपा के शीर्ष नेता से पहले कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी उनके घर गए थे। इस बार फिर से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हो सके. प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना तो यही था कि वह मानवता के नाते आजम से मिलने आए थे. इसमें कहीं भी राजनीति नहीं है. लेकिन सब जानते हैं कि राजनीति में यूं ही या बस ऐसे ही कुछ नही होता। कांग्रेस आज़म खां के प्रति सहानुभूति दिखाकर लोकसभा चुनाव से पहले अपनी पश्चिमी यूपी में पांव जमाने की कोशिश में है. जहां सबसे बड़ा मुस्लिम चेहरा अगर कोई है तो वह है आज़म खां। मुरादाबाद मंडल समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाने लगा है. यहां मोदी लहर में भी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन बहुत बेहतर रहा है. वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन ने मंडल की सभी छह सीटों पर जीत दर्ज की थी. समाजवादी पार्टी को रामपुर, मुरादाबाद और संभल लोकसभा सीट पर जीत मिली थी. वहीं अमरोहा, बिजनौर और नगीना लोकसभा सीट बसपा की झोली में गई थी. 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने मंडल की 27 में 17 सीटों पर जीत दर्ज की थी. यही नहीं अपने कोर वोट बैंक मुस्लिमों की बदौलत पार्टी आसपास के जिलों में मजबूत स्थिति में रही थी। दरअसल पिछले कुछ सालों से आजम खां की सियासत कानूनी दांवपेच में उलझ कर रह गई है. इस मामले में सपा नेतृत्व यानि अखिलेश यादव के आक्रमक न होने से आजम खां सपा में भी अलग-थलग माने जाने लगे हैं. जिसे लेकर मुस्लिम मतदाताओं में अंदर खाने नाराजगी है. वहीं अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाणपत्र के मामले में आजम को फिर से जेल हो गई है. ऐसे में कांग्रेस आजम खां के प्रति सहानुभूति की सियासत कर मुस्लिमों में दोबारा से अपनी पैठ बनाना चाहती है. इससे पहले भी आजम खां को लेकर कांग्रेसी नेता उनके खिलाफ ज्यादती की बात करते रहे है। एक दौर था जब इस बेल्ट पर कांग्रेस का कब्जा हुआ करता था. रामपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस को भले ही पिछले पांच चुनावों में जीत नहीं मिली हो, लेकिन इस सीट पर जयाप्रदा से पहले कांग्रेस की बेगम नूरबानो का दबदबा था. वह 1996 और 1999 में रामपुर से सांसद चुनीं गई थीं. कांग्रेस फिर से उसी कोशिश में हैं कि सपा के वोट बैंक में सेंध लगाकर खुद को मजबूत स्थिति में पहुंचा सके। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर सपा का दबदबा शुरू से रहा है, लेकिन वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद अजहरुद्दीन को मैदान में उतारकर विरोधियों को चित कर दिया था. अजहर के जरिये कांग्रेस ने मुरादाबाद में फिर अपनी सियासी जमीन तैयार कर ली थी. यही वजह है कि निकाय चुनाव में मेयर पद पर कांग्रेस लगातार दो चुनावों में दूसरे स्थान पर रही. जबकि सपा तीसरे स्थान पर रही. चर्चा यह भी है कि मुरादाबाद से कांग्रेस दोबारा अजहर या उन जैसे किसी मजबूत

> कांग्रेस आज़म खां के प्रति सहानुभूति दिखाकर लोकसभा चुनाव से पहले अपनी पश्चिमी यूपी में पांव जमाने की कोशिश में है. जहां सबसे बड़ा मुस्लिम चेहरा अगर कोई है तो वह है आज़म खां। मुरादाबाद मंडल समाजवादी पार्टी का गढ़ माना जाने लगा है. यहां मोदी लहर में भी लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन बहुत बेहतर रहा है. वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन ने मंडल की सभी छह सीटों पर जीत दर्ज की थी. समाजवादी पार्टी को रामपुर, मुरादाबाद और संभल लोकसभा सीट पर जीत मिली थी. वहीं अमरोहा, बिजनौर और नगीना लोकसभा सीट बसपा की झोली में गई थी. 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने मंडल की 27 में 17 सीटों पर जीत दर्ज की थी. यही नहीं अपने कोर वोट बैंक मुस्लिमों की बदौलत पार्टी आसपास के जिलों में मजबूत स्थिति में रही थी।

मुस्लिम चेहरे पर दांव लगा सकती है तो एक तरफ सपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में इंडिया गठबंधन के तहत एक नए सियासी समीकरण बनाने की बात चल रही है तो वहीं दूसरी तरफ मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में यहीं दोनों दल एक दूसरे के खिलाफ नई लकीरें खीचते जा रहे हैं. ऐसे में मोदी सरकार को उखाड़ फेकने के मकसद से बने इस गठबंधन का क्या होगा ये आने वाला समय ही बताएगा।

# भारत का यूपीआई: वैश्विक स्तर पर अग्रणी डिजिटल भुगतान प्रणाली




यदि कोई भारतीय नवाचार है जिसने हाल के वर्षों में वैश्विक सुर्खियाँ बटोरी हैं, तो वह निस्संदेह यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस) भुगतान प्रणाली है। आज, भारत में किए जाने वाले सभी भुगतानों में से 40 प्रतिशत से अधिक डिजिटल हैं, जिनमें यूपीआई की हिस्सेदारी सबसे अधिक है, जिसका उपयोग 30 करोड़ से अधिक व्यक्ति और 5 करोड़ से अधिक व्यापारी करते हैं।

यूपीआई का उपयोग रेहड़ी-पटरी वालों से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल तक सभी स्तरों पर किया जाता है। आज, 2022 के आंकड़ों के अनुसार, दुनिया के सभी देशों में, भारत सबसे अधिक डिजिटल लेनदेन वाला देश है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 46 प्रतिशत है। भारत के बाद ब्राजील, चीन, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया हैं। 2016 में केवल दस लाख लेनदेन से, यूपीआई ने अब तक 10 बिलियन (1,000 करोड़) लेनदेन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। यूपीआई ने जो सबसे बड़ा बदलाव लाया है वह भारतीयों के लेन-देन के तरीके में है। ग्लोबल डेटा रिसर्च के अनुसार, 2017 में नकद लेनदेन कुल मात्रा के 90 प्रतिशत से घटकर 60 प्रतिशत से भी कम हो गया है। 2016 में 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट बंद होने के छह महीने के भीतर, यूपीआई पर कुल लेनदेन की मात्रा 2.9 मिलियन से बढ़कर 72 मिलियन हो गई। 2017 के अंत तक, यूपीआई लेनदेन पिछले वर्ष की तुलना में 900 प्रतिशत बढ़ गया था, और तब से इसने अपना विकास पथ जारी रखा है। यूपीआई अविश्वसनीय रूप से उपयोगकर्ता के अनुकूल है। यह उपयोगकर्ताओं को केवल वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए) का उपयोग करके भुगतान करने की अनुमति देता है, जिससे संवेदनशील बैंक विवरण साझा करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। यह प्रक्रिया स्मार्ट फोन पर टेक्स्ट संदेश भेजने जितनी सरल है। इसका प्रभाव सुविधा से परे, वित्तीय समावेशन, पारदर्शिता और अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में कमी तक फैला हुआ है। यूपीआई की वृद्धि ने न केवल भुगतान के लिए नकदी का बड़े पैमाने पर विस्थापन किया है, बल्कि अन्य डिजिटल भुगतान विधियों को भी विस्थापित कर दिया है। उदाहरण के लिए, व्यापारी भुगतान के लिए डेबिट कार्ड का उपयोग साल-दर-साल कम हो रहा है, और यूपीआई ने आज प्रीपेड वॉलेट तक पहुंचने के तरीके को भी बदल दिया है। जैसे-जैसे यूपीआई का विकास और नवप्रवर्तन जारी है, यह भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हालाँकि, डिजिटल भुगतान प्रणाली की सफलता न केवल डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे की मजबूती में निहित है, बल्कि व्यवहारिक झुकाव में भी है जिसने लोगों को नकदी से डिजिटल पर स्विच करने के लिए प्रोत्साहित किया।

किसी भी व्यवहारिक परिवर्तन की तरह, इसे व्यावहारिक नवाचारों के माध्यम से सिस्टम के विश्वास और पहुंच पर आधारित होना चाहिए जो इसके मुख्य समूह के लिए इसकी प्रासंगिकता सुनिश्चित करता है। इनमें भुगतान ऐप्स द्वारा प्रदान किए गए छोटे वॉयस बॉक्स जैसे छोटे और दिलचस्प नवाचार शामिल हैं, जहां सिरी जैसी आवाज बताती है कि क्यूआर कोड द्वारा प्रत्येक भुगतान के साथ तुरंत कितना पैसा प्राप्त हुआ है। इससे छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी वालों के बीच अविश्वास को पाटने में मदद मिली है, जो लंबे समय से नकद लेनदेन के आदी थे। डिज़ाइन का एक अन्य प्रमुख तत्व ग्राहक को यूपीआई के लिए सेवा प्रदाता का विकल्प प्रदान करना है, भले ही ग्राहक का खाता किसी भी बैंक में हो। पसंद की शक्ति का मतलब है कि ग्राहक भुगतान के लिए यूपीआई तक पहुंचने के लिए अपने पसंदीदा भुगतान ऐप चुन सकते हैं। यूपीआई के साथ रुपे क्रेडिट कार्ड का एकीकरण डिजिटल भुगतान परिदृश्य में एक क्रांतिकारी कदम है, जो उपभोक्ताओं के लिए क्रेडिट कार्ड और यूपीआई दोनों के लाभों को जोड़ता है।

यूपीआई लेनदेन के लिए क्रेडिट कार्ड द्वारा दी जाने वाली अल्पकालिक क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाकर, कार्डधारक अब अपने बचत खातों से निकासी के बजाय अपनी क्रेडिट लाइनों का उपयोग करके भुगतान शुरू कर सकते हैं। भारत का मजबूत डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र दुनिया भर का ध्यान आकर्षित कर रहा है। यूपीआई की स्थानीय सफलता के बाद, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने भुगतान प्रणाली को देश के बाहर ले जाने के लिए 2020 में एनआईपीएल (एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड) नामक एक शाखा की स्थापना की। तब से, एनआईपीएल और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारत की सीमाओं से परे यूपीआई-आधारित लेनदेन का विस्तार करने के लिए 30 से अधिक देशों में वित्तीय संस्थाओं के साथ समझौते किए हैं। हाल के दिनों में, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका यूपीआई बैंडवैगन में शामिल हो गए हैं। फ्रांस में यूपीआई का प्रवेश महत्वपूर्ण है, जिससे इसे पहली बार यूरोप में पैर जमाने में मदद मिली। पीएम मोदी ने ब्रिक्स समूह में यूपीआई के विस्तार की वकालत की है, जिसमें अब छह नए सदस्य देश हैं। 2016 में एक मामूली शुरुआत से, आज यूपीआई की अभूतपूर्व स्वीकार्यता और स्वीकार्यता एक अनूठी कहानी है जो अपने पैमाने और प्रभाव के मामले में बेजोड़ है।

> यूपीआई की वृद्धि ने न केवल भुगतान के लिए नकदी का बड़े पैमाने पर विस्थापन किया है, बल्कि अन्य डिजिटल भुगतान विधियों को भी विस्थापित कर दिया है। उदाहरण के लिए, व्यापारी भुगतान के लिए डेबिट कार्ड का उपयोग साल-दर-साल कम हो रहा है, और यूपीआई ने आज प्रीपेड वॉलेट तक पहुंचने के तरीके को भी बदल दिया है। जैसे-जैसे यूपीआई का विकास और नवप्रवर्तन जारी है, यह भारत के डिजिटल भविष्य को आकार देने में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हालाँकि, डिजिटल भुगतान प्रणाली की सफलता न केवल डिजिटल भुगतान बुनियादी ढांचे की मजबूती में निहित है, बल्कि व्यवहारिक झुकाव में भी है जिसने लोगों को नकदी से डिजिटल पर स्विच करने के लिए प्रोत्साहित किया। किसी भी व्यवहारिक परिवर्तन की तरह, इसे व्यावहारिक नवाचारों के माध्यम से सिस्टम के विश्वास और पहुंच पर आधारित होना चाहिए जो इसके मुख्य समूह के लिए इसकी प्रासंगिकता सुनिश्चित करता है।

# राष्ट्रीय एकता के संकल्प का दिन



डॉ रामेश्वर मिश्र



पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के विचारों और कार्यो को लेकर पूरा देश दो विचारधाराओं में बट जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के शहादत दिवस को पूरा देश राष्ट्रीय संकल्प दिवस के रुप में मनाता है, परंतु क्या हम किसी विशेष अवसरों पर भारतीय इतिहास के पुरोधाओं का जिक्र करते हुए अपने उतरदायित्व से बच सकते हैं, क्या हम 31 अक्टूबर 1984 के दिन के अपने संकल्प के मायने भूल गए हैं, क्या राष्ट्रीय एकता और अखंडता का हमारा संकल्प केवल एक संकल्प हैं, आदि अनेक ऐसे प्रश्न है जो भारतीय जनमानस के मन मस्तिष्क को उद्देलित करते हैं।

आज की तारीख का इतिहास में अपना एक विशिष्ट स्थान है, आज हम राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अपने जीवन को समर्पित करने वाले अपने दो महान व्यक्तित्वों को याद कर रहे हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल आजादी के बाद बिखरे और 584 अलग अलग रियासतों में बटे भारत को अखण्ड और पूर्ण भारत बनाने का संकल्प लिया, सरदार वल्लभ भाई पटेल के दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर यह कार्य महज दो वर्षो में पूर्ण हो गया। 15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वाधीन हुआ तब भारत में 9 प्रान्तों के अतिरिक्त 584 रियासते थीं, इन रियासतों में तीन रियासते आकर और आबादी में बड़ी थी जो पृथक राज्य का रुप धारण कर सकती थीं तथा 202 रियासते बहुत छोटी थी। महात्मा गांधी ने रियासतों के विलय के संकट को देखते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल को पत्र लिखा कि कि रियासतों की समस्या इतनी जटिल है कि केवल तुम ही हल कर सकते हो। सरदार पटेल अपनी ईमानदारी एवं कड़ी मेहनत के बदौलत महात्मा गांधी और समस्त देशवाशियों के विश्वास पर खरे उतरे। 15 अगस्त 1947 को जब भारत स्वाधीन हुआ तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की उम्र 20 साल थी, बतौर गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल से इंदिरा जी का रिश्ता पारिवारिक था। इंदिरा जी को महत्वपूर्ण राजनैतिक निर्णयों के विषय में अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी सुनने और समझने का अवसर मिला था। वह सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के राष्ट्रीय एकीकरण के महत्व को भली भांति समझती थी। भारत की प्रधानमंत्री बनने के पश्चात उन्हें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। भारत देश में उस समय अनेक असमानताएं विद्यमान थीं। यद्यपि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने बिखरे और विखंडित भारत का एकीकरण किया था परन्तु भारत के अन्दर विद्यमान असमानता और अनेकता के एकीकरण का संकल्प इंदिरा जी ने लिया। भारत देश में उस समय बैकिंग क्षेत्र में पर्याप्त असमानता थीं, बैकिंग व्यवस्था में उस समय कुछ विशेष परिवार का अधिकार था जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था में विशेष असमानता थी, इस असमानता को दूर करने के लिए 19 जुलाई 1969 को 14 बैकों का राष्ट्रीयकरण इंदिरा जी ने कर दिया जिसके फलस्वरूप राष्ट्रीय सम्पत्ति में 800 प्रतिशत की वृद्धि हुई और देश भर में बैक शाखाएं 8200 से बढ़कर 62 हजार हो गई, बैकों की सर्वाधिक शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में खोली गई। बैकिंग क्षेत्र में व्याप्त असमानता को दूर करने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी ने गरीबी और असमानता को दूर करने का निर्णय लिया जिसको को पूरा करने के लिए 1971 में कोयला, तांबा, रिफाइनरी, कपास, कपड़ा और बीमा क्षेत्र का राष्ट्रीय एकीकरण कर दिया। इसी क्रम में इंदिरा गांधी ने देश में समानता के विचार को और मजबूत बनाने के लिए राजा-महाराजाओं को मिलने वाले वित्तीय लाभ यानी प्रिवीपर्स को बंद करने का फैसला लिया। 1971में संविधान संशोधन के द्वारा इंदिरा जी ने राजा-महाराजाओं को मिलने वाली सुविधाओं को भी समाप्त कर दिया जिससे भारत में राजाओं एवं आम भारतीयों के बीच का अन्तर समाप्त हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के निर्णय और कार्य करने की रणनीति कुशलता का जिक्र करते हुए हेनरी किंसिजर ने अपनी पुस्तक में लिखा कि श्रीमती गांधी मजबूत व्यक्तित्व की थीं जो भारत के राष्ट्रीय हितों के एक मात्र लक्ष्य के लिए सूझ बूझ और चतुराई से काम करती थी। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के बांग्लादेश के मुक्ति आंदोलन के दौरान तेल कम्पनियों ने ईधन उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया था, इस समस्या से निपटने के लिए 1973 में तेल कम्पनियों का राष्टीयकरण कर दिया। इंदिरा गांधी जी सरदार वल्लभ भाई पटेल के राष्ट्रीय एकीकरण के कार्य को भारत की आन्तरिक व्यवस्था में विद्यमान असमानता और एकाधिकार को समाप्त करके भारत की अस्मिता और अखण्डता को सुदृढ करने का कार्य किया। इंदिरा जी ने शहादत से एक दिन पूर्व 30 अक्तूबर 1984 के दिन भुवनेश्वर में अपने भाषण में कहा था कि 'मैं आज यहां हूं कल शायद न रहूं, मुझे चिंता नहीं, मैं रहूं या नहीं रहूं, मेरा लंबा जीवन रहा है और मुझे इस बात का गर्व है कि मैंने अपना पूरा जीवन अपने लोगों की सेवा में बिताया। मैं अपनी आखिरी सांस तक ऐसा करती रहूंगी, जब मैं मरूंगी तो मेरे खून का एक-एक कतरा भारत को मजबूत करने में लगेगा। उन्होंने ने यथार्थ जीवन में भी देश सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहीं यह जानते हुए भी अपने अंगरक्षकों को जाति, धर्म के आधार पर हटाने से इंकार कर दिया था। इंदिरा जी की देश सेवा के प्रति कर्तव्यनिष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। भारत की राष्ट्रीय अखण्डता, एकता, अस्मिता और गर्व के लिए सतत संलग्न रहने वाली पूर्व प्रधानमंत्री जी के द्वारा किये गये कार्यो को हृदयगम्य करने के साथ आज संकल्प लें कि देश की अखण्डता एवं एकता के लिए सदा कर्तव्यपथ पर अग्रसर रहेंगे यही हमारी अपनी राष्ट्रीय एकता की नेता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# गन्ना मूल्य भुगतान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल: मुख्यमंत्री योगी



**चीनी मिलों को समय से प्रारम्भ कराया जाये, ताकि किसान गन्ने की कटाई कर गेहूं की बुवाई समय से कर सकें**

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गन्ना मूल्य भुगतान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने निर्देशित किया है कि जिन डिफाल्टर चीनी मिलों द्वारा अभी तक पेराई सत्र 2022-23 का गन्ना मूल्य भुगतान नहीं किया है, उनके देय गन्ना मूल्य का भुगतान प्राथमिकता पर कराया जाये। गन्ना मूल्य भुगतान न करने वाली चीनी मिलों के विरुद्ध वसूली प्रमाण-पत्र जारी करते हुए गन्ना मूल्य भुगतान सुनिश्चित कराया जाये।

मुख्यमंत्री जी के कड़े रुख के फलस्वरूप बजाज समूह द्वारा पेराई सत्र 2022-23 के देय गन्ना मूल्य के सापेक्ष एकमुश्त 1,371 करोड़ रुपये की धनराशि अपनी चीनी मिलों से सम्बद्ध किसानों के खातों में विगत 24 घंटों में अन्तरित की गयी है। बजाज समूह की चीनी मिलों से सम्बद्ध लगभग 5.25 लाख गन्ना किसानों के खातों में बकाया गन्ना मूल्य की धनराशि पहुंचने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। त्योहारों के समय लम्बित धनराशि प्राप्त होने पर गन्ना किसानों ने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया है। बजाज समूह की चीनी मिलों द्वारा अन्तरित की गई धनराशि के अन्तर्गत चीनी मिल गागनौली सहारनपुर द्वारा 98 करोड़ रुपये, थाना भवन शामली द्वारा 142 करोड़ रुपये, भैसाना मुजफ्फरनगर द्वारा 112 करोड़ रुपये, किनौनी मेरठ द्वारा 180 करोड़ रुपये, बिलाई बिजनौर द्वारा 90 करोड़ रुपये, बरखेड़ा पीलीभीत द्वारा 93 करोड़ रुपये, मकसूदापुर शाहजहांपुर द्वारा 68 करोड़ रुपये, गोला गोकर्णनाथ लखीमपुरखीरी द्वारा 185 करोड़ रुपये, पलियाकलां लखीमपुरखीरी द्वारा 157 करोड़ रुपये, खम्भारखेड़ा लखीमपुरखीरी द्वारा 82 करोड़ रुपये, कुंदरखी गोण्डा द्वारा 82 करोड़ रुपये, इटईमैदा बलरामपुर द्वारा 37 करोड़ रुपये, रुदौली बस्ती द्वारा 37 करोड़ रुपये तथा प्रतापपुर देवरिया द्वारा 10 करोड़ रुपये की धनराशि शामिल है। मुख्यमंत्री जी ने गन्ना मूल्य भुगतान न करने वाली चीनी मिलों की चीनी व अन्य सह-उत्पादों की तेजी से बिक्री कर प्राथमिकता पर गन्ना किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान कराए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री जी के सख्त रूख के परिणामस्वरूप चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग द्वारा अन्य बकायेदार समूहों यथा-राणा, यदु, ओसवाल, केसर, सिम्भावली, मोदी और शामली की चीनी मिलों में उपलब्ध चीनी स्टॉक, शीरा, बगास, खोई एवं अन्य सह-उत्पादों की तेजी से बिक्री कर प्राप्त धनराशि से गन्ना मूल्य भुगतान सुनिश्चित कराने हेतु चीनी मिलों एवं विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये गये हैं। विभागीय अधिकारियों को यह निर्देश भी दिये गये हैं कि यदि चीनी मिलें इन निर्देशों का अनुपालन नहीं करती हैं, तो उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की वसूली हेतु वसूली प्रमाण-पत्र जारी करने की संस्तुति प्रेषित की जाये। इसके अतिरिक्त, चीनी मिलों पर पैनी निगाह रखते हुए टैगिंग आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के भी निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये हैं।

## आईसीएआर-एनबीएफजीआर ने मछलियों के संरक्षण जीव विज्ञान में उभरते उपकरण और पद्धतियां पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, लखनऊ ने डॉ. यूके सरकार, निदेशक, भाकृअनुप- एनबीएफजीआर के मार्गदर्शन में 20-29 सितंबर, 2023 के दौरान शोधार्थियों और छात्रों के लिए %मछलियों के संरक्षण जीव विज्ञान में उभरते उपकरण और पद्धतियों% पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। इसमें प्रतिभागियों के मछलियों के संरक्षण जीव विज्ञान के क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले उभरते उपकरणों और पद्धतियों में कौशल विकास और विशेषज्ञता बढ़ाने पर जोर दिया गया , जो जलीय जैव विविधता संकट को कम करने में मदद कर सकते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. बीपी मोहंती, अतिरिक्त महानिदेशक (अंतर्देशीय मत्स्य पालन), भाकृअनुप ने आईसीएआर-एनबीएफजीआर के संरक्षण और प्रबंधन पहलुओं के प्रति युवाओं को प्रशिक्षित करने के प्रयासों की सराहना की, जो आईसीएआर के ÷स्टूडेंट रेडी÷ विजन को दर्शाता है। देश के विभिन्न हिस्सों से कुल 25 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण में संरक्षण जीव विज्ञान के कई आयामों (सिद्धांत और व्यावहारिक दोनों हैंड्स-ऑन) को शामिल किया गया, जिसमें टैक्सोनॉमी, मत्स्य जीव विज्ञान, आवास इंटरैक्शन, विविधता मूल्यांकन, जनसंख्या और आनुवंशिक संरचना मूल्यांकन, एक्स-सीटू और इन-सीटू संरक्षण उपकरण, जलवायु परिवर्तन मॉडलिंग, जीनोटॉक्सिसिटी, सह-प्रबंधन और संरक्षण नीति उपाय शामिल हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 32 व्याख्यान दिए गए, जिनमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में प्रसिद्ध मत्स्य पालन, वन्यजीव और पर्यावरण प्रबंधन शोधकर्ताओं द्वारा 11 अतिथि व्याख्यान शामिल थे। प्रशिक्षण का समन्वय वैज्ञानिक डॉ. रजनी चंद्रन और डॉ. जी. कंथाराजन और आईसीएआर-एनबीएफजीआर में सह-समन्वय टीम द्वारा किया गया।

## प्राइमरी विंग ग्राउंड में अपना भव्य वार्षिक उत्सव गैलेक्सिया डी मैग्डलीन मनाया गया



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कैनोसा स्कूल, फरीदीनगर, लखनऊ ने 30 अक्टूबर 2023 को अपने संस्थापक सेंट मैग्डलीन ऑफ कैनोसा के 250वें जन्मदिन को चिह्नित करने के लिए प्राइमरी विंग ग्राउंड में अपना भव्य वार्षिक उत्सव, गैलेक्सिया डी मैग्डलीन मनाया, जिन्होंने कैनोसियन डॉटर्स ऑफ चैरिटी की स्थापना की थी। 1808 वेरोना, इटली में। यह उत्सव मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के गरिमामय दल के औपचारिक मार्च के साथ शुरू हुआ, जिसका नेतृत्व स्कूल के हेड बॉय हर्ष प्रताप सिंह ने किया। स्कूल हेड गर्ल कृतिका तिवारी अन्य कैबिनेट सदस्यों के साथ, सभी बैंड की शानदार ध्वनि की धुन पर मार्च कर रहे थे। गणमान्य व्यक्तियों का स्कूल प्रांतीय श्रेष्ठ, सीनियर ज़िनिया डी सूजा, प्रबंधक सीनियर फिलो लोबो, स्कूल प्रिंसिपल सीनियर रोज़ी एम.पी और अन्य प्रमुखों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। औपचारिक कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना नृत्य से हुई, जिसके बाद छोटे बच्चों द्वारा पर्यावरण बचाओ विषय पर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्राथमिक कक्षा के छात्रों ने अपने दिल को छू लेने वाले प्रदर्शन से अपनी माँ को श्रद्धांजलि अर्पित की। औपचारिक कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए पुरस्कार वितरण शामिल था। शाम का मुख्य आकर्षण कैनोसा की संस्थापक सेंट मैग्डलीन की जीवनी पर आधारित लघु नाटिका और शिक्षा, दान और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके पूरे जीवन में योगदान था।

## बिना मान्यता मदरसों और छात्रवृत्ति में गड़बड़ी की होगी उच्चस्तरीय जांच

**लखनऊ।** यूपी में बिना मान्यता चल रहे मदरसों और अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति में गड़बड़ियों की उच्चस्तरीय जांच होगी। इस संबंध में प्रदेश सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। प्रदेश में हजारों की संख्या में बिना किसी वैध मान्यता के मदरसे चल रहे हैं। एसआईटी मदरसों को मिल रहे विदेशी फंड की भी जांच कर रही है। हाल ही में केंद्रीय अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति और शुल्क भरपाई के लिए आवेदन करने वाले 14 हजार छात्र फर्जी मिले हैं। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि इन मामलों को लेकर हम गंभीर हैं। उच्चस्तरीय जांच कराने का फैसला किया गया है। छात्रवृत्ति की केंद्रीय योजना हो या राज्य सरकार की योजना, हम उसमें पारदर्शिता बरतने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हर जिले में कड़ी जांच होगी, जो भी दोषी मिलेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए।

# अखिलेश की कथनी और करनी में फर्क



**इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड**

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बुंदेलखंड का विकास प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। प्रदेश में 100 आकांक्षी ब्लाकों का चयन किया गया है। इन ब्लाकों का विकास प्राथमिकता से कराना है। इसलिए बीडीओ और ब्लाक प्रमुखों के साथ मीटिंग की है। यहां के तीन ब्लाक आकांक्षी में शामिल हैं। डिप्टी सीएम अपने निर्धारित समय से करीब दो घंटे विलंब से यहां पहुंचे।

पहले उन्होंने रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भाजपा की ओरसे आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। वहां से मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे। इसके बाद वह एक मिनट मंडलायुक्त बालकृष्ण पांडेय के कक्ष में रुके। फिर परिसर में बनी रंगोली व समूह की महिलाओं की ओर से तैयार दीयों का अवलोकन किया। सभागार में खंड विकास अधिकारियों और ब्लाक प्रमुखों के साथ बैठक की। पत्रकारों से बातचीत में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी। तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों की करारी हार होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र के बेटे की मौत पर हम बेहद दुखी हैं। इसमें जो भी दोषी होगी, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को लेकर हुए सवाल पर बोले, उनकी कथनी और करनी में अंतर है। कमल खिला है और खिला रहेगा। तीसरी बार फिर भाजपा की सरकार बननी तय है।

### जनता सब देख रही है : अजय राय



**लखनऊ।** अखिलेश की पीडीए साइकिल यात्रा पर यूपी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने तंज कसा है। अजय राय ने कहा है कि मुझे नहीं लगता इस यात्रा से जनता पर कोई असर पड़ेगा। जनता सब देख रही है। बता दें कि दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों को साधने के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव साइकिल यात्रा निकाल रहे हैं। इस यात्रा को पीडीए नाम दिया गया है जिसका अर्थ (पिछड़ा+ दलित+ अल्पसंख्यक) है। यूपी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने कहा राजनीतिक दल अपने तरीके से काम करते हैं। लेकिन जो दल सत्ता में रहे हैं तो उन्हें जनता के लिए काम करना चाहिए था। राय ने आगे कहा कि जब आप इस तरह की यात्रा निकालते हैं तो इसका मतलब है कि आप लोगों को अपने साथ जोड़ नहीं पाए। राय ने कहा कि अगर हम कांग्रेस की बात करें तो हम यूपी की सत्ता में पिछले कई सालों से नहीं रहे हैं। हम इस तरह की यात्रा निकालते हैं तो स्वाभाविक है। लेकिन अखिलेश (सपा) तो सत्ता में रहे हैं, बावजूद इसके अगर पिछड़ों या अन्य लोगों को जोड़ने के लिए साइकिल यात्रा निकाली जा रही है तो इसका बहुत बड़ा कोई असर जनता पर पड़ने वाला नहीं है। राय ने कहा कि जनता एक-एक चीज को देख रही है। यात्राएं करना चाहिए, इसमें कोई दिक्कत नहीं, लेकिन सत्ता में रहते हुए जो काम आपको करना चाहिए था वो काम आप नहीं कर पाए। राय ने कहा कि अब आप जनता को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं।

# 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक सर्तकता जागरूकता सप्ताह का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक सर्तकता जागरूकता सप्ताह का आयोजन होगा। भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें की थीम पर यह सप्ताह मनाया जायेगा। सोमवार को मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक डॉ.मनीष थपल्याल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्यकलापों के प्रति सत्यनिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता, भ्रष्टाचार उन्मूलन, संगठन की प्रतिष्ठा एवं विकास के प्रति सचेत रहने तथा भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिए सतर्क रहते हुए ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के सर्वोच्च मानकों के साथ कार्य करने की शपथ दिलाई। इस सप्ताह विशेष में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में निबंध लेखन, स्लोगन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सामूहिक वाद विवाद एवं नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया जायेगा।

### 82 करोड़ की लागत से दोहरीकृत लाइन का हो रहा निर्माण

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल की ओर से संरक्षा एवं परिचालनिक सुगमता के लिए मूलभूत ढांचे में विस्तार को लेकर एक अतिरिक्त 3.5 किलोमीटर प्रोजेक्ट के अन्तर्गत स्वतंत्र रेलवे बाईपास लाइन ऐशबाग व मानकनगर स्टेशनों के मध्य 82 करोड़ रुपये की लागत से दोहरीकृत लाइन का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण संगठन की ओर से नई रेलवे लाइन परियोजना का निमार्ण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इस परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य वर्ष 2024 के फरवरी के अंत तक निर्धारित किया गया है। इस निर्माणाधीन स्वतंत्र रेलवे लाइन प्रोजेक्ट के अन्तर्गत ऐशबाग ब्लॉक हट-ए और मानकनगर खण्ड पर त्रेल ओवर रेल ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत रेलवे ब्रिज लखनऊ व आलमनगर रेल लाइन के नीचे पूर्वोत्तर रेलवे का प्रस्तावित रेलवे ट्रैक ऐशबाग व मानकनगर रेल लाइन तैयार किया जायेगा। जिसकी लम्बाई 44 मीटर होगी। इसके निर्मित होने के बाद पूर्वोत्तर रेलवे के ऐशबाग जंक्शन तथा लखनऊ जंक्शन से आने जाने वाली ट्रेनों के संचालन के लिए एक अतिरिक्त स्वतंत्र रेलवे लाईन प्राप्त होगी। जिससे ट्रेनों की परिचालनिक क्षमता तथा समय पालन में वृद्धि होगी।

## अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ संयुक्त रूप से औचक जांच अभियान चलाया

**लखनऊ।** अवैध एवं अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम और अंकुश लगाने के लिए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वाणिज्य विभाग की कैटरिंग टीम एवं रेल सुरक्षा बल ने अनाधिकृत वेंडरों के खिलाफ संयुक्त रूप से औचक जांच अभियान चलाया। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान टीम ने गाड़ी संख्या 15066 पनवेल गोरखपुर एक्सप्रेस के लखनऊ पहुंचने पर सघन जांच की गई। इस जांच के दौरान सात वेंडरों को अनाधिकृत रूप से तथा गाड़ी संख्या 01432 गोरखपुर पूना सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन पर चार वेंडरों को अनाधिकृत रूप से बिना किसी वैध प्राधिकार पत्र के खाने पीने का सामान बेचते हुए पाया गया। पूछताछ करने इन सभी के पास से खाने पीने का सामान गाडियों एवं प्लेटफाऊर्म पर बेचने सम्बंधी कोई वैध प्राधिकार पत्र नहीं पाया गया। जिससे इन सभी ग्यारह अनाधिकृत वेंडरों को उनके सामान सहित अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए रेल सुरक्षा बल लखनऊ के सुपुर्द कर दिया गया।

# अब्बास अंसारी की वीसी से हुई पेशी

**आरोपी उमर अंसारी की संपत्ति कुर्क करने का दिया आदेश**

**मामला दक्षिणटोला थाना क्षेत्र का है**



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उलंघन के मामलों में आरोपी विधायक अब्बास अंसारी की सोमवार को कासगंज जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई। एसीजेएम एमपी/ एमएलए श्वेता चौधरी ने मामले मे हाजिरी के लिए 6 नवंबर की तिथि नियत किया। वही इस मामले में आरोपी उमर अंसारी के कोर्ट में उपस्थित न होने पर उनकी संपत्ति कुर्क करने के लिए धारा 83 सीआरपीसी के तहत आदेश दिया। साथ ही मामले में 17 नवंबर की तिथि नियत किया।

मामला दक्षिणटोला थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार तत्कालीन निरीक्षक पंकज कुमार सिंह की तहरीर पर 12 फरवरी 22 को चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अपराध संख्या 27/ 22 धारा 188, 171एच भादवि व धारा 133 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज हुई थी। मामले में पुलिस ने विवेचना कर अब्बास अंसारी, उमर अंसारी, साकिब लारी,शाहिद लारी,इशराईल अंसारी और रमेश राम के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया है। मामले में उमर अंसारी के कोर्ट में उपस्थित न होने पर गैरजमानती वारंट जारी किया गया था। साथही उनकी पत्रावली अलग कर दी गई थी। सोमवार को कोर्ट मे उपस्थित न होने पर एसीजेएम ने उनके विरुद्ध गैरजमानती वारंट के साथ ही उनकी संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया। उधर इस मामले मे अब्बास अंसारी की वीसी से पेशी हुई। मामले में आरोपीगण शाहिद लारी,साकिर लारी,इसराईल और रमेश राम के विरुद्ध गैरजमानती वारंट जारी किया था।

सोमवार को आरोपी रमेश राम को पुलिस गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। एसीजेएम एमपी/ एमएलए श्वेता चौधरी ने मामले में आरोपियों की हाजिरी के लिए 6 नवंबर की तिथि नियत किया।

## प्रधानमंत्री आवासों के पंजीकरण की तारीख फिर बढ़ी

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से बसंतकुंज के सेक्टर-आई में बनाए जा रहे प्रधानमंत्री आवासों के पंजीकरण के लिए एक बार फिर तारीख बढ़ा कर 30 नवम्बर कर दी गयी है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि पंजीकरण की तारीख जनता की मांग पर एक महीने बढ़ा दी गयी है। आर्थिक रूप से कमजोर लोग जिनके पास अपना पक्का आवास नहीं हैं वह इन आवासों के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। इस बार भवन की कीमत 7,29,550 रुपये है, जिसके लिए आवंटी को 7,29,550 रुपये देने होंगे। आवास के लिए लविप्रा की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा और पंजीकरण के लिए 10 हजार रुपये पंजीकरण शुल्क देना होगा। आवंटन पत्र जारी होने के बाद एक महीने में 50 हजार रुपये और शेष धनराशि 60 मासिक किस्तों यानि 8308 रुपये प्रतिमाह की दर से देना होगी।

## इरफ़ान ने कांग्रेस का थामा दामन



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** एआईएमआईएम के प्रदेश सचिव और टांडा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी इरफान पठान के कांग्रेस में शामिल होने से ओवैसी को तगड़ा झटका लगा है एआईसीसी सदस्य सै मेराजुद्दीन किछौछवी, पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इरफान पठान का कांग्रेस परिवार में बहुत बहुत स्वागत है सांप्रदायिक ताकतों का अंत अब निकट है। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि टांडा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी इरफान पठान ने आज कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित कुमार वर्मा के साथ उप्र कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। उप्र कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने उन्हें कांग्रेस का पटका पहनाकर ध्वजा थमाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई इस मौके पर प्रमुख रूप से उप्र अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष मो आलम मौजूद रहे। उप्र कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा जियाराम वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार पाल, उप्र कांग्रेस सचिव अमित जायसवाल, मो अनीश खान ,जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ,उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुखीलाल वर्मा, पीसीसी सदस्य गुलाम रसूल छोटू,उप्र किसान कांग्रेस के सचिव अमित कुमार यादव ,किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष वशिष्ठ पांडेय ,अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष हाजी सलीम, पूर्व जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ इमरान गांधी, शाहबाज गांधी अंसारी, मो अजीज, मो तौसीफ़ ने बधाई देते हुए कहा कि इरफान पठान के कांग्रेस में शामिल होने से संगठन को अपार मजबूती मिलेगी।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने मातृ स्वास्थ्य, नवजात एवं बाल स्वास्थ्य, आयुष्मान भारत योजना, सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की।

मुख्य विकास अधिकारी ने नियमित टीकाकरण के तहत शून्य से पाँच साल तक के शत प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण में केजीएमयू में पढ़ाई कर रहे एमबीबीएस के अंतिम वर्ष के छात्रों का सहयोग लिया जाए। जिलाधिकारी ने उन सभी ब्लॉक के ब्लॉक एकाउंट मैनेजर की एक साल तक वेतन में वृद्धि रोकने के आदेश दिए जिन ब्लॉक में जननी सुरक्षा योजना सहित किसी भी स्वास्थ्य कार्यक्रम के मद में 40 फीसद से कम का भुगतान हुआ हो। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय वेक्टर जनित नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की भी समीक्षा की।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आर.एन.सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.ए.पी. मिश्रा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.ए.पी.सिंह, डा.निशांत निर्वाण, डॉ संदीप सिंह, डॉ के.डी.मिश्रा,जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश यादव,सभी जिला अस्पतालों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, शहरी एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधीक्षक,जिला समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक विष्णु प्रताप,सुधीर वर्मा विश्व स्वास्थ्य संगठन,यूनिसेफ़ और स्वयंसेवी संस्था पाथ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में काशी के हर घर में जाएगा अक्षत





**लखनऊ।** अयोध्या में बन रहे रामलला के भव्य दरबार की प्राण प्रतिष्ठा में काशी के हर घर से भक्त पहुंचेंगे। इसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके भी आनुषांगिक संगठन गांव-गांव में जन जागरण अभियान चलाएंगे। पूरी काशी में प्राण प्रतिष्ठा से एक सप्ताह पहले राममय माहौल बनाया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा में हर घर से एक व्यक्ति को शामिल करने की रणनीति पर अमल के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय की अध्यक्षता में आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और भाजपा सहित सभी सहयोगी संगठनों की समन्वय बैठक हुई। कोईराजपुर स्थित एक स्कूल में हुई बैठक में तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा कि अयोध्या से अक्षत और रज हर घर के लिए भेजा जाएगा। सभी संगठनों के कार्यकर्ता जन जागरूकता के साथ ही आमंत्रण घर-घर पहुंचाएं। इससे पहले काशी में उत्सव का माहौल बनाया जाए और रामनाम संकीर्तन, रामायण पाठ आदि आयोजन भी किया जाए। काशी के सभी मठ और मंदिरों में भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने की कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई। इसके लिए सभी मठ-मंदिरों में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन 15 से 24 जनवरी तक मनाया जाएगा।

# आज का अखंड भारत सरदार पटेल की देन: प्रो. रामगोपाल

वहाज अली निहाल

■ के के कॉलेज में हुआ सरदार पटेल जयंती समारोह

**इटावा।** देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल ने समूचे राष्ट्र को जोड़ने तथा अखंड बनाने में अप्रतिम एवं अविस्मरणीय योगदान दिया और आज का अखंड भारत सरदार पटेल की ही देन है। ये विचार उ.प्र.सरदार पटेल विचार मंच के तत्वावधान में कर्मक्षेत्र महाविद्यालय में आयोजित हुए सरदार पटेल जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद प्रो.रामगोपाल यादव ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जो संघर्ष से निकल कर आने वाले नेता होते है, उनका कद किसी भी प्रधान मंत्री से ऊंचा होता है। सरदार पटेल भी किसी एक जाति, धर्म के नहीं बल्कि सभी भारतीयों के महान नेता थे, इसीलिए उन्हें राष्ट्रीय एकता का प्रतीक भी माना जाता है। देश के बटवारे के समय अगर उन्होंने अपने बौद्धिक कौशल से उस समय की छह सौ रियासतों का भारत में विलय न कराया होता तो आज वे छह सौ रियासतें स्वतंत्र राज्य के रूप में देश को उस तरह कोढ़ग्रस्त कर रही होती, जैसे किसी शरीर में सौ फोड़े होने पर कष्ट होता है।

उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों का विशेष रूप से आह्वान करते हुए कहा कि आज लोकतांत्रिक आजादी भी खतरे में आ गई है। चारो तरफ भय और आतंक का माहौल है, इसलिए नफरत फ़ैलाने वाली निरंकुश सत्ता के झूठ और मायाजाल में न आते हुए देश को सर्वोपरि मानकर इस व्यवस्था को भी बदलने की अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक आशीष पटेल तथा कुर्मी समाज के उनके सभी सहयोगियों का विशेष धन्यवाद भी किया कि वे प्रतिवर्ष ही पटेल जयंती का आयोजन कर नई पीढ़ी को भारत के ऐसे महान नेता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचित कराने का काम करते है।



समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं टांडा( अंबेडकर नगर ) के विधायक राममूर्ति वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल अखंड भारत के निर्माता थे और हिंदुस्तान के नक्शे में सरदार पटेल का चेहरा दिखता है। गंगा जमुनी संस्कृति भी उन्हीं की देन है, लेकिन आज की हुकूमत उनके सपनों को चकनाचूर कर रही है। दूसरा पटेल अब पैदा नहीं हो सकता। पटेल के बाद चौ.चरण सिंह और नेताजी मुलायम सिंह यादव भी उन्हीं के दिखाए गए रास्ते पर चले।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित युवा समाजवादी नेता एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष आदित्य यादव अंकुर ने कहा कि पिछले तेईस सालों से लगातार सरदार पटेल की जयंती मनाने की परंपरा कायम रखकर आशीष पटेल और उनके समाज के युवा साथियों ने सराहनीय काम किया है। पटेल जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों का सपने समाजवादी ही पूरा कर सकते हैं। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने भी विचार रखे। समारोह की अध्यक्षता कर रहे के के कॉलेज के प्राचार्य डॉ.महेंद्र सिंह ने सरदार पटेल के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा तत्कालीन रियासतों का भारत में कराए गए विलय कार्यवाई की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम को अध्यक्ष प्रबंध समिति विजय शंकर वर्मा, अध्यक्ष शिक्षक संघ प्रो शिवराज सिंह यादव ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि प्रो. रामगोपाल यादव ने पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा, आदित्य यादव अंकुर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल, कार्यक्रम संयोजक आशीष पटेल, जिला। अध्यक्ष सपा गोपाल यादव के साथ पक्का तालाब चौराहे पर स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया, जहां उनका जमकर आतिशबाजी एवं ढोल नगाड़े बजाकर भव्य स्वागत किया गया। मंच पर लगाई गई विशाल एलसीडी पर अपने अदम्य सहयोग से मूर्ति स्थापना कराने वाले समाजवादी नेता एवं पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव के संदेश को भी सुनाया गया। कार्यक्रम में युवा कलाकारों द्वारा देशभक्ति से जुड़े नृत्य गीत की भी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। उ. प्र.सरदार पटेल विचार मंच की ओर से एक सौ से भी ज्यादा गरीब महिलाओं को सम्मान स्वरूप वस्त्र के रूप साड़ियां भेंट में दी गई।

# भारत सरकार के नेशनल वॉश एक्सपर्ट टीम ने किया अवलोकन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारत सरकार के नेशनल वॉश एक्सपर्ट देवेंद्र सिंह बाजवा और अशोक बसरा की टीम ने 16 ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की विभिन्न योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। ओर जाना कि भारत सरकार की धनराशि का कितना सदुपयोग हुआ और ग्राम वासियों को इसका कितना लाभ पहुंचा इसकी समीक्षा भी की गई। ग्रामीण इलाकों में लोगों से बातचीत कर टीम विकास कार्यो से संतुष्ट नजर आई।और प्राप्त ग्रामीणों के सुझावों को भारत सरकार को अवगत कराएंगे। जल जीवन मिशन में हर घर नल योजना, जिसमें गंगाजल को पाइपलाइन द्वारा घर-घर पहुंचने की योजना की समीक्षा की गई। तथा इस योजना के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता एवं योजना को सफल बनाने की तैयारी का भी निरीक्षण किया गया। स्वच्छ भारत मिशन में ग्राम पंचायतों में बनाए जा रहे हैं कूड़ा पृथक्करण केंद्र, सामुदायिक कंपोस्ट पिट, फिल्टर चैंबर, नाली निर्माण ,व्यक्तिगत शौचालय, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र आदि का निरीक्षण कर ओडीएफ प्लस की प्रगति को जाना गया।वॉश एक्सपर्ट ने ग्राम प्रधानों और सचिवों को पेयजल योजना से जलकर लेने तथा योजनाओं का प्रबंधन और देखभाल संयोजित रूप से करने के लिए निर्देश दिए तथा यह भी कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत बन रहे नाली,आरआरसी आदि को संचालित रखें। सेप्टिक टैंक का पानी सीधे नाली में न जाए बल्कि लीच पिट बनाकर निस्तारित

# ज़ी स्कूल के बच्चों ने ताइक्वांडो के सी.बी.एस.ई नेशनल के लिए किया क्वालीफाई

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सी.बी.एस.ई.द्वारा आयोजित ताइक्कांडो जोनल प्रतियोगिता का आयोजन वाराणसी में किया गया जिसमें 150 से अधिक सी.बी.एस.ई.स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल के वंश वर्मा और शौर्य सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया और सी.बी.एस.ई नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। वंश वर्मा ने 37 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक और शौर्य सिंह ने 45 किलो भार वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीतकर अपने





माता-पिता और स्कूल का नाम रौशन करते हुए सी.बी.एस. ई.नेशनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। बच्चों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव ने कहा कि ये उपलब्धि बच्चों के समर्पण को दर्शाती है जो कि उनके माता पिता और अध्यापकों के सहयोग से हुआ है। वाइस चेयरमैन डॉ विकास यादव और प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने बच्चों, उनके माता पिता और अध्यापकों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएँ दी। इस मौके पर मनोज श्रीवास्तव, विनयशील पठानिया और सभी शिक्षकों ने विजेताओं सहित खेल प्रभारी का उत्साहवर्धन किया।

# योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव से गरीबों तक पहुंचाया जाए: राज्य मंत्री

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** विजय लक्ष्मी गौतम राज्य मंत्री, ग्राम विकास विभाग, उ0प्र0की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, श्रमिक पंजीयन, पोषाहार वितरण , कौशल विकास मिशन, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड, आईजीआरएस के लंबित प्रकरण आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 50 लाख से अधिक के कार्यों को लेकर एक जिला स्तरीय अधिकारियों की कमेटी बनाकर प्रति माह निरीक्षण अवश्य किया जाए, जिससे लंबित प्रकरणों में सुधार लाया जाए, साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना जाति-पात भेदभाव से गरीबों तक अवश्य पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर लंबित प्रकरणों को समय से निस्तारण किया जाए। उन्होंने एडीपीआरओ को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर सभी सरकारी योजनाओं की चौपाल लगाकर ग्राम वासियों को जागरूक किया जाए एवं गांव की साफ सफाई रोस्टर बनाकर नियमित की जाए तथा गांव के लोगों को कूड़ा कचरा यथा स्थान डालने के लिए जागरूक भी किया जाए साथ ही स्वच्छता मिशन के अंतर्गत जन जागरण अभियान



चलाकर लोगों को जागरूक किया जाए एवं समस्त ग्राम वासियों को वृक्षारोपण के लिए अवश्य जागरूक करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए वृक्षारोपण अवश्य किया जाए साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि वृक्ष लगाना ही नहीं बल्कि उनकी देखरेख करना भी हमारा कर्तव्य है। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा में डीसी मनरेगा को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा समूह में जोड़ा जाए जिससे कि वह इसका लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि समूह की दीदियों को समय से वेतन दिया जाए इसमें किसी भी तरह की हेरा फेरी न की जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे आवागवन वाले स्थान पर समूह कैंटीन अवश्य खुलवाई जाए जिससे समूह की महिलाओं द्वारा घर पर बनाए गए अचार, बेसन, पापड़ आदि को लेकर आमजन को प्रेरित करें। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देश दिए कि समूह की महिलाओं की मीटिंग बुलाकर उन्हें प्रोत्साहित करें तथा मनरेगा के अंतर्गत गांव-गांव स्टेडियम, ओपन जिम आदि चीजों का निर्माण अवश्य किया जाए साथ ही उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की मंशानुसार ही कार्य किया जाए एवं सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ जन जन तक अवश्य पहुंचाया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, सूरज सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चौथे चंबल लिटरेरी फेस्टिवल का पोस्टर जारी

■ पचनद पर होगा तीन दिवसीय आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा पचनद।** चंबल साहित्य उत्सव के चौथे संस्करण का आयोजन पंचनदा विशाल जलराशि तट पर किया जा रहा है। चंबल की खोई पहचान उभारने के लिए चंबल साहित्य उत्सव का आयोजन 2020 से होता रहा है। चंबल साहित्य उत्सव का चौथा संस्करण आगामी 16-18 फरवरी 2024 को आयोजित होने जा रहा है। सीएलएफ का इस बार का आयोजन चंबल घाटी के बीहड़ों के बीचों-बीच होगा। चंबल, यमुना, सिंध, पहुंज और क्वारी पांच नदियों के विशाल और अनोखे संगम पर अंचल के साहित्यकारों का महाकुंभ लगेगा।




इसमे शामिल होने के लिए सभी को खुला निमंत्रण है।

चंबल अंचल में साहित्य की एक धारदार परंपरा रही है। साहित्य की इसी धरोहर से प्रेरणा लेते हुए चंबल के बिखरे साहित्य को दस्तावेजीकरण कर समाज के सामने उजागर का यह प्रयास है। साथ ही चंबल और देश-दुनिया के साहित्यकारों के बीच एक सेतु का निर्माण करना भी इस आयोजन का मकसद है। इन्हीं उद्देश्यों के साथ रविवार 29 अक्टूबर को चौथे चंबल लिटरेरी फेस्टिवल का पोस्टर जारी कर दिया गया। इस दौरान डॉ.शाह आलम राना, खालिद नाईक, अजय कुमार, डॉ. कमल कुमार कुशवाहा, सौरभ अवस्थी, कपिल तिवारी, कुलदीप परिहार, आदिल खान, शशिकांत दुबे, देवेन्द्र सिंह परिहार आदि उपस्थित रहे। चंबल साहित्य उत्सव पांच नदियों के महासंगम पर ऐतिहासिक मंच बनाकर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें पुस्तक प्रदर्शनी, पुस्तक विमोचन, पुस्तक समीक्षा, साहित्यिक व सामाजिक परिचर्चाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, साक्षात्कार, लघुकथा, शोधपत्र, ओपन माईक, कवि सम्मेलन, फोटो प्रदर्शनी, सेंड आर्ट, हैरिटेज वॉक आदि आयोजित किए जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर उभरती और गुमनाम प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाएगा। चंबल साहित्य उत्सव के चौथे संस्करण का विस्तृत कार्यक्रम की रूपरेखा 16, 17, 18 फरवरी 2024 को पंचनद पर होगा एतिहासिक आयोजन। चंबल लिटरेरी फेस्टिवल के आयोजकों में से डॉ.शाह आलम राना ने बताया कि चंबल एक धारा नही बल्कि विचारधारा है। बगावत और बलिदान की। महजनपद काल में इस धरा ने द्रोपदी की बगावत को देखा। तब पहली बार यहां चंबल के किनारे चमड़ा सुखाने की परंपरा बंद कराया गया। शायद यह पर्यावरण बचाने का आदि संदेश था। मध्यकाल में भी दिल्ली की सत्ता कभी इस इलाके को काबू में नहीं रख सकीं। दिल्ली के बगावती तब चंबल के बीहड़ों में शरण लेते। फिर तो यहां के बीहड़ बगावत का एक सिलसिला ही बन गए। आजादी आंदोलन में अंग्रेजों को सबसे बड़ी चुनौती चंबल के इलाकों में इसी रवायत के चलते मिली। व्यक्तिगत उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ भी बगावत की अभिव्यक्ति चंबल में जारी रही। बंदूक उठाकर बीहड़ कूदना और जालिमों को मटियामेट करने का मुहावरा बन गया। 955 किमी लंबी चंबल नदी के साथ दौड़ते बीहड़ों और जंगलों में क्रांतिकारियों, ठगों, बागियों-डाकुओं के न जाने कितने किस्से दफ्न हैं।

# क्विज कंपटीशन में सेंट मेरी इंटर कालेज बना विजेता

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेंट मेरी इंटर कॉलेज के प्रांगण में फादर ईसाक जैकब मेमोरियल इंटर स्कूल क्विज़ प्रतियोगिता 2023 सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के अध्यक्ष सम्माननीय फादर थॉमस पदियथ( ऑक्सीलियरी बिशप शमशाबाद इटावा राजस्थान क्षेत्र )रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की के रूप में एसडीएम चकरनगर ब्रह्मानंद उपस्थित रहे। फादर शाजी( प्रोक्यूरेटर अर्चडिओसेस आगरा ) ने क्विज़ मास्टर की भूमिका में प्रतियोगिता का सफल संचालन किया। सर्वप्रथम सुश्री स्टेफी मारिया वर्गीस ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ



दीप प्रज्ज्वलन और दिवंगत फादर ईसाक को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद अध्यक्ष महोदय ने अपना संदेश देकर दिवंगत फादर के कृतित्व तथा व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रार्थना सभा में सभी धर्मो की प्रार्थनाएं हुई। तदुपरांत फादर शाजी के नेतृत्व में क्विज़ प्रतियोगिता सम्पन्न हुई जिसमें सेंट मेरी इटावा ने शानदार 110 पॉइंट्स के साथ प्रथम, सेंट पीटर्स जसवंतनगर ने 75 पॉइंट्स के साथ द्वितीय और सेंट एंथोनी फतेहगढ़ ने 60 पॉइंट्स के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाद मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बच्चों को कठिन परिश्रम से आगे बढ़ने का संदेश दिया। तत्पश्चात प्रोफिशिएंसी और स्कॉलरशिप तथा अन्य पुरूस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि एवं विद्यालय समिति के गणमान्य लोगों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन सुश्री दीपा ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शैक्षिक स्टाफ उपस्थित रहा।

# हेमा मालिनी ने जिला विकास समनवय समिति की बैठक ली

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विधायक मांट राजेश चैधरी, विधायक गोवर्धन ठाकुर मेघश्याम सिंह, माननीय मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मीले प्रतिनिधि नरदेव चैधरी, सांसद प्रतिनिधि जर्नादन शर्मा, जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, नगर आयुक्त शशांक चैधरी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, डीएफओ रजनीकांत मित्तल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अजय कुमार वर्मा, पीडी अरूण कुमार उपाध्याय, परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण आदेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विजय लक्ष्मी मौर्या, समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए सांसद ने निर्देश दिये कि विभिन्न प्रकार की आपदाओं से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलवाया जाये।

# चोरी के माल सहित पांच गिरफ्तार

■ मॉल से चुराया लाखों का माल और घटना में प्रयुक्त कार बरामद

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** थाना गोविंद नगर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित माल से चोरी कर भागते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर घटना प्रयुक्त कार और चोरी का संपूर्ण माल बरामद करने में सफलता हासिल की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया थाना गोविंद नगर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित रिलायंस स्मार्ट बाजार (शॉपिंग मॉल) मैं हुई चोरी की वारदात को लेकर पुलिस में हड़कंप मच गया। अधिकारियों के निर्देशन पर पुलिस की टीम को बदमाशों की



गिरफ्तारी में सक्रिय कर दिया।

सॉफ्टवेयर की सूचना पर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गोकुल रेस्टोरेंट के पास से एक अर्टिगा कार से पांच लोगों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से चोरी किया हुआ अमूल गाय का घी 27 पैकेट, पतंजलि का गाय का घी 15 पैकेट , फिगागो जैतुन तेल 17 पैकेट ,गुड लाइफ बादाम 9 पैकेट, 10 पैकेट गुड लाइफ काजू ,अमूल गाय का घी 21 पैकेट, फिगारो जैतून तेल चार डिब्बे, अमूल घी के 13 पैकेट, फिगारो जैतून तेल चार डिब्बे, 6 पीस नेस्कैफे, घटना में प्रयुक्त अर्टिगा कार संख्या यू, पी, 20 सी डी 7218, जिसमें पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम दिनेश कुमार पुत्र घनश्याम सिंह निवासी मरोड़ी थाना नेहतोर जिला बिजनौर हाल निवास मॉडर्न रेलवे सिटी गिरधरपुर सोनारसी थाना बादलपुर जिला गौतम बुद्ध नगर, अभिषेक गुप्ता उर्फ रवि, रंजन गुप्ता उर्फ बाबू निवासीगढ़ कैलाश नगर गांधी चौक थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद, दीपक यादव पुत्र सीताराम यादव निवासी कृष्ण नगर बाबू विजयनगर थाना विजयनगर जिला गाजियाबाद, हर्षित सारस्वत पुत्र धर्मेंद्र सारस्वत निवासी शंकर विहार कॉलोनी फेस 2 थाना बिसरख जिला गौतम बुद्ध नगर बताए हैं पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा है पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक ललित भाटी चौकी प्रभारी चमन कुमार शर्मा चौकी प्रभारी डीग गेट, मसानी धर्मेंद्र कुमार के अलावा दर्जन भर पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का किया गया निरीक्षण



**हरदोई।** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जनपद आगमन के दृष्टिगत आज मंत्री रजनी तिवारी, सांसद जयप्रकाश व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शाहाबाद के उधरनपुर स्थित कार्यक्रम स्थल का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंच को व्यवस्थित ढंग से स्थापित किया जाए। उन्होंने हेलीपैड का स्थान चिन्हीकरण कराते हुए इसे शीघ्र बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी के लिए स्थान चिन्हीकरण कराया। साफ-सफाई आदि की समस्त व्यवस्थाओं के संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केके गोस्वामी सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### नवजात बच्चे को बरामद करने पर महिला व्यापार मंडल ने किया पुलिस कप्तान को सम्मानित



**इटावा।** इटावा पुलिस द्वारा सैंफई पीजीआई से चोरी हुये नवजात शिशु को सकुशल बरामद किये जाने पर सोमवार को महिला व्यापारीयों नें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा एंव उनकी टीम को बधाई दी, एंव प्रतीक चिन्ह एंव पटका पहना कर सम्मानित किया गया। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा एंव प्रदेश मंत्री सुशीला राजावत ने कहा कि बच्चे के गुम होने का गम एक मां से ज्यादा कोई नहीं समझ सकता, पुलिस टीम का समस्त माताओं की तरफ से हृदय से आभार है इस अवसर पर जिलामहामंत्री सीमा श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष बर्षा दुबे, अर्चना अग्रवाल, रेनू शुक्ला, ज्योति जौहरी, नीतू नरायन मिश्रा आदि महिला पदाधिकारी मौजूद रही।

# डीएम ने प्राथमिक विद्यालयों का किया निरीक्षण

## परखी शिक्षा की गुणवत्ता आंगनबाड़ी केंन्द्रो का भी जाना हाल

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** प्राथमिक विद्यालय माधोपुर विकास खंड मथुरा, प्राथमिक विद्यालय दामोदरपुरा विकास खंड मथुरा, न्याय पंचायत स्तरीय प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद, पूर्व माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद, प्राथमिक विद्यालय औरंगाबाद द्वितीय विकास खंड मथुरा तथा प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन मथुरा तथा स्कूलों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवक्त्ता तथा अन्य विषयक की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने बताया कि शिक्षा विभाग में प्रेरणा एप के प्रयोग के लिए अनिवार्यता बढ़ती जा रही है। शिक्षकों को अपनी मौजूदगी के लिए हर हाल में अब इस एप की मदद लेनी पड़ रही है। नई व्यवस्था में हाजिरी से लेकर निरीक्षण तक सब कुछ प्रेरणा एप के जरिए अपलोड करना है। बिना अपलोड किए कोई भी रिपोर्ट मान्य नहीं होगी ।

प्रेरणा एप को लेकर जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों को निर्देश जारी किए है जिसमें उनसे हर विद्यालय के निरीक्षण की रिपोर्ट एप के जरिए ही अपलोड करनी होगी। इसके बिना कोई भी रिपोर्ट मानी नहीं जाएगी। निरीक्षण आख्या प्रेरणा एप पर अपलोड किए जाने के बाद ही मान्य होगी।पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट स्कूल औरंगाबाद विकास खंड मथुरा का निरीक्षण प्रेरणा एप के माध्यम से किया। उन्होंने विद्यालय में भौतिक व शैक्षणिक स्तर को जांचा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वहां शैक्षणिक स्तर की जांच करते हुए बच्चों को दी जा रही शिक्षा के संबंध में न केवल अध्यापकों से जानकारी ली बल्कि बच्चों से भी जानकारी ली व उनसे अंग्रेजी, गणित व हिंदी आदि विषयों पर सवाल पूछ कर उनके शैक्षणिक स्तर भी जांचा।

डीएम ने विद्यालय में साफ सफाई की व्यवस्था को भी जांचा। उन्होंने वहां शौचालय की साफ सफाई की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों को मध्यान्ह भोजन के लिए दिए जा रहे भोजन को जांचा। उन्होंने वहां उपस्थित पंजिका को भी देखा। उन्होंने कहा कि बच्चों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही यूनिफॉर्म, किताबें जूते आदि उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए।

डीएम ने उपस्थित अध्यापकों से कहा कि प्रत्येक बच्चे के जीवन में शिक्षा व स्वास्थ्य अति महत्वपूर्ण है इसके दो पहलू हैं, इसलिए शिक्षा के स्तर में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो। बच्चों को अच्छे से अच्छी शिक्षा उपलब्ध हो, उनके शैक्षणिक व बौद्धिक स्तर में सुधार हो, ताकि वह भविष्य में एक सफल नागरिक बन सके व देश प्रदेश के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

# कोर्ट ने तीस दिन वर्किंग डे में सुनाया फैसला

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट माननीय जज रामकिशोर यादव की अदालत ने सोमवार को नाबालिग से कुकर्म के आरोप में अभियुक्त हुकुम को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 70 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला कोर्ट ने 30 दिन वर्किंग डे के अंदर सुनाया है। इस घटना में अदालत मे घटना के अभियुक्त पर तारीख 29 अगस्त को चार्ज लगा था, 30 अगस्त से 5 सितंबर तक इसमें गवाही दर्ज कराई गई और 19 अक्टूबर को बहस पूरी की गई। इसके बाद इस घटना में अभियुक्त को 27 अक्टूबर को दो सिद्ध किया गया था और 30 अक्टूबर को अदालत ने फैसला सुनाया है। इस केस की सरकार की ओर से पैरवी कर रहीं स्पेशल डीजीसी पोक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने बताया कि पीड़ित के पिता द्वारा 23 जुलाई 2023 को थाना कोसीकलां में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि उसका लडका (पीडित) अन्दर वाले घर जा रहा था, रास्ते में हुकम पीड़ित को बहकाकर अपने नौहरे में ले गया और वहां ले जाकर पीड़ित का नेकर उतारकर उसे खाट पर लेटाकर अपने प्राइवेट पार्ट को पीडित के लैट्रिन करने वाली जगह पर लगाकर गन्दी हरकत कर रहा था पीड़ित की माँ जो कि हुकम की पड़ोसी है, अपनी छत पर किसी कार्य से गयी थी तो उसकी नजर हुकम के नौहरे में गयी।

# निशानेबाज अनीष भानवाला ने भारत को 12वां पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया, कांस्य पदक जीता

अनीष भानवाला ने सोमवार को कोरिया के चांगवान में चल रही एशियाई चैम्पियनशिप की पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत को निशानेबाजी में 12वां पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया।

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अनीष भानवाला ने सोमवार को कोरिया के चांगवान में चल रही एशियाई चैम्पियनशिप की पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत को निशानेबाजी में 12वां पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया।

अनीष भानवाला शूटआउट में जापान के दाई योशिओका से हार गये जिन्होंने रजत पदक जीता। करनाल के 21 साल के निशानेबाज ने फाइनल में 28 निशाने लगाये थे। स्थानीय प्रबल दावेदार निशानेबाज ली गुनहियोक ने स्वर्ण पदक जीता। अनीष भानवाला ने फाइनल में



पहुंचते ही पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल कर लिया था क्योंकि चीन, जापान और कोरिया पहले ही इस स्पर्धा में दो दो ओलंपिक कोटे हासिल कर चुके थे। भानवाला के अलावा फाइनल में पहुंचने वाले अन्य निशानेबाज चीन, जापान और कोरिया के थे।

भानवाला क्वालीफिकेशन चरण में 588 अंक से तीसरे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे थे। एक अन्य भारतीय भावेश शेखावत 584 अंक से क्वालीफिकेशन में शीर्ष आठ में शामिल थे लेकिन फाइनल में नहीं पहुंच सके क्योंकि वह केवल रैंकिंग अंक (आरपीओ) के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे और फाइनल में पहुंचने के लिए योग्य नहीं थे।

# सूर्यकुमार के शानदार प्रदर्शन से हार्दिक की वापसी पर श्रेयस हो सकते है अंतिम एकादश से बाहर

सूर्यकुमार को मैदान के चारों ओर सहजता से बड़े शॉट खेलने के लिए जाना जाता है। वनडे क्रिकेट में उन पर स्ट्राइक रोटेट (दौड़ कर रन बनाने) करने में विफल रहने का आरोप लगता रहा है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने 19 बार एक रन चुराये।

इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा विश्व कप मैच में मुश्किल परिस्थितियों में शानदार बल्लेबाजी करने वाले सूर्यकुमार यादव टीम में हरफनमौला हार्दिक पंड्या की वापसी के बाद अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं जबकि पिछले कुछ मैचों में बल्ले से अच्छा नहीं कर पा रहे श्रेयस यादव को अंतिम एकादश से बाहर होना पड़ सकता है।

सूर्यकुमार के कौशल और मजबूत मानसिकता पर किसी को संदेह नहीं है लेकिन टी20 प्रारूप ने अपनी धाकड़ बल्लेबाजी से धाक जमाने वाले इस बल्लेबाज ने लंबे समय तक एकदिवसीय में निराश किया है।

इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम जब मुश्किल परिस्थिति में थी तब मुंबई के इस बल्लेबाज ने कप्तान रोहित शर्मा के साथ धैर्य से बल्लेबाजी कर अपने बदले हुए रुख का परिचय दिया। उन्होंने बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में 47 गेंद में 49 रन की पारी खेल अंतिम एकादश में अपनी जगह मजबूत की। सूर्यकुमार की इस पारी ने श्रेयस के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। हार्दिक टखने की चोट से उबर कर विश्व कप के आखिरी कुछ मैचों में वापसी कर सकते हैं। भारतीय टीम के पूर्व चयनकर्ता जतिन परांजपे ने कहा, '' हम सभी जानते हैं कि सूर्या टी20 में क्या कर सकते हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ मैच में अच्छी बात यह रही कि उन्होंने स्थिति को समझा और रोहित की मौजूदगी में सहायक बल्लेबाज की भूमिका



निभाई। परिस्थितियों के मुताबिक उनकी बल्लेबाजी शीर्ष स्तर की थी।

उन्होंने स्क्वायर के पीछे अपना पसंदीदा पिक-अप शॉट तभी खेला जब उन्हें पता था कि अब आक्रमण करने का समय है।'' भारत के लिए चार एकदिवसीय खेलने वाले परांजपे ने कहा, '' इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने गेंदबाजों का डटकर सामना किया। हार्दिक की टीम में वापसी पर लोकेश राहुल चौथे क्रम पर श्रेयस की जगह बल्लेबाजी कर सकते हैं।''

सूर्यकुमार को मैदान के चारों ओर सहजता से बड़े शॉट खेलने के लिए जाना जाता है। वनडे क्रिकेट में उन पर स्ट्राइक रोटेट (दौड़ कर रन बनाने) करने में विफल रहने का आरोप लगता रहा है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने 19 बार एक रन चुराये।

भारत के पूर्व विकेटकीपर और कमेंटेटर दीप दास गुप्ता ने कहा, '' वह आकलन करने में सफल रहा था कि इस पिच पर 280 से आस-पास का स्कोर खड़ा करना मुश्किल होगा और प्रतिद्वंद्वी टीम को चुनौती देने के लिए 240 रन काफी होंगे। उसने इस बात को ध्यान में रखकर अपने खेल में बदलाव किया। दासगुप्ता ने भी माना की हार्दिक की वापसी के बाद सूर्यकुमार ने टीम में बने रहने के लिए मजबूत दावा पेश किया है। उन्होंने कहा, श्रेयस लय में नहीं दिख रहा है। अगर आप विशिष्ट भूमिकाओं पर टिके रहने की बात करते हैं, तो मेरा मानना है कि परिस्थितियों के मुताबिक पांचवें और छठे क्रम पर सूर्या और हार्दिक दोनों में से किसी का इस्तेमाल किया जा सकता है।

# वसीम अकरम हुए जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी के कायल, भारतीय गेंदबाज को रोकने के लिए बताया मजेदार तरीका

दरअसल, वर्ल्ड कप 2023 में जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है। वह वर्ल्ड कप में विकेट लेने के साथ किफायती गेंदबाजी भी कर रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह ने 6.5 ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट लिए। वसीम अकरम ने कहा कि बुमराह को रोकने का एक तरीका है कि उनके जूते चुरा लो।

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कायल हो गए हैं। जिस कारण उन्होंने बुमराह की खतरनाक गेंदबाजी से बचने के लिए मजेदार सुझाव दे डाले। दरअसल, वर्ल्ड कप 2023 में जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है। वह वर्ल्ड कप में विकेट लेने के साथ किफायती गेंदबाजी भी कर रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह ने 6.5 ओवर में 32 रन देकर तीन विकेट लिए। वसीम अकरम ने कहा कि बुमराह को रोकने का एक तरीका है कि उनके जूते चुरा लो।

इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में जसप्रीत बुमराह लगातार गेंदों पर दो विकेट लेकर हैट्रिक लेने के करीब पहुंच गए थे। उन्होंने डेविड मलान और जो रूट को पवेलियन भेजा। भारत की जीत के बाद अकरम ने बुमराह की तारीफ की।



बता दें कि, पाकिस्तान स्पोर्ट्स चैनल ए स्पोर्ट्स के शो में वसीम अकरम ने कहा कि अगर आप जसप्रीत बुमराह को रोकना चाहते हैं तो उनके जूते चुरा लो। जब आप गेंद को दाएं हाथ की तरफ से ले आएंगे, तो गेंद अंदर आ रही है। इसलिए बल्लेबाज उस एंगल के लिए खेलेगा। जब गेंद अंदर से बाहर आएगी तो बल्लेबाज बीट होगा। अकरम ने कहा कि बुमराह के पास नई गेंद से उनसे बेहतर कंट्रोल है।

भारत के गेंदबाजों ने हालांकि, शानदार प्रदर्शन किया और 230 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव की धारदार गेंदबाजी के सामने 34.5 ओवर में 129 रन पर ढेर हो गई।

# करो या मरो के मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगा पाकिस्तान

वसीम के टीम में अपनी जगह बनाए रखने की उम्मीद है क्योंकि पाकिस्तान टूर्नामेंट में जूझ रहे बांग्लादेश के बल्लेबाजों पर दबदबा बनाने की कोशिश करेगा। पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ी निराशा उसके बल्लेबाज रहे हैं जो चार मैच में पूरे 50 ओवर खेलने में भी नाकाम रहे।

सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो चुका पाकिस्तान मंगलवार को यहां जब विश्व कप में जूझ रही एक अन्य टीम बांग्लादेश से भिड़ेगा तो करो या मरो के इस मुकाबले में लगातार चार मैच में हार के क्रम को तोड़ने का प्रयास करेगा।

पाकिस्तान के चार अंक हैं और वह अब अधिकतम छह अंक और जुटा सकता है जिससे लीग चरण के बाद उसके अधिकतम 10 अंक हो सकते हैं। दो टीम पहले ही 10 या इससे अधिक अंक जुटा चुकी हैं जबकि इनके अलावा तीन और टीम पाकिस्तान से आगे हैं जिससे उसका सेमीफाइनल में जगह बनाना किसी चमत्कार से कम नहीं होगा।

सभी टीम से अनुकूल नतीजे



मिलने की उम्मीद काफी कम है। साथ ही धीमी शुरुआत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने लय पकड़ ली है जबकि न्यूजीलैंड की टीम भी शानदार फार्म में है। भारत 12 अंक के साथ सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर चुका है जबकि दक्षिण अफ्रीका के 10 अंक हैं।

पाकिस्तान को न सिर्फ अपने बाकी बचे तीनों मैच जीतने होंगे बल्कि बड़े अंतर से जीत दर्ज करनी होगी जिससे उसका नेट रन रेट सुधरे जो अभी माइनस 0.205 है। बांग्लादेश के खिलाफ हार 1992 के चैंपियन पाकिस्तान की सभी उम्मीदें खत्म कर देगी।

ऐसे में उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाड़ी बांग्लादेश के खिलाफ अपना सब कुछ झोंक देंगे। पाकिस्तान को उसके बल्लेबाजों ने निराश किया है जबकि गेंदबाजों ने प्रभावित किया है। पाकिस्तान के बल्लेबाज छह में से चार मैच में पूरे ओवर खेलने में नाकाम रहे।

ईडन गार्डन्स की तेज गेंदबाजी की मददगार पिच पर पाकिस्तान को उम्मीद होगी कि शाहीन शाह अफरीदी, हारिस राउफ और मोहम्मद वसीम बांग्लादेश के खिलाफ उसे शुरुआती सफलताएं दिलाएंगे। पाकिस्तान के लिए सबसे सकारात्मक चीज मोहम्मद वसीम जूनियर का प्रदर्शन रहा है जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बीमार हसन अली की जगह उतरे और विश्व कप में पदार्पण किया। वसीम ने 62 रन देकर दो विकेट चटकाए लेकिन डेथ ओवरों में उन्हें केशव महाराज पर काफी दबाव बनाया था।

वसीम के टीम में अपनी जगह बनाए रखने की उम्मीद है क्योंकि पाकिस्तान टूर्नामेंट में जूझ रहे बांग्लादेश के बल्लेबाजो पर दबदबा बनाने की कोशिश करेगा। पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ी निराशा उसके बल्लेबाज रहे हैं जो चार मैच में पूरे 50 ओवर खेलने में भी नाकाम रहे।

कप्तान बाबर आजम भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे हैं। बाबर ने अब तक तीन अर्धशतक जड़े हैं और बांग्लादेश के खिलाफ उनकी नजरें बड़े शतक पर होंगी। दूसरी तरफ शाकिब अल हसन की अगुआई वाली बांग्लादेश की टीम में भी सब कुछ सही नहीं है।

# बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे दलीप ताहिल, एक रेप सीन के लिए अभिनेता ने खाया था तमाचा

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता दिलीप ताहिल को हम बॉलीवुड की फिल्मों में विलेन का रोल करते हुए देखते आए हैं। दिलीप ताहिल बहुत ही बेहतरीन कलाकार हैं। वह अपनी कलाकारी से किसी भी किरदार में जान डाल देते हैं। दिलीप ताहिल को हम पुराने फिल्मों में विलेन का रोल करते हुए देखते थे। हालांकि, अब वह ज्यादा फिल्मों में नजर नहीं आते हैं। आज अभिनेता अपना जन्मदिन मना रहे हैं। तो इस खास दिन पर जानते हैं दलीप से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें।

दलीप ताहिल का जन्म 30 अक्तूबर 1952 को उत्तर प्रदेश के आगरा में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई नैनीताल और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से की थी। बचपन से ही अभिनेता को एक्टिंग का बहुत शौक रहा है। धीरे-धीरे आगे चलकर दलीप ने अपने शौक को ही अपना करियर बना लिया



और अपने सपनों को पंख दिया।

गौरतलब है कि बॉलीवुड में कदम रखने से पहले दलीप ने लंबे समय तक थियेटर में काम किया था। दलीप ताहिल ने साल 1974 में आई फिल्म अंकुर से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। हालांकि, पहली फिल्म से उन्हें वह मुकाम हासिल नहीं हुआ, जिसकी उन्होंने उम्मीद की थी। इस फिल्म के छह साल बाद रमेश सिप्पी की फिल्म शान से अभिनेता को विलेन के रूप में इंडस्ट्री में पहचान मिली थी।

दलीप ताहिल ने यूं तो कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन उनकी फिल्म का एक किस्सा खूब मशहूर हुआ था। चलिए आपको बताते हैं कि अभिनेता से जुड़ा वह किस्सा क्या था। दरअसल, दलीप और अभिनेत्री जया प्रदा एक साथ फिल्म में काम कर रहे थे।इस फिल्म में भी अभिनेता नेगेटिव रोल निभा रहे थे। उन्हें जया संग एक रेप सीन शूट करना था। उस समय फिल्म क्रू सेट पर मौजूद थी। इस सीन को शूट करते वक्त जया अचानक से अनकंफर्टेबल होने लगी और उन्होंने महसूस किया की उनके को-एक्टर सीरियस हो गए हैं। इसके बाद अभिनेत्री ने दलीप को जोरदार थप्पड़ जड़ दिया था।

इस सीन के बाद खबर आई थी कि दलीप इस सीन को शूट करते वक्त बेकाबू हो गए थे और उन्होंने जया को कसकर पकड़ लिया था। इस घटना के बाद काफी दिनों तक शूटिंग रुकी रही और मेकर्स और प्रोड्यूसर के लाख समझाने के बार एक्ट्रेस राजी हुई और फिल्म का काम पूरा किया गया।

# राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म कस्तूरी 3 नवंबर को थिएटर में रिलीज होगी

फिल्म निर्माता विनोद कांबले की कस्तूरी 3 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, निर्माताओं ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। फिल्म, जिसने 2019 में सर्वश्रेष्ठ बच्चों की फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था, फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप और नागराज मंजुले द्वारा प्रस्तुत की जा रही है।

फिल्म निर्माता विनोद कांबले की कस्तूरी 3 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, निर्माताओं ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। फिल्म, जिसने 2019 में सर्वश्रेष्ठ बच्चों की फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता था, फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप और नागराज मंजुले द्वारा प्रस्तुत की जा रही है। इसका वितरण सिनेपोलिस डिस्ट्रीब्यूशन टीम द्वारा किया जाएगा।

कस्तूरी, जिसका शीर्षक अंग्रेजी में द मस्क है, एक 14 वर्षीय लड़के की कहानी है, जो सिर पर मैला ढोने और शव-परीक्षण का काम करता है और अपने शरीर की गंध के कारण पूर्वाग्रह से ग्रस्त है और उसे चिढ़ाया जाता है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक युवा लड़के को कस्तूरी की खुशबू आती है और वह शिक्षा और स्वयं की खोज के लिए संघर्ष करता है।



कश्यप ने फिल्म को हमारे समय की महत्वपूर्ण फिल्म कहा। उन्होंने आगे कहा यह एक ऐसी कहानी है जिसे बहुत कम फिल्म निर्माता अच्छी तरह से बता सकते हैं। विनोद एक ऐसे निर्देशक हैं जो दुनिया को अच्छी तरह से समझते हैं और इसलिए उन्होंने एक दिल दहला देने वाली कहानी पर एक खूबसूरत फिल्म बनाई है। यही बात मुझे और नागराज को इसे दुनिया के सामने पेश करने के लिए एक साथ लेकर आई। फिल्म निर्माता ने एक बयान में कहा, हमें यकीन है कि दर्शक फिल्म को उतना ही पसंद करेंगे जितना हमने किया।

मंजुले ने कहा, कस्तूरी एक वास्तविक कहानी है जो एक फिल्म निर्माता द्वारा बताई जा रही है जो मैला ढोने वालों के बच्चों की परिस्थितियों और कठिनाइयों को जानता है। उन्होंने इसके इर्द-गिर्द इतनी अच्छी फिल्म बनाई है और इसके लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। अनुराग और मुझे यकीन है यह कहानी हर दर्शक को पसंद आएगी। कस्तूरी इनसाइट फिल्म्स प्रोडक्शन है।

# एमी अवॉर्ड के लिए नामांकित होने पर ऐसा महसूस कर रही हैं शेफाली शाह, बोलीं-काम है तो सब है

अभिनेत्री शेफाली शाह ने दिल्ली क्राइम में डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी का किरदार बखूबी अदा किया। दूसरे सीजन में वह और ज्यादा मजबूत नजर आईं। अपने इस किरदार के लिए उन्हें इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स 2023 का नामांकन भी मिला है। शेफाली को बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए एमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। हाल ही में, शेफाली शाह ने इस उपलब्धि पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और बताया है कि इस नामांकन के लिए वह कैसा महसूस कर रही हैं।

शेफाली शाह ने पिछले कुछ वर्षों में दिल धड़कने दो, डार्लिंग्स और लोकप्रिय नेटफ्लिक्स शो दिल्ली क्राइम जैसी फिल्मों में प्रदर्शन के साथ जो पहचान हासिल की है, उसके बारे में शेफाली शाह का कहना है कि काम है तो सब कुछ है। अभिनेत्री ने भले ही देर से अपना करियर शुरू किया था, लेकिन अब वह उस मुकाम पर पहुंच चुकी हैं, जहां अभिनेत्री को



किसी पहचान की जरूरत नहीं है।

एमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होने पर शेफाली ने कहा, मुझे नहीं पता कि यह सम्मान कैसा होता है। मुझे नहीं पता कि इसका मेरे लिए या मेरे करियर के लिए क्या मतलब है, लेकिन मुझे लगता है कि यह एक बड़ा सम्मान है और इसे पाकर शायद में मन ही मन खुद पर गर्व महसूस कर रही हूं।

शेफाली ने आगे कहा, ओटीटी की खूबसूरती यह है कि यह दुनिया भर में पहुंचता है और इन अद्भुत अभिनेताओं में से चुना जाना सच में मेरे लिए एक बड़ा सम्मान है। यह इस बात का प्रमाण है कि मैं जो करती हूं वह अच्छा है। मुझे पसंद है देर आए दुरुस्त आए। ईमानदारी से कहूं तो मुझे खुशी है। इन सभी वर्षों में मेरा करियर वास्तव में काम करने से ज्यादा इंतजार करने पर केंद्रित रहा है। अपने अभिनय को लेकर कुछ दिलचस्प खुलासे करते हुए शेफाली ने कहा, अगर मैं और काम नहीं कर सकती तो आप इस सम्मान और प्रशंसा का क्या करेंगे?,लेकिन अब यह काम में तब्दील हो रहा है, जो बहुत अच्छा है। मैं इस सम्मान के लिए खुद को काफी खुशकिस्मत समझती हूं।

# सलमान खान के भाई अरबाज और सोहेल की बिग बॉस 17 में एंट्री, दी गयी संडे रोस्टिंग की जिम्मेदारी

बिग बॉस सीजन 17 शुरु हुए हफ्ते हो गये हैं और इन दो हफ्तों में ही शो काफी धूम मचा रहा हैं। सलमान खान पर कई बार कुछ प्रतियोगियों को फेवर करने का आरोप लगता आया है लेकिन इस बार लगता है सलमान खान कुछ अलग मूड में है।

बिग बॉस सीजन 17 शुरु हुए हफ्ते हो गये हैं और इन दो हफ्तों में ही शो काफी धूम मचा रहा हैं। सलमान खान पर कई बार कुछ प्रतियोगियों को फेवर करने का आरोप लगता आया है लेकिन इस बार लगता है सलमान खान कुछ अलग मूड में है। सलमान खान वीकेंड के बार में गलती करने वाले की जमकर क्लास लगा रहे हैं। किसी का कोई पक्ष नहीं ले रहे। अब शो में और भी तड़का लगाने के लिए सलमान खान के दोनों भाइयों की शो में एंट्री हो रही है। नये प्रोमो में अरबाज खान और सोहेल खान को शो में अपने भाई सलमान के साथ शामिल होते देखा जा सकता है।



सलमान खान प्रोमो में यह भी कहते है कि वह दोनों संडे को प्रतियोगियों का रोस्ट करेंगे।

नए प्रोमो में सोहेल और अरबाज को बिग बॉस के घर के अंदर बैठकर एक कॉन्ट्रैक्ट पढ़ते हुए देखा जा सकता है। सोहेल, जो अनुबंध को पढ़े बिना हस्ताक्षर करने वाले है, उन्हें अरबाज़ द्वारा रोका जाता है, जो कहता है, सोहेल, ये क्या कर रहा है? ये कॉन्ट्रैक्ट है। सोहेल मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं, यह हमारे भाई का शो है, हमें अनुबंध पढ़ने की ज़रूरत नहीं है। हम इस पर हस्ताक्षर करेंगे, लेकिन हम शो में क्या करेंगे? अरबाज कहते हैं, हम शो होस्ट करेंगे।

उनकी बातचीत के बीच, सलमान एक भव्य प्रवेश करते हैं और कहते हैं, गलत। शुक्रवार, शनिवार मुख्य होस्ट मैं करूंगा और आप लोग, संडे रोस्ट करोगे। फिर वे तीनों एक मोटरसाइकिल पर बैठ जाते हैं, और पृष्ठभूमि में हैलो ब्रदर गाना बजाते हुए दूर चले जाते हैं।

शो का पहला वीकेंड का वार एपिसोड सितारों से भरा हुआ था, जिसमें कंगना रनौत, टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन जैसे कलाकारों ने बिग बॉस के घर में प्रवेश किया और प्रतियोगियों के साथ कुछ गेम खेले। इस सीजन में अभिषेक धोबाल, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, रिंकू धवन, नवीद सोले और मुनव्वर फारुकी समेत अन्य लोग शो में हिस्सा ले रहे हैं।

# कोच्चि ब्लास्ट को लेकर सीएम पिनाराई विजयन की सर्वदलीय बैठक

**तिरुवनंतपुरम।** कोच्चि के कलामासेरी में रविवार को हुए कई विस्फोटों के बाद केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने सोमवार को सर्वदलीय बैठक किया। सचिवालय परिसर स्थित मुख्यमंत्री कॉन्फ्रेंस हॉल में सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई बैठक में लोगों से विस्फोटों के मद्देनजर निराधार आरोपों, अटकल अभियानों और अफवाह फैलाने से बचने का आग्रह करने का भी संकल्प लिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी

**सरेंडर**

**केरल के एर्नाकुलम बलास्ट मामले में एक संदिग्ध ने सरेंडर किया है। उसने विस्फोटों की जिम्मेदारी ली है।**



इस बैठक में राज्य के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने भाग लिया। सभी ने यह संकल्प लिया कि केरल के किसी भी कीमत पर खंडित करने के सभी प्रयासों पर नकेल कसा जाएगा, जो शांति, भाईचारे और समानता की विशेष सामाजिक स्थिति को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। बैठक में सभी दलों ने विस्फोट के बाद राज्य में उपजे हालात के प्रति समाज के प्रत्येक व्यक्ति से विभाजन पैदा करने और लोगों को एक-दूसरे से अलग करने की सभी अटकलों, मिथकों और अफवाहों को फैलाने के किसी भी प्रयास को रोकने का आग्रह किया।

मालूम हो कि यहोवा के साक्षियों की एक सभा के दौरान रविवार सुबह कन्वेंशन सेंटर में हुए विस्फोट में एक महिला की मौत हो गई थी। हालांकि, सोमवार सुबह तक 12 वर्षीय लड़की की मौत के बाद इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई। वहीं, इस धमाके में 45 लोग घायल हुए हैं।

मालूम हो कि कलामासेरी इलाके में ईसाइयों की प्रार्थना सभा हो रही थी, तभी एक के बाद एक कई धमाके हुए। धमाके के वक्त घटनास्थल पर 2000 लोग मौजूद थे। राज्य पुलिस प्रमुख डीजीपी शेख दरवेश साहब ने रविवार को बताया कि विस्फोट एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के कारण हुआ था। केरल के एर्नाकुलम बलास्ट मामले में एक संदिग्ध ने सरेंडर किया है। उसने विस्फोटों की जिम्मेदारी ली है। केरल में ब्लास्ट के बाद दिल्ली और मुंबई भी हाई अलर्ट पर है। दोनों जगह सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। वहीं, धमाकों के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने विस्फोट में इस्तेमाल की गई सामग्रियों को इकट्ठा करने और जांच करने के लिए अपनी एक बम निरोधक टीम को दिल्ली से केरल भेज दिया है।

## एमपी जग्गेश के खिलाफ वन विभाग के नोटिस पर कर्नाटक हाई कोर्ट हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**बेंगलुरु।** बिग बॉस कन्नड़ रियलिटी शो में एक बाघ के नाखून का पेंडेंट पहनने के बाद से विवाद काफी बढ़ गया है। अब वन अधिकारियों ने अभिनेता और राजनेता जग्गेश को नोटिस भेजा है।

हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि नोटिस जारी करने के एक घंटे बाद ही राज्यसभा सांसद के घर पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाने की विभाग की कार्रवाई एक पब्लिक स्टंट की तरह प्रतीत होती है। हाई कोर्ट ने नोटिस पर रोक लगाने का अंतरिम आदेश तब जारी किया जब यह बताया गया कि वन अधिकारी नोटिस जारी करने के एक घंटे बाद ही जग्गेश के आवास पर गए थे।



हाई कोर्ट ने अधिकारियों से पूछा कि जग्गेश को नोटिस का जवाब देने के लिए समय क्यों नहीं दिया गया और क्या उनके घर का दौरा प्रचार के लिए था। कोर्ट ने टिप्पणी की कि वन अधिकारियों को लोगों के घरों पर छापेमारी करने के बजाय प्रचार पाने के कुछ अन्य तरीके तलाशने चाहिए।

बता दें कि वन विभाग द्वारा जारी किए गए नोटिस को लेकर जग्गेश ने कर्नाटक हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट में अपनी याचिका में जग्गेश ने दावा किया है कि विभाग के 14 अधिकारियों ने सर्च ऑपरेशन के नाम पर उनके घर में तोड़फोड़ की। उन्होंने कोर्ट से विभाग की कार्रवाई को अवैध घोषित करने की मांग की है। उन्होंने उन्हें जारी नोटिस को भी रद्द करने की मांग की है।

गौरतलब है कि 25 अक्टूबर की शाम को वन अधिकारियों ने उनके घर पर तलाशी अभियान चलाया था और जग्गेश की की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी ने लॉकेट सौंपा था।

# सुप्रीम कोर्ट ने सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी की जमानत याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर की पत्नी लीना पॉलोज की जमानत याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि उनके खिलाफ आरोप गंभीर हैं।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि पिछली बार दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा जमानत याचिका खारिज किये जाने के बाद से परिस्थितियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पीठ ने कहा, आरोप काफी गंभीर हैं। क्षमा करें, हमने फैसला ले लिया है। उच्च न्यायालय पहले ही मामले की जांच कर चुका है।

पॉलोज की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आर बसंत ने उन्हें जमानत देने में अदालत की अनिच्छा को महसूस करने के बाद याचिका वापस ले ली और मामले को वापस लिया गया मानकर खारिज कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा, ÷याचिकाकर्ता का कहना है कि वकील को मामले में आगे न बढ़ने के निर्देश हैं। याचिका को अप्रभावित मानते हुए खारिज किया जाता है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 11 जुलाई को पॉलोज की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और कहा था कि जांच से पता चला है कि दंपति ने संगठित अपराध सिंडिकेट चलाने में मिलकर काम किया और अपराध से प्राप्त आय का इस्तेमाल अपने व्यवसाय और अन्य हितों को बढ़ावा देने के लिए किया। उच्च न्यायालय ने कहा कि जांच से पता चला है कि अपराध की आय का इस्तेमाल हवाई यात्रा और बॉलीवुड हस्तियों के लिए महंगे ब्रांडेड उपहार खरीदने के लिए किया



गया था। दिल्ली पुलिस ने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटरों शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह की पत्नियों से उनके पतियों की जमानत कराने का वादा करके कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में चंद्रशेखर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। चंद्रशेखर पर दो व्यवसायी भाइयों की पत्नियों को धोखा देने के लिए कानून मंत्रालय के एक अधिकारी के तौर पर पेश आने का आरोप लगाया गया है।

# केरल सरकार के खिलाफ बीजेपी ने खोला मोर्चा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार की नीतियों के खिलाफ NDA के विरोध प्रदर्शन में बीजेपी के राष्ट्रीय जेपी नड्डा शामिल हुए। इस दौरान



उन्होंने पिनाराई विजयन सरकार पर निशाना साधा। नड्डा ने कहा कि राज्य में युवा नशीली दवाओं के दुरुपयोग में शामिल हो रहे हैं और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विरोध-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि केरल के युवा नशीली दवाओं के दुरुपयोग में शामिल हो रहे हैं और यहां की सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि साल 2022 में 16,752 नशीली दवाओं के मामले सामने आए। यह सरकार शराब की खपत को भी बढ़ा रही है और वह अवैध शराब कारोबारियों को भी बचा रहे हैं। नड्डा ने पिनाराई विजयन सरकार पर केंद्र की योजनाओं की अनदेखी का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने केंद्र सरकार की योजना को बाधित करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री मोदी ने जल जीवन मिशन के लिए 70 लाख रुपये भेजे थे, लेकिन पिनाराई विजयन सरकार केवल 12 लाख लोगों को ही कनेक्शन दे पाई है।

उन्होंने आगे कहा कि पिनाराई विजयन की भ्रष्ट सरकार के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी केरल के विकास को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। इसलिए केरल के लोगों के पास अब वंदे भारत एक्सप्रेस है।

# हमास को विशेष समुदाय के बराबर करना चाहते हैं विजयन

**समुदाय**

**सीएम की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, चंद्रशेखर ने स्पष्ट किया कि उन्होंने X (पूर्व में ट्विटर) पर अपने पोस्ट में किसी भी समुदाय का उल्लेख नहीं किया है।**

**कोच्चि।** केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर कट्टरपंथी तत्वों और कट्टरवाद के प्रति सहिष्णु होने का आरोप लगाया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर सीएम पर पलटवार कर रहे थे,



जिन्होंने एक दिन पहले विजयन की आलोचना करने वाले सोशल मीडिया पोस्ट पर भाजपा नेता की आलोचना की थी। भाजपा नेता के पोस्ट को लेकर विजयन ने चंद्रशेखर का नाम लिए बिना जानना चाहा कि किस जानकारी के आधार पर केंद्रीय मंत्री ने उनके खिलाफ ऐसी टिप्पणी की? और जब जांच चल रही हो तो एक जिम्मेदार पद पर बैठा व्यक्ति इस तरह के बयान कैसे दे सकता है? तिरुवनंतपुरम में सचिवालय परिसर में आयोजित एक संक्षिप्त प्रेस वार्ता के दौरान विजयन ने आरोप लगाया था कि भाजपा नेता के बयान पूर्ण सांप्रदायिक दृष्टिकोण का प्रतिबिंब थे।

सीएम की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, चंद्रशेखर ने स्पष्ट किया कि उन्होंने X (पूर्व में ट्विटर) पर अपने पोस्ट में किसी भी समुदाय का उल्लेख नहीं किया है। केरल में हुए विस्फोटों की रिपोर्ट सामने आने के बाद रविवार को चंद्रशेखर ने ङ्ग पर एक पोस्ट करते हुए तर्क दिया , मैंने हमास के बारे में बात की थी और यह लगभग ऐसा था जैसे मुख्यमंत्री हमास को हमारे राज्य और देश के व्यापक मुस्लिम भाइयों और बहनों के बराबर करने की कोशिश कर रहे थे।

## दुर्घटनास्थल नहीं सीधे अस्पताल का दौरा करेंगे ष्टरूजगन मोहन रेड्डी, अब तक 14 की मौत

**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश रेल दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी सोमवार को सीधे विजयनगरम सरकारी जनरल अस्पताल का दौरा करेंगे। बता दें कि ट्रैक बहाली के काम में देरी से बचने के लिए उन्होंने दुर्घटनास्थल का दौरा स्थगित कर दिया था। रविवार शाम हावड़ा-चेन्नई लाइन पर हुए हादसे में बचे घायलों से मुख्यमंत्री मुलाकात करेंगे। विजयनगरम सरकारी जनरल अस्पताल में ट्रेन दुर्घटना में जीवित बचे लोगों का इलाज किया जा रहा है। रविवार (29 अक्टूबर) को विशाखापत्तनम से लगभग 40 किमी दूर कंटाकापल्ली में पलासा पैसेंजर ने रायगडा पैसेंजर ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी,जिससे तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई।

# 17 सरकारी अफसरों पर लोकायुक्त अधिकारियों की कार्रवाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में लोकायुक्त अधिकारियों ने सोमवार को 70 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की है। दरअसल, आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपी 17 सरकारी अधिकारियों ठिकानों पर कार्रवाई की है। लोकायुक्त सूत्रों ने कहा कि भारी मात्रा में नकदी, सोना, अचल संपत्ति, लग्जरी वाहन, जमीन में निवेश, स्टॉक और महंगे गैजेट्स का पता चला है। लोकायुक्त के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लोकायुक्त पुलिस



की कई टीमों ने क्षेत्राधिकार पुलिस की सहायता से सुबह-सुबह छापेमारी की। पुलिस महानिरीक्षक (लोकायुक्त) डॉ. ए सुब्रमण्यम हवारा ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, ÷हमने पूरे कर्नाटक में लोक सेवकों के खिलाफ 17 मामले दर्ज किए हैं। ये छापेमारी 70 स्थानों पर चल रही है।÷ मालूम हो कि ये छापे बेंगलुरु, मांड्या, रायचूर, बीदर, कलबुर्गी, चित्रदुर्ग, बल्लारी, तुमकुरु, उडुपी, हासन, बेलगावी, दावणगेरे और हावेरी जिले में पड़ी है। लोकायुक्त के सूत्रों ने बताया कि भी भी तलाशी और जांच चल रही है।

# पहली बार अंतरिक्ष में चूहे का भ्रूण विकसित करने में मिली सफलता



**टोक्यो।** जापान के शोधकर्ताओं ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर चूहे का भ्रूण विकसित करने में सफलता पाई है। यामानाशी विश्वविद्यालय की टीम ने लैब में चूहे के निषेचित अंडे को ब्लास्टोसिस्ट में सफलतापूर्वक विकसित किया। ब्लास्टोसिस्ट को उस चरण के रूप में समझ सकते हैं, जहां कोशिकाएं पहली बार इनर सेल मास सेल्स में विभेदित होती हैं और भ्रूण बन जाती हैं। साथ ही बाद में प्लेसेंटा बन जाती हैं। यह शोध जर्नल आइसाइंस में प्रकाशित किया गया है। इस शोध से जुड़े प्रोफेसर टेरुहिको वाकायामा का कहना है कि हमने पाया कि शून्य गुरुत्वाकर्षण में भी भ्रूण ब्लास्टोसिस्ट स्टेज तक सामान्य रूप से विकसित होता है।

उन्होंने कहा कि स्तनधारियों के मामले में हमें यह जांचने की जरूरत है कि क्या उनका प्रत्यारोपण कर उन्हें ठीक से विकसित किया जा सकता है। शोध में पता चला है कि शून्य गुरुत्वाकर्षण में विकसित ब्लास्टोसिस्ट की भिन्नता, डीएनए क्षति की दर और जीन अभिव्यक्ति अन्य परिस्थिति से भिन्न नहीं थी। शून्य-गुरुत्वाकर्षण परीक्षण से 12 ब्लास्टोसिस्ट में से तीन में इनर सेल मास सेल्स सामान्य के बजाय दो स्थानों पर जमा हो गई। ऐसे ब्लास्टोसिस्ट में जुड़वां विकसित होने की संभावना होती हैं।

## ओमान में शूरा सदस्यों के चयन को पहली बार हुई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग, 7.53 लाख मतदाताओं ने डाले वोट

**मस्कट।** ओमान सल्तनत में 7.53 लाख मतदाताओं ने रविवार को मजलिस ए शूरा के 10वें कार्यकाल के लिए सदस्यों के चुनाव के लिए पहली बार इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पुरानी मतपेटी मतदान प्रक्रिया को छोड़कर ओमान सल्तनत ने शूरा परिषद के 10वें कार्यकाल की सदस्यता के लिए अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करने में समय बचाने के साथ-साथ अपने नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए नई पूर्ण इलेक्ट्रानिक पहल को अपनाया। मतदान प्रक्रिया उच्च स्तरीय इलेक्ट्रानिक तकनीक का उपयोग कर रविवार (29 अक्टूबर) सुबह आठ बजे शुरू होकर शाम सात बजे समाप्त हुई।

## लंदन के ट्राफलगर स्क्वायर में दिवाली उत्सव का आयोजन

**लंदन।** लंदन के मेयर सादिक खान ने रविवार को ट्राफलगर स्क्वायर में वार्षिक दिवाली उत्सव का आयोजन किया। दोपहर एक बजे से शाम सात बजे तक चले इस कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने हिंदू, सिख और जैन समुदायों के परफार्मेंस, योग वर्कशॉप और कठपुतली शो का आनंद लिया। मेयर सादिक खान के द्वारा आयोजित इस आयोजन में न केवल लंदन, बल्कि ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों से सभी पृष्ठभूमि के लोग शामिल हुए। जेम्स नाम के स्थानीय व्यक्ति, जो पेश से शिक्षक भी हैं, ने पहली बार दिवाली मनाई। उन्होंने इसे बिल्कुल अविश्वसनीय बताया। दिवाली समारोह में कलाकारों ने जय हो और जो है अलबेला जैसे बॉलावुड गानों पर डांस भी किया। इसके साथ ही, कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों ने भारतीय व्यंजन भी आनंद लिया।

# इतनी जल्दी खत्म नहीं होगी ये जंग, हमास के खिलाफ इजरायल का मास्टर प्लान तैयार

**यरुशलम।** इजरायल हमास युद्ध का आज 24वां दिन है। दोनों पक्षों से लगातार हमले किए जा रहे हैं। इस युद्ध में अब तक 9500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा में मरने वालों की संख्या 8000 पार कर चुकी है। वहीं, 1400 से ज्यादा इजरायली नागरिकों की भी मौत हो चुकी है। गाजा में इरजरायली सैनिकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को सकुशल इजरायल लेने की कोशिश में भी इजरायली सैनिक जुटे हुए हैं। सोमवार को इजरायल डिफेंस फोर्स ने अपने ङ्ग हैंडल पर लिखा, आईडीएफ का एक ही लक्ष्य है- जीत और हमास का खात्मा। हमास के खिलाफ जनरल स्टाफ के प्रमुख एलटीजी हर्जी हलेवी लगातार आईडीएफ आर्टिलरी कोर के सैनिकों को मजबूत कर रहे हैं। वहीं, आज

**बयान**

**हमास पोलित ब्यूरो के सदस्य मूसा अबू मरजौक ने एक बयान में कहा, मिस्र को दर्शक नहीं बने रहना चाहिए।**

(30 अक्टूबर) को इजरायल डिफेंस फोर्स ने जानकारी दी कि उसने सीरिया में एक सीरियाई क्षेत्र में सैन्य बुनियादी ढांचे पर हमला किया। इजरायली डिफेंस फोर्स का कहना है कि सीरिया की ओर से किए गए हमले की यह जवाबी कार्रवाई है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कुछ दिनों पहले कहा था, गाजा की जंग लंबी और यह मुश्किलों से भरी होगी, लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं। यह हमारी आजादी की दूसरी जंग है। हम




अपनी सरजमीं के लिए लड़ रहे हैं। थल,वायु और जमीन के जरिए हमारे सैनिक हमास के खिलाफ जंग लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।÷ इजरायली सैनिकों के हमले से हमास की कमर टूट चुकी है। आतंकी संगठन के एक सीनियर अधिकारी ने दूसरे देशों से युद्ध लड़ने के लिए मदद की गुहार लगाई है। हमास पोलित ब्यूरो के सदस्य मूसा अबू मरजौक ने एक बयान में कहा, ÷मिस्र को दर्शक नहीं बने रहना चाहिए। हमें उम्मीद है कि मिस्र जल्द से जल्द गाजा में मदद पहुंचाने के साथ-साथ अपना निर्णायक रुख इख्तियार करेगा। बता दें कि रविवार को खाने-पीने की चीजों से भरे तीन दर्जन ट्रक गाजा में दाखिल हुए। हालांकि, यह राहत सामग्री गाजा में फंसे लोगों के लिए काफी कम है।

## विरोध को अनसुना कर गाजा को रौंद रहा इजरायल

**यरुशलम।** विश्व भर में हो रहे विरोध प्रदर्शनों और संघर्षविराम की मांग को अनसुना करते हुए गाजा पट्टी में इजरायल की सैन्य कार्रवाई का दायरा और तीव्रता बढ़ती जा रही है। शनिवार रात युद्ध के दूसरे चरण का एलान करते हुए इजरायली सेना ने गाजा में पूरी रात बड़े जमीनी और हवाई हमले किए। इन हमलों में हमास के 450 ठिकानों को निशाना बनाने का दावा किया गया है। इन ठिकानों में बड़ी संख्या में भूमिगत ठिकाने-सुरंगें हैं। युद्ध के 23 वें दिन गाजा में मरने वालों की संख्या आठ हजार का आंकड़ा पार कर गई, जबकि 20 हजार लोग घायल हुए हैं। मृतकों और घायलों में बड़ी संख्या बच्चों और महिलाओं की है। हमास के लड़ाकों ने गाजा पट्टी में घुसे दो इजरायली टैंकों को बर्बाद करने का दावा किया है।

# हैलोवीन पार्टी के दौरान हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत

फ्लोरिडा। फ्लोरिडा के टाम्पा शहर में पुलिस ने दो लोगों की हत्या करने के संदेह में एक शख्स को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को हैलोवीन मनाने के दौरान इस शख्स ने बार और क्लबों के आसपास अराजकता फैला दी थी। पुलिस ने बताया कि उस दौरान सोलह लोग घायल हो गए, जिसमें से एक व्यक्ति को गोली भी लग गई। पुलिस ने कहा कि 22 वर्षीय टायरेल स्टीफन फिलिप्स पर यबोर के टाम्पा में दो समूहों के बीच सुबह-सुबह हुई झड़प के बाद 14 वर्षीय लड़के और 20 वर्षीय व्यक्ति की गोली लगने से हुई मौत के मामले में हत्या का आरोप लगाया गया था। दरअसल, हेलोवीन-थीम पार्टी खत्म होने के बाद अचानक लोग सड़क पर इकट्ठा हो गए और गोलियों की आवाज सुनकर छिपने की कोशिश करने लगे।

**मौत**

**पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो लोगों की मौत हो गई और 16 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से 15 लोगों को गोली लगी है।**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो सामने आया है। इसमें लोगों में अफरातफरी मची हुई थी और लोग अंधेरे में भाग रहे थे और वहां लगभग 12-13 गोलियां भी चलाई गईं। कुछ फुटेज में, पुलिस अधिकारी खून में लथपथ लोगों की मदद करने के लिए भागते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो लोगों की मौत हो गई और 16 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से 15 लोगों को गोली लगी



है। पुलिस ने कहा कि घायलों में 18 से 27 वर्ष के बीच के लोग हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। टाम्पा पुलिस प्रमुख ली बर्कां ने कहा कि वहां मौजूद कुछ लोगों की मदद से संदिग्ध बंदूकधारी की पहचान कर ली गई है और उसको गिरफ्तार भी कर लिया गया है। हालांकि, अब तक इस बात का पता नहीं लग सका है कि इस घटना को कितने लोगों ने अंजाम दिया है। आरोपी से पूछताछ किए जाने के बाद कई सवालों के जवाब तलाशने की कोशिश की जाएगी। पुलिस अपने आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# चुनावी हस्तक्षेप मामले में डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध फिर प्रतिबंधात्मक आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 2020 के राष्ट्रपति चुनाव परिणाम को बदलने की कोशिश मामले में संघीय अदालत ने डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध फिर से सीमित प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मामले में सार्वजनिक टिप्पणी न करने व अभियोजकों, कोर्ट स्टाफ और प्रमुख गवाहों को निशाना न बनाने का आदेश दिया है। यह आदेश रविवार रात को आनलाइन जारी किया गया, लेकिन विस्तार से तुरंत जानकारी नहीं दी गई।2020 के राष्ट्रपति चुनाव परिणाम को बदलने की साजिश करने के मामले की सुनवाई अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज तान्या छुटकन कर रही हैं। ट्रंप के अनुरोध पर उन्होंने गैग आर्डर अस्थायी रूप से हटा लिया था। ट्रंप ने बताया था कि मामले को उन्होंने हाई कोर्ट में चुनौती दी है, जिसपर सुनवाई चल रही है। लेकिन




अभियोजकों ने इंटरनेट मीडिया पर ट्रंप की टिप्पणियों को अदालत के सामने रखकर शिकायत की, जिस पर कोर्ट ने सहमति जताई।

अभियोजकों ने बताया कि ट्रंप लगातार कोर्ट व अभियोजकों के विरुद्ध टिप्पणियां कर रहे हैं। कहा, ट्रंप आगामी राष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों में लगे हैं और रैलियों में समर्थकों को बरगला रहे हैं। सुनवाई के बाद कोर्ट ने ट्रंप के विरुद्ध गैग आर्डर जारी कर दिया।

उधर, अमेरिकी संविधान के विद्रोह खंड के तहत पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को अगले चुनाव में खड़े होने से रोकने को लेकर कोर्ट में इस सप्ताह सुनवाई शुरू हो गई। सोमवार को कोलोराडो में सुनवाई शुरू होने के साथ गुरुवार को मिनेसोटा कोर्ट में दलीलें पेश की जाएंगी।

# मुठभेड़ में गोली से घायल दो कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

**तीन भागने में सफल, खुटहन के सुईंथाखुर्द में सोमवार की भोर में हुआ आमना-सामना**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खुटहन)** शाहगंज, खुटहन व सरपतहां थानों की पुलिस और बिना नंबर की कार सवार बदमाशों के बीच क्षेत्र के सुईंथाखुर्द में सोमवार की भोर में मुठभेड़ हो गई। गोली लगने से घायल दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके तीन साथी अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग गए। इनके पास से पिस्टल, कारतूस, खोखे, मोबाइल जबकि कार से 20 किलो गांजा बरामद हुआ।

खुटहन थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह, शाहगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आदेश कुमार त्यागी व थानाध्यक्ष सरपतहां विनोद कुमार सिंह अपनी-अपनी टीम के साथ लक्ष्मी तिराहा पर अपराध नियंत्रण के बारे में सलाह-मशविरा कर रहे थे। इसी दौरान भोर में करीब 3.30 बजे सुराग मिला कि पटैला की तरफ से पांच कुख्यात बदमाश किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने कार से आ रहे हैं। कुछ ही देर बाद बिना नंबर की संदिग्ध कार आती दिखी। पुलिस को देखते ही कार सवार मुड़कर भागने लगे। पीछा किए जाने पर 500 मीटर आगे



कार सड़क किनारे पत्थर में फंसकर रुक गई। कार से निकलकर बदमाश गोली चलाते हुए भागने लगे। एक गोली योगेंद्र सिंह के बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी जबकि दूसरी आदेश त्यागी के कान के पास से निकल गई। पुलिस टीम के जवाबी फायरिंग करने पर दो बदमाश गोली से घायल होकर गिर गए। तीन अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग गए। खुटहन के धिरौली नानकार निवासी अमजद शेख के दोनों पैर जबकि पटैला निवासी सारिक के दाहिने पैर में गोली लगी थी।घायल बदमाशों के पास से पिस्टल, तमंचा, कारतूस, खोखे, स्मार्ट मोबाइल व कार से 20 किलो गांजा बरामद हुआ। घायल बदमाशों को उपचार के लिए तुरंत राजकीय पुरुष चिकित्सालय शाहगंज ले जाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल भेज दिया। पूछताछ में बदमाशों ने अपने फरार साथियों के बारे में जानकारीदी। इनमें पटैला निवासी अरशद, शाहगंज के कोहड़ा निवासी रोहित यादव व रामभुज हैं। इनकी तलाश में पुलिस टीमें संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में खुटहन थाने के एसआइ शकील अहमद, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र यादव, शैलेष यादव, कांस्टेबल आनंद पासवान, शशांक त्रिवेदी, शाहगंज कोतवाली के हेड कांस्टेबल अमित राय, गोविंद तिवारी, सलीम खां, कांस्टेबल राजन कुमार, अमन व सरपतहां थाना के कांस्टेबल राम दवर यादव, विनोद यादव व अमित साहनी रहे।

# अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन में दिया जाएगा प्रो. यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तथा विद्यार्थी निधि के संयुक्त उपक्रम के अंतर्गत प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार-2023 हेतु चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह पुरस्कार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आधुनिक स्वरूप के शिल्पी तथा अभाविप के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रा. यशवंत राव केलकर की स्मृति में प्रतिवर्ष ऐसे 40 वर्ष या उससे कम आयु के युवक या युवती को दिया जाता है, जिन्होंने सामाजिक, शैक्षिक, विज्ञान, तकनीकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उल्लेखनीय कार्य किया हो। इस बार यह पुरस्कार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दिल्ली में 7 से 10 दिसंबर प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन में दिया जाएगा, प्रा. यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार के अन्तर्गत एक लाख रुपए की राशि, सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है। इस वर्ष पुरस्कार के लिए देश-भर से आवेदन प्राप्त हुए हैं। सेवा, शिक्षा , पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाने वाले इस पुरस्कार की शुरुआत सन् 1991 में हुई थी।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि प्राध्यापक यशवंतराव केलकर ने देश की युवाशक्ति को गढ़ने का कार्य किया। उनसे प्रेरणा लेकर विविध क्षेत्रों में कार्य करने वालों की बड़ी संख्या है। यशवंत राव केलकर युवा पुरस्कार-2023 के लिए सेवा, शिक्षा, पर्यावरण आदि के क्षेत्र से आवेदन प्राप्त हुए हैं , जिसकी स्क्रूटनी शुरू हो गई, प्राप्त आवेदनों में से एक का सर्वश्रेष्ठ चयन पुरस्कार समिति करेगी। यह पुरस्कार सेवा, तकनीकी, खेल, सामाजिक जीवन जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को दिया जाता है।

# खादी मेहनत और स्वाभिमान का प्रतीक

**मुक्त विश्वविद्यालय में मनाया गया खादी महोत्सव**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में खादी महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को खादी के अधिक से अधिक उपयोग को बढ़ावा दिए जाने के लिए शपथ ली गई तथा इस अवसर पर प्रेरणादाई लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। खादी महोत्सव के अंतर्गत 31 अक्टूबर तक खादी वस्त्र के अधिकारिक उपयोग के लिए अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को प्रेरित किया जा रहा है। समाज विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक एवं कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर एस कुमार ने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं बल्कि मेहनत और स्वाभिमान का प्रतीक है। आजकल फैशन में भी खादी के कई ब्रांड सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश की खादी पूरी दुनिया को प्रेरित कर रही है। खादी के वस्त्र हर मौसम के लिए आरामदायक हैं। उन्होंने आह्वान किया कि आज युवा पीढ़ी को खादी के दर्शन को समझना चाहिए। इस अवसर पर कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने खादी के विकास और संवर्धन के लिए शपथ दिलाई। इससे पूर्व खादी महोत्सव की रूपरेखा आयोजन सचिव डॉ आनंदानंद त्रिपाठी ने प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के अनुपालन में कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय में 27 से 31 अक्टूबर तक खादी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। खादी महोत्सव के अंतर्गत आज लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में खादी वस्त्र के उत्पादन से लेकर उपयोग पर आधारित प्रेरणादाई लघु फिल्म का प्रसारण किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर पी पी दुबे, प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता, प्रोफेसर रुचि बाजपेई, प्रोफेसर विनोद कुमार गुप्ता, प्रोफेसर अजेंद्र कुमार मलिक, प्रोफेसर जय प्रकाश यादव, डॉ दिनेश सिंह एवं डॉ सतीश चन्द्र जैसल आदि उपस्थित रहे। खादी महोत्सव का समापन 31 अक्टूबर को होगा।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो घायल

**जौनपुर (शाहगंज)** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अलग अलग स्थानों पर हुए सडक दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उक्त घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। नगर से सटे डिहवा भादी गांव निवासी 24 वर्षीय गुलाब राजभर पुत्र विनोद राजभर खेतासराय से बाइक से घर लौटते समय रविवार की रात कुत्ते की चपेट में आने से बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के करंजाकला चक गोपाल पुर गांव निवासी 26 वर्षीय आशीष यादव पुत्र चनरदेव यादव रविवार की देर रात शाहगंज से घर जाते समय आजाद रेलवे क्रासिंग के समीप ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नंदवंशीय प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नंद, नाई, सेन, सविता समाज का प्रमुख सामाजिक संगठन ऑल इण्डिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज इकाई के तत्वाधान में आज नंदवंशी छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह स्थानीय अखिल भारतीय सरदार पटेल सेवा संस्थान के किसान भवन सभागार में हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अवधराज नंद, राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी का संस्थान के मुख्य द्वार पर स्वागत करते हुए लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात् तुमुल हर्ष- ध्वनि के साथ सभागार में स-सम्मान जाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवशंकर नंद ने किया। अन्य मंचासीन लोगों में अवधराज नंद मुख्य



अतिथि, रघुनाथ प्रसाद नंद राष्ट्रीय अध्यक्ष, रामशील शर्मा एडवोकेट राष्ट्रीय विधि परामर्शी, उदय नारायण नंद प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी, आदित्य नारायण सेन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एमपी वर्मा नंद प्रदेश संरक्षक, डॉ0 लक्ष्मी कांत शर्मा मंडल अध्यक्ष तथा श्रीमती रंजना वर्मा मंडल उपसचिव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया तत्पश्चात बुद्ध वंदना, त्रिशरण, पंचशील का पाठ कराया गया। संचालन आदित्य नारायण सेन तथा शिवआधार शर्मा महानगर अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में नंद समाज की लड़कियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया जिसकी सराहना की गई। मुख्य अतिथि ने समारोह का विधिवत उद्घाटन करते हुए समारोह की सफलता की कामना की। संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं इस कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग प्रदान करने वाले पदाधिकारियों को विशेष रूप से सम्मान-पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। भोजनावकाश के पूर्व संगठन की वार्षिक पत्रिका नंद युग का तथा नन्द राजवंश का गौरवशाली इतिहास का विमोचन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अन्य मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा संपन्न हुआ। समारोह में अवधराज नंद मुख्य अतिथि, रघुनाथ प्रसाद नंद, रामशील शर्मा एडवोकेट, उदय नारायण नंद, आदित्य नारायण सेन, एम0पी0 वर्मा नंद, डॉ0 लक्ष्मी कांत शर्मा, श्रीमती रंजना वर्मा, एस0के0पी0 नंद, घनश्याम दास शर्मा एडवोकेट, गिरीश कुमार शर्मा, रामलोचन सेन, बृजेंद्र नाथ शर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, लाल चंद्र सेन, संजय कुमार शर्मा, अमित सिंह, मनोज कुमार प्रधान, सुरजीत कुमार शर्मा एड0, डॉ0 पी0एन ठाकुर, लाल बहादुर शर्मा, डॉ अश्विनी कुमार शर्मा, रिचा शर्मा, प्रियंका शर्मा, मैनेन्द्र सिंह आदि ने भी अपने विचार प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में सभा अध्यक्ष शिव शंकर नंद ने मुख्य अतिथि सहित सभी आगंतुकों का पुनः स्वागत वंदन करते हुए आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए लगाए गए स्वागत द्वार



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र के द्वारा आयोजित अनुसूचित जाति महासम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयागराज आगमन को लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में प्रयागराज महानगर के सभी चौराहों पर होल्डिंग बैनर और जगह-जगह का स्वागत द्वार लगाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अनुसूचित वर्ग के लोगों के साथ हजारों हजारों की संख्या में वाहन जुलूस निकालते हुए कार्यक्रम स्थल मेवालाल अयोध्या प्रसाद स्मारक इंटर कॉलेज के प्रांगण में पहुंचे। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि सम्मेलन में प्रयागराज महानगर से बीस हजार कार्यकर्ता शामिल हुए। स्वागत करने वालों में कुंज बिहारी मिश्रा, राजेश केसरवानी, रमेश पासी, श्याम चंद्र हेला, राजेश कुमार सोनकर, सुशील जैन, विवेक अग्रवाल, अभिषेक जैन, एजाजुद्दीन, राजू पाठक, राघवेंद्र सिंह,सचिन जायसवाल, पवन मिश्रा, सुभाष वैश्य, विजय श्रीवास्तव भारत निषाद अजय सिंह, आदि रहे।

# मॉ के पैरों के नीचे जन्नत का तसव्वुर रख कर करें खिदमतः मौलाना गौहर

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** रानीमंडी बच्चा जी धर्मशाला के सामने स्थित इमामबाड़ा मीर हुसैनी में मरहूमा कनीज़ ज़हरा बिन्ते स्व रज़ा अस्करी की मजलिस ए शशमाही में ज़ैग़म अब्बास ने सोज़ख्वानी की तो मौलाना मोहम्मद अली गौहर साहब क़िब्ला ने मॉ की अज़मत बयान किया।

उन्होंने कहा मॉ के पैरों के नीचे जन्नत का तसव्वुर कर खिदमत करें।मॉ वह अज़ीम शख्सियत होती है जो नौ माह पेट में पालने के साथ बच्चे के पैदा होने के बाद तक मुसीबतों को बर्दाश्त करते हुए नेक परवरिश करने में मशगूल रहती है। मरने के बाद भी बच्चों को दुआ देती है। मौलाना ने करबला की मॉओं की



अज़मत का भी ज़िक्र किया। अन्जुमन ग़ुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार के नौहाख्वानो नेयाज़ुल हसन, हाशिम बांदवी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, हैदर मेंहदी, सज्जाद करारवी, सालिस नक़वी, आबिद, राहिब हुसैन, मोहम्मद रिज़वी, नाज़िर हुसैन, वसी हुसैन वसमी, कैफ अब्बास रिज़वी आदि ने पुरदर्द नौहा पढ़ा और मरहूमा कनीज़ ज़हरा बिन्ते स्व रज़ा अस्करी की मग़फिरत की दुआ की। मजलिस में रिज़वान जव्वादी, हसनैन अख्तर, मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन, ज़ुलक़रनैन आब्दी, हुसैन रज़ा, हैदर अली, मक़सूद रिज़वी, हसन टाईगर, असग़र अली, महमूद तैयबापूरी, राग़िब हसन, हसन आमिर, ज़ामिन हसन, मेराज दानिश, अमन जायसी, शादाब हुसैन, सज्जाद नक़वी आदि शामिल रहे।

## अयान गारमेंट का पिता काटकर हाजी अब्दुल ने किया उद्घाटन

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर बाजार में अयान गारमेंट का उद्घाटन भाजपा नेता हाजी अब्दुल मुक्तादिर उर्फ हाजीपल्लू ने पिता काटकर किया उद्घाटन। कस्बे की चर्चित मार्केट में अयान गारमेंट का उद्घाटन पहुंचे भाजपा के नगर पालिका अध्यक्ष उम्मीदवार ने अपने बड़े भाई हाजी मुबारक ज़हीर के साथ पहुंचकर एक साथ दोनों लोगों ने फीता काट कर उद्घाटन करके कस्बे में भाईचारे वह एकता का दिया संदेश उन्होंने अपने बड़े भाई को सर्वप्रथम आगे करते हुए गारमेंट का पिता कटवाने के बाद स्वयं भी पिता काटा जिसे साफ झलकता है कि बड़ों का आदर तथा सम्मान किस करना चाहिए यह देखने को भाजपा नेता द्वारा मिला जिससे लोगों में उनके प्रति सहानुभूति की चर्चा बनी रही गवर्नमेंट के उद्घाटन के समय काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सड़क के किनारे वाहन खड़ा करने पर होगी कार्यवाही



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ अनुराग आर्य द्वारा मुख्य सड़कों व हाईवे के किनारे वाहनों के बेतरतीब पार्किंग करने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से 5 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जनपद के समस्त थानाक्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे वाहनों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानाक्षेत्रों के 68 स्थानों पर कुल 272 वाहनों को चेक किया गया तथा अवैध रुप से सड़क के किनारे खडे कुल 54 वाहनों का अधिकतम धनराशि से चालान किया गया। जिसमें थाना मुबारकपुर से 13, बरदह से 09, जीयनपुर से 06, गम्भीरपुर से 05, दीदारगंज से 04, निजामाबाद, देवागांव व महराजगंज से 03-03, मेंहनाजपुर व बिलरियागंज से 02-02 तथा थाना मेंहनगर, अहरौला, तहबरपुर व थाना फूलपुर से 01-01 वाहन का चालान किया गया है।

# शिक्षोंनयन गोष्ठी का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** शिक्षा क्षेत्र मिर्जापुर के कंपोजिट स्कूल सिकहुला के परिसर में रविवार को उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह व शिक्षोंनयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक समाज एवम राष्ट्र का कर्ण धार हैं।

समुदाय में रहकर विषम परिस्थितियों को सम बनाने का मार्ग दर्शन करता हैं। शिक्षक संघर्ष और सत्य के रास्ते पर चलकर सम्मान जीवन जीना जनता हैं। शिक्षक पुरानी पेंशन को बहाल करने के लिए एक जुट होकर संघर्ष का रास्ता चुनें तभी सफलता मिल सकती हैं। शिक्षक सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षकों को अंगवस्त्र साल, कुरआन व गीता पवित्र पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माँ के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षकों को जो केंद्र के समान सम्मान जनक वेतन मिलता है वह हमारे इन्ही अग्रज अनुभवी शिक्षकों के संघर्ष के चलते मिला है। पुरानी पेंशन के लिए भी हमें आंदोलन का रास्ता अपनाना होगा। आगे उन्होंने यह भी कहा कि आगामी दिसम्बर माह में पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन की रणनीति बना रहे है। संगठन के मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने भी संगठन को मजबूत बनाने के लिए लोगों से आह्वान किया।

# सभासद के बेटे ने निजी खर्च से कराया कीटनाशक का छिड़काव

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर में इन दिनों वायरल बुखार और डेंगू का प्रकोप फैला हुआ है ऐसे में नगर में लोग खुद से साफसफाई की सक्रियता बढ़ा दी गयी है। डेंगू, मलेरिया से लोगों को बचाने के लिए नगर पालिका ने अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाई है नगर की गलियों एवं नालियों में दवाई का छिड़काव भी नहीं कराया है इसी को लेकर वार्ड नं 7 सभाषद के बेटे बेलाल हाशिम ने अपने निजी खर्च से सफाई अभियान के साथ अपने वार्ड की गलियों एवं नालियों में दवाई का छिड़काव शुरू कर दिया है। ताकि अपने वार्ड के लोग स्वस्थ्य रहें। वहीं इस दौरान बिलाल हाशिम ने कहा कि जिस तरह से मुबारकपुर में डेंगू की बीमारियां फैली हुई है हर घर में एक दो पेसेंट डेंगू के हैं। इसी को देखते हुए मैं अपने वार्ड में दवा का छिड़काव करा रहा हूं ताकि कम से कम मेरे वार्ड के लोग स्वस्थ रहें । उन्होंने कहा कि यह छिड़काव हम अपने निजी खर्चे से कर रहे हैं क्योंकि नगर पालिका अभी तक नगर में फैली बीमारी के मद्देनजर कोई कीटनाशक दवा का छिड़काव नहीं करवाया है। उन्होंने नगर पालिका पर आरोप लगाते हुए कहा के नगर पालिका के हालात बहुत खराब है चेयरमैन और ईओ का तनाव जो है इसकी वजह से नगर पालिका का कोई कार्य नहीं हो पा रहा है सभी कार्य बाधित हैं।

# रंगमंच और संगीत के दुनिया से निकलकर एनडीआरएफ में देश की सेवा कर रहेः अरुण

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** रंगमंच और संगीत के दुनिया से निकलकर इंस्पेक्टर के पद पर एन.डी.आर.एफमें समाज और देश की सेवा कर रहे आजमगढ़ के लाल इंस्पेक्टर अरुण चौहान। बॉलीवुड के जबरदस्त एक्टर अक्षय कुमार और चौथा बटालियन एनडीआरफ, तमिलनाडु में बतौर टीम लीडर सराहनीय कार्यो के लिए भारतीय राज्य केरल और तमिलनाडु के अधिकारियों द्वारा अपने ईमानदारी और कर्मठता पर सम्मानित होते रहना आजमगढ़ के लिए गौरव की बात है। प्रमुख रंग निर्देशक,राष्ट्रीय कला सेवा संस्थान के सचिव अरविंद चित्रांश ने



बताया कि आजमगढ़ की सांस्कृतिक धरती, रंगमंच और संगीत के दुनिया से निकलकर रंगमंचीय गतिविधियों में प्रमुखता से जुड़ी हुई बड़ी बहन अध्यापिका रेनू चौहान भी जबरदस्त रूप से सक्रिय रही है,राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरफमें इंस्पेक्टर व एग्जीक्यूटिव पद पर बतौर टीम कमांडर केरल और तमिलनाडु से लेकर अंडमान निकोबार में कई रेस्क्यू ऑपरेशन में अहम भूमिका निभाने वाले आजमगढ़ निवासी इंस्पेक्टर अरुण कुमार चौहान सी.आई. एस.एफ ज्वाइन कर पोर्ट से लेकर एयरपोर्ट और वी.वी.आई.पी. सिक्योरिटी के बाद देशसेवा का सर्वोत्तम जज्बा लिए हुए एन.डी.आर.एफ में इंस्पेक्टर के पद पर आपदा में फंसे कई लोगों का रेस्क्यू ऑपरेशन के द्वारा बचाते हुए देश सेवा कर रहे हैं।

## कहा कहाँ छवि आज की भले बने हो नाथ

**जौनपुर।** धर्म की रक्षा हेतु शस्त्र उठाना आवश्यक होता है। उक्त विचार बी आर पी इण्टर कालेज के परिसर में प्रसिद्ध मानस-वेत्ता शान्तनु महराज ने व्यास पीठ से व्यक्त किया। उन्होंने श्रीराम की वन्दना करते हुए उन्हें - नीलाम्बुज श्यामल कोमलांगम के अलावा पाणौ महासायक चारु चाप भी कहा वे शस्त्रधारी उपासना महाते हैं। कथा व्यास ने गोस्वामी तुलसीदास से सम्बन्धित एक घटना का उदाहरण देते हुए बताया कि एक बार तुलसीदास जी मथुरा-वृन्दावन चले गये। वहाँ उन्होंने वंशी बजाते बाँके बिहारी जी की मूर्ति देखी । तुलसीदास ने उनकी मूर्ति के समक्ष - कहा कहौ छवि आज की भले बने हौ नाथ। तुलसी मस्तक तब नवै जब धनुष-बान को हाथ॥ यह दोहा सुनाते ही भगवान कृष्ण के हाथों से मुरली गायब हो गयी और उसके स्थान पर धनुष-बाण उपस्थित हो गये।

# बयालसी इ0का0 जलालपुर जौनपुर में 'वृहद रोजगार मेला' का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी शशिकान्त सरोज ने अवगत कराया है कि शासन के निर्देश पर 'मिशन रोजगार कार्यक्रम' के अन्तर्गत सेवायोजन विभाग एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा 01 नवम्बर 2023 को प्रातः 10:00 बजे बयालसी इण्टर कालेज जलालपुर जौनपुर में 'वृहद रोजगार मेला' का आयोजन किया जा रहा है।

इसमें निजी क्षेत्र की 40 से अधिक कम्पनियों एवं सरकारी बैंकों, कीर्तिकुंज आटो मोबाइर्ल्स, जे.पी. मैंनेजमेंट, विप्रो इलेक्ट्रानिक, के.एस. मारूति इण्टर प्राइजेज, जे.के. आटो मोबाइर्ल्स, हैवेल्स इण्टरप्राइजेज, टाटा मोर्टस, श्री दिव्या आयुर्वेदिक, आशोका ऑटो सर्विस, जौनपुर डॉट काम, हीरो एक्सपेयर पार्टस, पुखराज हेल्थ केयर, शिव शक्ति ग्रुफ ऑफ कम्पनी, हॉकिंस प्रा.लि., बाइट आग्रेनिक हर्बल्स प्रा.लि., एक्स जेंट एक्वा प्रा.लि., यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया आदि द्वारा 2000 से अधिक युवाओं के रोजगार एवं स्वरोजगार प्रदान किया जायेंगा। रोजगार मेले में हाईस्कूल से लेकर स्नातक, परास्नातक, आई.टी.आई., डिप्लोमा एवं अन्य शैक्षिक योग्यता व जिनकी आयु सीमा 18 से 35 वर्ष तक प्रतिभाग कर सकते है। रोजगार मेले में युवाओं की कैरियर कॉउन्सिलिंग, कौशल विकास मिशन में प्रवेश एवं स्वरोजगार की विभिन्न योजनाओं मुद्रा लोन प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की जानकारी दिया जायेंगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि इस रोजगार मेला में सम्मिलित होकर बेरोजगार छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक लाभ उठाए एवं कौशल विकास मिशन में निःशुल्क प्रशिक्षण के अवसर एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा रोजगार मेले में अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई.डी पूफ्र सहित प्रतिभाग कर सकते है।

# मेला महासमिति के अध्यक्ष ने एसडीएम और क्षेत्राधिकारी के साथ किया चक्रमण

**राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कई चौकी और दलों का फीता काटकर किया शुभारंभ**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** मुंगरा बादशाहपुर में पूर्वांचल का दो दिवसीय ऐतिहासिक भारत मिलाप मेला का प्रथम दिन 29 अक्टूबर को शांतिपूर्ण व्यवस्था में संपन्न हुआ, मेले में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी द्वारा फीता काटकर श्री हनुमान दल सहित राम दल,शंकर दल,लवकुश दल, के साथ कई दलों तथा चौकियों का फीता



काटकर शुभारंभ किया, और उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल, मेला महासमिति के अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष कपिलमुनि उमर वैश्य, तथा भोलानाथ मिश्र उपस्थित रहे, श्री हनुमान दल भरत मिलाप रोशनी कमेटी के अध्यक्ष राजीव केसरी ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम भेंट व माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया।

मेले को सकुशल संपन्न करने के लिए मेरा महासमिति के अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता ने एसडीएम मछली शहर राजेश चौरसिया और क्षेत्राधिकारी मछली शहर अतर सिंह तथा थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिवेणी सिंह के साथ पूरे मेले का चक्रमण करते रहे, साथ में मीडिया टीम, तथा अपराध निरोधक कमेटी की टीम जिसमें पत्रकार वीरेंद्र कुमार, के पी यादव,त्रिपुरारी पटेल, टीम के साथ लगे रहे। मेले में इस बार किसी प्रकार की कोई छिनैती या चोरी की घटना सामने नहीं आई। ऐतिहासिक मेले में धार्मिक,सांस्कृतिक,और देशभक्ति चौकियों के प्रदर्शन से लोग मनमुग्ध और भाव विभोर हुए, सभी दलों के अध्यक्ष और पदाधिकारी ने प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि उम्मीद हैकि मेले का दूसरा दिन 30 अक्टूबर जिसमें रोशनी का प्रदर्शन होता है, उसमें भी प्रशासन का इसी तरह पूर्ण सहयोग रहेगा,जिससे मेला सकुशल संपन्न हो सके।

# निचले स्तरों पर खरीदारी से मजबूत हुआ बाजार

# सेंसेक्स 329 अंक चढ़ा, निफ्टी 19100 के पार

**वृद्धि**

**अदाणी ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को बताया कि दूसरी तिमाही में उसके मुनाफे में दो गुना से अधिक की वृद्धि हुई। उसे ग्राहकों को अच्छी बिजली बिक्री से मदद मिली।**



शेयर बाजार में सोमवार को बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। शुरुआती गिरावट के बावजूद प्रमुख इंडेक्स निचले स्तरों से मजबूत होकर हरे निशान पर लौटे और हरे निशान पर ही बंद हुए। सोमवार को सेंसेक्स 329.85 (0.51%) अंकों की बढ़त के साथ 64,112.65 जबकि निफ्टी 93.66 (0.49%) अंकों की मजबूती के साथ 19,140.90 के स्तर पर बंद हुआ।

बाजार को रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों में खरीदारी से सपोर्ट मिला। कंपनी के शेयर 2.5% की मजबूती के साथ निफ्टी के टॉप गेनर रहे। सिप्ला के शेयरों में भी 2% का उछाल आया। इससे पहले शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार छह दिनों की गिरावट के बाद हरे निशान पर बंद हुआ था।

सोमवार को बाजार में निचले स्तरों से बैंकिंग और एनर्जी स्टॉक्स में खरीदारी के कारण तेजी आई। दिन में मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स का इंडेक्स गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे लेकिन लेकिन बाजार बंद होने पर पहले इन स्टॉक्स में भी खरीदारी दिखी।

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन बैंकिंग, आईटी, फार्मा, पीएसयू बैंक इंडेक्स, मेटल्स, रियल एस्टेट, एनर्जी, इंफ्रा, कमोडिटी, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस से जुड़े शेयरों में खरीदारी दिखी वहीं दूसरी ओर कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मीडिया, एफएमसीजी, ऑटो सेक्टर के शेयर टूटकर बंद हुए। सोमवार को शेयर बाजार में कारोबार के दौरान मिड कैप और स्मॉल कैप शेयरों में भी खरीदारी दिखी। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 19 तेजी के साथ और 11 गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, निफ्टी के 50 शेयरों में 27 तेजी के साथ और 23 गिरावट के साथ बंद हुए।

अदाणी ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को बताया कि दूसरी तिमाही में उसके मुनाफे में दो गुना से अधिक की वृद्धि हुई। उसे ग्राहकों को अच्छी बिजली बिक्री से मदद मिली। देश में बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है, मजबूत आर्थिक विकास से कारखानों और घरों में बिजली की मांग में इजाफा हुआ है।

अदाणी समूह की हरित ऊर्जा इकाई ने कहा कि तिमाही में अदाणी ग्रीन की ऊर्जा बिक्री 87 प्रतिशत बढ़ी, खासकर सौर-पवन हाइब्रिड श्रेणी में बढ़ोतरी दर्ज की गई। 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में कंपनी का एकीकृत मुनाफा 371 करोड़ रुपये (44.6 मिलियन डॉलर) हो गया, यह एक साल पहले 149 करोड़ रुपये था।

8,316 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की परिचालन क्षमता वाली अदाणी ग्रीन ने बिजली आपूर्ति से राजस्व में 80 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की, जो खर्च में 42 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है। कुल आय में 54 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

## ऑप्टम ने G.I.V.E. के अंतर्गत दिल्ली एनसीआर में गैर सरकारी संगठनों के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** ऑप्टम टीम के सदस्यों ने स्थानीय समुदायों से जुड़ने और सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करने के लिए दिल्ली एनसीआर में कई गैर सरकारी संगठनों में स्वेच्छा से काम किया। यह 3-15 अक्टूबर, 2023 के बीच ऑप्टम में होने वाले वार्षिक जियोग्राफिकली इंक्लूसिव वालंटियर इवेंट का हिस्सा था। ऑप्टम, एक प्रमुख हेल्थ सॉल्यूशन एवं केयर डिलीवरी संस्थान, फॉर्च्यून 5 कंपनी यूनाइटेड हेल्थ ग्रुप का का भाग है। ऑप्टम के स्वयंसेवकों ने गैर सरकारी संगठनों के साथ भागीदारी की, जिनमें शामिल हैं,

कैनसपोर्ट, कैंसर के उपचार के लिए प्रशामक देखभाल प्राप्त करने वाले रोगियों के साथ जुडे और उनके चेहरों पर मुस्कान लाये

मैक्सविजन सोशल वेलफेयर सोसाइटी, के बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के साथ बातचीत करी और उन्हें प्रदर्शन कलाओं के साथ जोडा

संत हरदयाल एजुकेशनल एंड ऑर्फंस वेलफेयर सोसाइटी के बुजुर्ग निवासियों के साथ दोपहर के भोजन पर मेल-जोल किया

बुक्सफॉरऑल ने बच्चों को जीवंत कार्यक्रमों के साथ जोड़ने के लिए एक प्रतिभा प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें बच्चों ने अध्यक्षता की और प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया

G.I.V.E. का उद्देश्य यह है कि संवेदनशीलता, सहानुभूति और आशा के एक वातावरण को बढ़ावा दिया जाए, साथ ही टीम के सदस्यों को एक मंच प्रदान किया जाए, जहां वे देखभाल, संपर्क और साथ ही साथ बढ़ने का मौका प्राप्त कर सकें।

## प्याज ने बिगाड़ा लोगों की रसोई का बजट

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से जुटाए गए आंकड़ों की मानें तो देश में प्याज की औसत कीमत लगभग 50.35 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इसकी अधिकतम दर 83 रुपये प्रति किलोग्राम और मॉडल कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

प्याज के भाव लोगों की जेब ढीली कर रहा है। दिन पर दिन बढ़ते दाम से लोगों की रसोई का बजट डगमगा गया है। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को प्याज की कीमतें आसमान छू रही हैं। खुदरा बाजार में इसकी औसत कीमत 78 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है।

हालांकि, उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से जुटाए गए आंकड़ों की मानें तो देश में प्याज की औसत कीमत लगभग 50.35 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इसकी अधिकतम दर 83 रुपये प्रति किलोग्राम और मॉडल कीमत 60 रुपये प्रति किलोग्राम थी। देश में प्याज की सबसे कम कीमत 17 रुपये प्रति किलोग्राम रिकॉर्ड की गई। स्थानीय विक्रेता प्याज 80 रुपये प्रति किलोग्राम तक बेच रहे हैं, जबकि रसोई का प्रमुख सामान ई-कॉमर्स पोर्टल बिगबास्केट और ओटिपी पर यह 75 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जा रहा है।

## इवास मॉड्यूलर किचन ने कासगंज तक अपनी उपस्थिति का किया विस्तार

**कासगंज।** भारत की लीडिंग कंस्ट्रीक्शान मैटेरियल कंपनी इंफ्रा.मार्केट द्वारा संचालित की जा रही IVAS (इवास) ने कासगंज में अपने रणनीतिक विस्तार की घोषणा की है। मॉड्यूलर किचन वार्डरोब के मामले हाई क्वानलिटी (उच्च गुणवत्ता) समाधान प्रदान करने में अग्रणी कंपनी के रूप में, इवास मॉड्यूलर किचन ग्राहकों की पसंद और सुविधा को देखते हुए लगातार बदलाव कर रही है और कंज्यू मर्स की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए आधुनिक व लेटेस्ट उत्पादों की एक बड़ी रेंज पेश कर रही है। इस लॉन्च पर इंफ्रा.मार्केट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अभिजीत झावर ने कहा कि हमारा प्राथमिक उद्देश्य उत्तर प्रदेश में कंज्यूकमर्स की बदल रही प्राथमिकताओं की पहचान कर उन्हें बेहतर सर्विस प्रदान करने के जरिए किचन डिजाइन और कार्यक्षमता में क्रांति लाना है। नए स्टोर लॉन्च के साथ, हमारा लक्ष्य मॉड्यूलर किचन और फर्नीचर की बढ़ती मांग के आधार पर राज्य में, विशेष रूप से कासगंज में एक महत्वपूर्ण बाजार हिस्सेदारी (मार्केट शेयर) हासिल करना है, ताकि यहां अपनी मजबूत उपस्थिति और पहचान बनाई जा सके। उन्होंने आगे कहा कि अगले 12-15 महीनों में पूरे भारत में 100 इवासमॉड्यूलर किचन स्टूडियो खोलने की योजना के साथ, हम महत्वपूर्ण रूप से खुद का विस्तार करने और साथ ही ग्राहकों को इनोवेटिव यानी नए समाधानों तक संगठित तरीके से पहुंच प्रदान करने का इरादा रखते हैं।

कासगंज में सोरों गेट पर मंगलम मार्बल के साथ साझेदारी में, इवासमॉड्यूलर किचन स्टूडियो ने अलग अलग तरह के ग्राहकों की पसंद और प्राथमिकताओं के लिए अलग अलग तरह के मॉड्यूलर किचन और वार्डरोब (अलमारी) सॉल्यूअशन पेश करने में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाई है।

## टाटा क्लिक पैलेट के सीज़न ऑफ़ स्पार्कल सेल के साथ अपनी ब्यूटी को निखारिए और त्योहारों की खुशियों को सुनहरा बनाइए

भारत का ब्यूटी मैचमेकर और टाटा समूह का एक सदस्य, टाटा क्लिक पैलेट पर मनाया जाएगा सीज़न ऑफ़ स्पार्कल सेल, साल के सबसे बड़े त्योहारों के लिए टाटा क्लिक पैलेट ने 28 अक्टूबर से 02 नवंबर 2023 तक इस विशेष सीज़न ऑफ़ स्पार्कल सेल की घोषणा की है। इस सेल में सभी सौंदर्य प्रेमियों को कई अलग-अलग ग्लोबल और भारतीय ब्यूटी ब्रांड्स पर बेजोड़ ऑफर्स पाने का मौका मिलेगा, जहां वे अपने लिए सही ब्यूटी मैच पा सकते हैं। टाटा क्लिक के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री गोपाल अस्थाना ने कहा, उपभोक्ताओं को अपने लिए सही ब्यूटी मैच ढूंढने में सक्षम बनाने के लिए टाटा क्लिक पैलेट प्रतिबद्ध है। इस प्लेटफार्म पर ब्यूटी ब्रांड्स की विशाल श्रेणी प्रस्तुत करने के साथ-साथ, हमारी आधुनिकतम एआई-सक्षम ब्यूटी आईडी टेक्नोलॉजी हर उपभोक्ता के अनुभव को पर्सनलाइज़ करती है ताकि उनकी सभी अनोखी ब्यूटी ज़रूरतें पूरी हो सकें। इस फेस्टिव सीज़न को और भी शानदार बनाने के लिए सीज़न ऑफ़ स्पार्कल सेल की घोषणा करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। इसकी शुरूआत 28 अक्टूबर से हो रही है। आज तक कभी भी न देखी गयी ऑफर्स के साथ, टाटा क्लिक पैलेट का सीज़न ऑफ़ स्पार्कल सेल हर उपभोक्ता को मन मुताबिक खरीदारी का शानदार अवसर देता है, चाहे वह खरीदारी खुद के लिए हो या किसी अपने के लिए हो। हम मानते हैं कि फेस्टिव सीज़न काफी अच्छा रहेगा और हम उपभोक्ताओं के लिए उन्नत ब्यूटी अनुभव लाना जारी रखेंगे। 50% तक की छूट का लाभ उठाकर, इस सेल में उपभोक्ता अपने फेस्टिव ब्यूटी लुक को चारचांद लगा सकते हैं क्योंकि इस सेल में ब्यूटी और पर्सनल केयर के 1000 से ज़्यादा नामचीन ब्रांड्स के कई ब्यूटी उत्पाद उपलब्ध होंगे।

मेकअप इसेन्शियल्स के अपनी पसंद के उत्पाद टाटा क्लिक पैलेट पर आसानी से ख़रीदे जा सकते हैं क्योंकि यहां कलरबार, डेली लाइफ, फॉरएवर 52, लक्मे और मेकअप रेवोलुशन जैसे ब्रांड्स पर मिल रही है 50त्न तक की छूट। इसके अलावा, शुगर कॉस्मेटिक्स जैसे ब्रांड्स पर मिल रही है 60% तक की छूट। स्किनकेयर में बायोटिक, न्युट्रोजेना, ओले और पॉन्ड्स पर 15 से 30% तक की छूट दी जा रही है। गेस, जैगुआर, नॉटिका और स्किन बाय टाइटन पर 45त्न तक की छूट पाकर आप अपने फ्रैगरैंस कलेक्शन को आसानी से अपग्रेड कर सकते हैं।

डव, जीके हेयर, स्च्वार्जकॉफ़ प्रोफेशन, स्ट्रीक्स और ट्रेसमे जैसे मशहूर हेयर केयर और हेयर कलर उत्पादों पर 45% तक की छूट मिलेगी। अपने शावर रेजीम को बदलना चाहते हैं तो डव, ममाअर्थ, निविया, द लव कंपनी और वेसिलीन के बाथ और बॉडी इसेंशियल्स इस सेल में 50% तक की छूट के साथ ख़रीदे जा सकते हैं। द मैन कंपनी, बॉम्बे शेविंग कंपनी और उस्तरा के मेन्स ग्रूमिंग उत्पाद 40त्न तक की छूट के साथ मिल रहे हैं।

लक्ज़री ब्यूटी सेक्शन में अनस्तास्या बेवर्ली हिल्स, बॉबी ब्राउन, एम.ए.सी., सिग्मा ब्यूटी और कई लक्ज़री मेक-अप प्रोडक्ट्स आकर्षक कीमतों में अश्युअर्ड गिफ्ट्स के साथ ख़रीदे जा सकते हैं। कॉसआरएक्स, द बॉडी शॉप और द फेस शॉप के स्किनकेयर उत्पाद बेजोड़ कीमतों में ख़रीदे जा सकते हैं। साउथ कोरियाई स्किनकेयर ब्रांड, गलीनी के उत्पाद भी फ्लैट 80% की छूट के साथ अविश्वसनीय कीमतों में ख़रीदे जा सकते हैं। चोपार्ड और फेर्रागमो जैसे नामचीन फ्रेग्रेन्स ब्रांड्स के उत्पादों पर क्रमशः 25% और 45% तक की छूट के साथ मिलेंगे।ओलाप्लेक्स और लॉरिअल पेरिस जैसे हेयरकेयर ब्रांड्स पर भी आकर्षक ऑफर्स दिए जा रहे हैं।

सेल को और भी ज़्यादा आकर्षक बनाने के लिए कई बड़े बैंक भी इसमें शामिल हो रहे हैं। आईसीआईसीआई और कोटक बैंक क्रेडिट कार्डों पर 10% इंस्टेंट डिस्काउंट का लाभ उठाया जा सकता है। शर्तें लागू हैं। खरीदारी करने के लिए कृपया क्लिक करें- https://palette.tatacliq.com/

## मैंने पुलिस की कई भूमिकाएं निभाई हैं, लेकिन वर्दी कभी नहीं पहनी थी: विकास कुमार

**मुंबई।** रास्ता छोड़ दीजिये, क्योंकि आर्या सरीन (सुष्मिता सेन) अपने पंजों को धार दे चुकी है और 'आर्या सीजन 3' में शहर के नये डॉन की गद्दी पर बैठने के लिये तैयार है। सीजन 1 को मिले इंटरनेशनल एमी अवार्ड नॉमिनेशन और दो सफल सीजनों के बाद इंतजार खत्म हो रहा है, क्योंकि प्रशंसकों का चहेता यह फ्रैंचाइज़ी अपने तीसरे सीजन में लौट रहा है, जहाँ नई चुनौतियाँ, नये दुश्मन और नई महत्वाकांक्षा होगी। दूरदर्शी फिल्मकार राम माधवानी द्वारा रचित और सह-निर्देशित एवं अमिता माधवानी, राम माधवानी, राम माधवानी फिल्म्स और एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा सह-निर्मित 'आर्या सीजन 3' में 3 नवंबर से सिर्फ डिज़्नी+ हॉटस्टार पर नये तरह की दबंगई दिखाई देगी।

हम सभी ने विकास कुमार को स्क्रीन पर पुलिसवाले की बेहतरीन भूमिकाओं के लिये पसंद किया है। लेकिन कहानी में ट्विस्ट यह है कि हर भूमिका में उनके कपड़े सादे ही रहे, चाहे उन्होंने कितने भी भरोसेमंद पुलिसवाले की भूमिका निभाई हो! डिज़्नी+ हॉटस्टार के 'आर्या सीजन 3' में एसीपी खान की भूमिका निभा रहे विकास कुमार स्क्रीन पर पुलिस का किरदार निभाने की अपनी यात्रा पर एक दिलचस्प जानकारी दे रहे हैं।

इसके बारे में बात करते हुए, डिज़्नी+ हॉटस्टार के 'आर्या' में एसीपी खान की भूमिका निभा रहे विकास कुमार ने कहा, लोग अक्सर मेरे द्वारा निभाये गये पुलिस के किरदारों की तारीफ करते हैं, जो काफी अच्छा है, लेकिन मैं तरह-तरह की भूमिकाएं करना चाहता हूँ और अब मुझे वह मौका मिल रहा है। 'आर्या' में एसीपी खान सचमुच एक खूबसूरत किरदार है। दिलचस्प बात यह है कि पुलिस की कई भूमिकाएं निभाने के बावजूद मैंने हकीकत में कभी वर्दी नहीं पहनी थी। सीआईडी जैसे शोज अलग तरह के, स्पष्ट और खास दर्शकों, जैसे कि बच्चों के लिये मजेदार थे। उसके हर एपिसोड में एक केस होता था। इसके विपरीत, 'आर्या' बहुआयामी है, जिसमें विरोधी किरदार के साथ मेरा एक तेजतर्रार रिश्ता है, जो लगातार बदलता रहता है और इस तरह से मजा बढ़ जाता है।

## अगरबत्ती जलाकर भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मनाया



**लखनऊ।** क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारतीय टीम का जलवा कायम है। अपने छठें मैच में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को हरा कर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा। पूरे टूर्नामेंट में अभी तक सिर्फ भारतीय टीम एक्लौती ऐसी टीम है जिसने कोई मैच नही हारा है। इकाना स्टेडीयम में हुए इस मैच के बाद नवाबों के शहर लखनऊ में क्रिकेट प्रेमियों और आम जनता के बीच जबरदस्त खुशी की लहर देखी गयी । पूरा शहर जश्न में डूबा हुआ है। इसी क्रम में अगरबत्ती निर्माण क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनी साइकिल प्योर अगरबत्ती ने लखनऊ के चौक स्टेडियम में एक खास तौर पर बनाई गई 6 फीट की अगरबत्ती जलाकर भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए कंपनी के नॉर्थ इंडिया हेड आर के टंडन ने बताया और कहा कि जिस तरह से भारतीय टीम अपने पूरे रंग में है उससे उम्मीद लगाई जा रही है की क्रिकेट विश्व कप 2023 भारत का ही होगा।

चौक स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में जानी-मानी क्रिकेट अकादमी लखनऊ क्रिकेट अकादमी÷ के होनहार क्रिकेटरो और उनके कोच अर्शी रजा भी मौजूद रहे । भारतीय टीम को अपनी शुभकामनाएं देते हुए अर्शी रजा ने कहा की इस समय भारतीय टीम का बैलेंस बिल्कुल सही है और टीम जबरदस्त फार्म में है। जिस तरह से अभी तक टीम अपराजित है उसे देखकर उम्मीद की जानी चाहिए कि भारतीय टीम विश्व कप जरूर जीतेगी।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लगातार बड़ा और मजबूत हो रहा है

**बेंगलुरु।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की।उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ इत्तिरा डेविस ने कहा, व्यावसायिक प्रदर्शन के लिहाज से वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही एक और मजबूत तिमाही रही। पिछली तिमाहियों की तरह ही व्यवसाय की गति में मजबूत वृद्धि जारी रही। सालाना व तिमाही आधार पर क्रमशः कर्ज वितरण में 18 और 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और कुल कर्ज वितरण 5,749 करोड़ रुपये का रहा। अफोर्डेबल हाउसिंग और एफआईजी में हमारे सुरक्षित ऋृण का मजबूत प्रदर्शन जारी रहा। इसके अलावा, हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए लक्षित गोल्ड लोन और दोपहिया वाहन ऋृण जैसी हमारी नई पेशकशें हमारे उत्पादों की रेंज में इजाफा करते हुए विकास में सहायता करेंगी। विकास और ब्रांड जागरूकता को और अधिक गति प्रदान करने के लिए, हमने तिमाही के दौरान कई पहलों की शुरुआत की है, जिसमें राष्ट्रव्यापी ब्रांड अभियान और वैल्यू एडेड लायबिलिटी प्रॉडक्ट्स लॉन्च करना शामिल है। इसका लक्ष्य हमारे मौजूदा और संभावित हितधारकों के बीच ब्रांड को और अधिक मजबूत करना है। इसके अलावा, हमने 39 नई शाखाएं भी खोली हैं, जिससे हमारी कुल शाखाओं की संख्या 700 हो गई है। दूसरी छमाही में हम 45 और नई शाखाएं जोड़ेंगे, जिसमें कुछ शाखाओं का विभाजन भी शामिल है, ताकि वॉल्यूम को बेहतर तरीके से प्रबंधित किया जा सके। इन सभी प्रयासों के परिणामस्वरूप हमारे बैंक की लाएबिलिटीज में अच्छी वृद्धि हुई है।

हमारा कासा 28 प्रतिशत सालाना और 7 प्रतिशत की तिमाही दर से बढ़ते हुए 7,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया है। इसके अलावा, हमारा रिटेल टीडी और कासा सालाना 44 प्रतिशत बढ़कर 18,818 करोड़ रुपये हो चुका है। वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही एक और तिमाही थी जहां हमने 300 करोड़ रुपये से अधिक का कर बाद मुनाफा हासिल किया, जिसे मजबूत एनआईआई की सालाना 24% और तिमाही 4त्न की वृद्धि से मदद मिली। हालांकि, चालू तिमाही में भी फंड की लागत ऊंची बनी रही, जिससे पिछली तिमाही की तुलना में एनआईएम में 43 आधार अंकों की कमी आई, हालांकि इसके बावजूद हम ऋृण और जमा बही वृद्धि पर अपने अनुमान पर कायम हैं। इसके अलावा हम क्रेडिट लागत को 100 आधार अंकों से नीचे बनाए रखने के लिए भी आश्वस्त हैं। हैलो उज्जीवन जैसी अन्य पहलों पर हमारा मजबूत ध्यान अब तक 4.3 लाख डाउनलोड और वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में 40 करोड़ रुपये से अधिक के कुल भुगतान के साथ ग्राहकों के बीच अपनी पैठ बना रहा है।

## टी.ए.सी. - द आयुर्वेद कंपनी की सीईओ और को-फाउंडर श्रीधा सिंह अब जियो सिनेमा के नए शो, 'इंडियन एंजल्स' की एंजल निवेशक हैं



**कानपुर।** वाराणसी के पास एक छोटे-से गाँव, करंडा की श्रीधा सिंह अब अपनी अतुल्य यात्रा के द्वारा लाखों लोगों को प्रेरित करने जा रही हैं। उन्होंने 14 वर्ष की छोटी सी उम्र में मैकडोनाल्ड में महज 80 रुपये प्रति दिन की कमाई के साथ अपने सफ़र की शुरुआत की थी, और अब वो ओटीटी चैनल जियो सिनेमा पर मुकेश अम्बानी के नए शो 'इंडियन एंजल्स' की एंजल निवेशक बनने जा रही हैं। उनकी सफलता की कहानी बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए पूरे भारत की महिलाओं के लिए अनंत संभावनाओं का प्रमाण है।

टीएसी - द आयुर्वेद कंपनी की सीईओ एवं को-फाउंडर तथा एंजल निवेशक, श्रीधा सिंह ने कहा कि, ÷अपने सफ़र में 'उम्मीद' और 'ज़िद्द' मेरे लिए मार्गदर्शक प्रकाश-स्तम्भ रही हैं। एक छोटे-से गाँव से लेकर एक सफल फाउंडर और अब 'इंडियन एंजल्स' पर एंजल तक, चुनौतियों के बीच मेरी सफलता के पीछे मेरी दृढ़ इच्छाशक्ति और अडिग आशा ही प्रेरक शक्ति रही हैं।÷

इंडियन एंजल्स' एक महत्वपूर्ण शो है, जो विभिन्न उद्योगों में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले दूरदर्शी व्यक्तियों पर रोशनी डालता है। अपने पेशेवर सफ़र में श्रीधा के समर्पण और संकल्प ने उन्हें अनगिनत आकांक्षी उद्यमियों के लिए एक प्रेरणा बना दिया है। वे उन महत्वाकांक्षी महिलाओं के बढ़ते समूह का प्रतीक हैं, जो भारत के कॉर्पोरेट परिदृश्य का आकार गढ़ रही हैं।

इस शो की स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा पर 3 नवम्बर से होने जा रही है और इसमें दर्शकों को खुद निवेशक बनने के लिए भी आमंत्रित किया जाएगा।

## मास्टरशेफ इंडिया पहली बार अपने एएसएमआर चैलेंज का जलवा दिखाने के लिये तैयार है, जिसमें आवाज का मिलन स्वाद से होगा

मास्टरशेफ इंडिया में प्रतियोगिता और भी जोरदार होने जा रही है, क्योंकि शो के टॉप 12 प्रतियोगी पाककला में अपनी को प्रतिभा साबित करने के लिये कोई मसाला या तकनीक नहीं छोड़ रहे हैं। सरगर्मी बढ़ने के साथ ही जजेस एक रोमांचक ट्विस्ट लेकर आएंगे, जिससे प्रतियोगिता को नया आयाम मिलेगा। स्वाद, नयेपन और प्रस्तुतिकरण के तीन अनिवार्य मापदण्डों के अलावा, प्रतियोगियों को अब पाककला का चौथा स्तंभ भी शामिल करना होगा- और यह मास्टरशेफ इंडिया पर पहली बार होने जा रहे एएसएमआर चैलेंज में उनकी डिशेस की आवाज के रूप में सबके सामने आएगा। मास्टरशेफ इंडिया, सोमवार से शुक्रवार, रात 8 बजे सिर्फ सोनी लिव पर!

एएसएमआर एक तरह की सिहरन होती है, जिसका अनुभव कई लोग कुछ खास देखने या सुनने पर करते हैं और यह ऑटोनॉमस सेंसरी मेरिडियन रिस्पॉन्स का लघु शाब्दिक रूप है।



एएसएमआर को अक्सर 'ब्रेन मैसेज' कहा जाता है और इसने इंटरनेट पर धूम मचा रखी है, क्योंकि लाखों व्यूअर्स फूड साउंड्स समेत इसके विभिन्न प्रेरकों के लिये देख और सुन रहे हैं। यह चलन अब मास्टरशेफ इंडिया के किचन तक पहुँच गया है और प्रतियोगियों को ऐसी डिशेज बनाने की चुनौती दे रहा है, जो न सिर्फ स्वाद-इंद्रियों में सिहरन पैदा करे, बल्कि आवाजों का संगीत भी दे।

एएसएमआर चैलेंज में प्रतियोगी खाने की कई आवाजों को जानेंगे, जिससे कुकिंग की गतिविधि ही बदल जाएगी और परोसना एक कला बन जाएगा। जब वे जजेस को अपनी डिशेस परोसेंगे, तब उन्हें वे आवाजें भी समझानी होंगी, जिन्हें शामिल किया गया है। इस तरह से पाककला में उनकी कारीगरी थोड़ी पेचीदा हो जाएगी। चुनौती के अंत में मास्टरशेफ इंडिया के पहले एलिमिनेशन राउंड के तहत उन दो प्रतियोगियों को ब्लैक एप्रन मिलेगा, जो उम्मीदों पर खरे नहीं उतरेंगे। इस अभिनव चैलेंज के बारे में अपना रोमांच व्यक्त करते हुए, शेफ विकास खन्ना ने कहा, 'दुनिया बदल रही है और टेक्नोलॉजी हमारे पाककला के अनुभवों का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। एएसएमआर के रूप में आवाज ने खाने को लेकर हमारी समझ को नयापन दिया है। टेक्सचर को समझना हर शेफ के लिये जरूरी होता है और आवाज को शामिल करने से उसे एक नया स्तर मिलता है। देखना दिलचस्प होगा कि हर प्रतियोगी कैसे इस अनूठे पहलू को इस्तेमाल करता है।

इस चुनौती के भाव पर रोशनी डालते हुए, शेफ रणवीर ब्रार ने कहा, हम अक्सर उन आवाजों को भूल जाते हैं, जो हमें खाते समय आती हैं। हालांकि आवाज पाककला के अनुभव का एक अटूट हिस्सा है, जिससे खुशी और रोमांच बढ़ जाता है। यह चुनौती खाने की विभिन्न आवाजों के जरिये आनंद को खोजने के लिये है। प्रतियोगियों को अपनी रचनाओं में जान डालने का मौका मिलेगा। प्रत्येक स्नैप, क्रंच और स्लर्प इस चैलेंज में जान डाल देगा।

## त्यौहारों की खुशियां बढ़ाएं- फेविकोल रेलम के जादू के साथ अपने फर्नीचर में जान फूंकें

फेविकोल रेलम का उपयोग करके, अब आप लैमिनेट पर लैमिनेट चिपका सकते हैं और इस प्रकार फर्नीचर रेनोवेशन प्रोसेस को आसान बना सकते हैं। फेविकोल रेलम एडहैसिव कुछ घंटों में इंस्टेंट पकड़ और प्रोसेसिंग स्ट्रेंथ देता है। इसमें कोई गंध नहीं है. इसका उपयोग करना आसान है और उपयोग से पहले इसको अच्छी तरह से मिक्स करने की भी जरूरत नहीं होती है। फेविकोल रेलम यह सुनिश्चित करता है कि लैमिनेट आसानी से चिपक जाए और बिना किसी गड़बड़ी के एक प्रोफेशनल फिनिश दे।फेविकोल रेलम का उपयोग करके, कोई सीधे पुराने लैमिनेट पर नया लैमिनेट चिपका सकता है और रातों-रात पुराने फर्नीचर का लुक बदल सकता है, जिससे वे वाइब्रेंट और स्टाइलिश दिखेंगे।

फेविकोल रेलम, एडहैसिव सॉल्यूशंस में एक विश्वसनीय नाम, आपके फर्नीचर को बदलने के लिए कई संभावनाएं प्रदान करता है। चाहे आप अपने पुराने किचन कैबिनेट और अलमारी को आधुनिक टच देना चाहते हों या एक थकी हुई दिखने वाली कॉफी टेबल को सजाना चाहते हों, फेविकोल रेलम एक विश्वसनीय और उपयोग में आसान सॉल्यूशन प्रदान करता है। कल्पना कीजिए कि एक सरल और जेब के लिए अनुकूल तकनीक एक सादे साइड टेबल को वर्क ऑफ आर्ट में बदल सकती है, जो जीवंतता और ताजगी उत्सव की भावना को दर्शाती है। फेविकोल रेलम एक स्थायी बंधन सुनिश्चित करता है।




## एग्रीप्लास्ट ने ग्रीनहाउस उद्योग के लिए ज़राइली आकार बदलने वाली तकनीक पेश की

**लखनऊ।** दूरदर्शी भाइयों अभिषेक भट्ट और शशांक भट्ट द्वारा स्थापित एग्रीप्लास्ट नॉर्थ, 2011 में अपनी स्थापना के बाद से भारत में कृषि में क्रांति लाने में सबसे आगे रहा है। उत्तर प्रदेश में अत्याधुनिक तकनीक पेश करने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप किसानों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो अक्सर पारंपरिक उपज से चार गुना तक होती है।

इस वर्ष, एग्रीप्लास्ट के पास उत्तर भारत में कृषि समुदाय के साथ साझा करने के लिए कुछ रोमांचक समाचार हैं। कंपनी किसानों के जीवन को आसान बनाने और इजरायली



एग्रीप्लास्ट उत्पादों की पहुंच में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

एग्रीप्लास्ट ने लखनऊ में उत्तर भारत की पहली इजराइली आकार बदलने वाली मशीन स्थापित करने की घोषणा की है। पहले, क्षेत्र के किसानों को दक्षिण भारत से इज़राइली एग्रीप्लास्ट उत्पाद मंगाने पड़ते थे, जिससे लॉजिस्टिक और लागत संबंधी चुनौतियाँ सामने आती थीं।

इस मशीन की शुरुआत के साथ, ये उत्पाद अब उत्तर भारत में किसानों के दरवाजे पर आसानी से उपलब्ध होंगे।

कंपनी ने लखनऊ में एक इजरायली ग्रीनहाउस विनिर्माण कारखाने की आगामी स्थापना की भी घोषणा की है। यह फैक्ट्री उत्तर भारत में अच्छी तरह से डिजाइन की गई इजरायली ग्रीनहाउस संरचनाएं लाएगी।

इन उन्नत ग्रीनहाउस की शुरूआत से फसल की पैदावार को अधिकतम करने, प्रतिकूल मौसम की स्थिति से बचाने और साल भर खेती के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मदद मिलेगी।

## आईथिंक लॉजिस्टिक्स ने फेडेक्स के साथ सहयोग किया

FedEx Express

**कानपुर।** भारत के प्रमुख शिपिंग प्लैटफॉर्म्स में से एक आईथिंक लॉजिस्टिक्स ने एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन और लॉजिस्टिक्स में ग्लोबल लीडर-फेडेक्स के साथ रणनीतिक भागीदारी की है। इस सहयोग का लक्ष्य क्रॉस-बॉर्डर ई-कॉमर्स के लैंडस्केप को नए अंदाज में पेश करना है। इसके लिए भारत में बेहतरीन शिपिंग सॉल्यूशन्स पेश किए जाएगे और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में प्रवेश करने वाले ई-कॉमर्स विक्रेताओं के खर्च में पर्याप्त बचत की जाएगी। एक फेडेक्स-कॉम्पैटिबल समाधान प्रदाता के रूप में, आईथिंक लॉजिस्टिक्स दुनियाभर में भारतीय ई-कॉमर्स बिजनेस को आगे बढ़ने के लिए मजबूत बनाने का काम कर रहा है। यह भागीदारी विक्रेताओं को आसानी से केवल एक क्लिक के साथ अपना खुद का फेडेक्स अकाउंट बनाने, प्रोसेस को मैनेज करने और अनावश्यक मुश्किलों को दूर करने में मदद करती है। इसका अंतिम लक्ष्य एक ऐसा व्यापक समाधान प्रदान करना है जो इंटरनेशनल शिपिंग की समस्याओं को दूर करने के साथ ही ऑपरेशनल एफिशिएंसी में बढ़ोतरी करे। आईथिंक लॉजिस्टिक्स की को-फाउंडर सुश्री ज़ैबा सारंग का कहना है, प्रत्येक ई-कॉमर्स क्रॉस-बॉर्डर विक्रेता, चाहे छोटा हो या बड़ा, के लिए अभिनव शिपिंग इनोवेशन को लाकर यथा-स्थिति को चुनौती देना आईथिंक लॉजिस्टिक्स में हमेशा से हमारा मूल विज़न रहा है। फेडेक्स जैसी प्रसिद्ध संस्था के साथ भागीदारी हमें और हमारे विक्रेताओं को दुनिया भर में पहुँच और बेजोड़ सेवा को और भरोसेमंद बनाने के काफी करीब लाती है। प्रमुख फेडेक्स सेवाओं पर 76त्न तक की महत्वपूर्ण छूट तक पहुँच प्राप्त करने के लिए विक्रेताओं के लिए एक्सक्लूसिव अवसर इस सहयोग की सबसे बड़ी विशेषता है। ई-कॉमर्स एंटरप्रेन्योर्स फेडेक्स की बेहतरीन सेवाओं के समूह की शक्ति का लाभ उठा सकते हैं जिसमें फेडेक्स इंटरनेशनल प्रायोरिटी एक्सप्रेस शामिल हैं, जो 2-3 दिनों की तेज डिलीवरी सेवा प्रदान करती है। इसके अलावा वे फेडेक्स इंटरनेशनल प्रायोरिटी का उपयोग करते हुए बेहद आसानी से 2-3 दिनों के भीतर 220 से ज़्यादा देशों में अपनी पहुँच का विस्तार कर सकते हैं।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 31 अक्टूबर, 2023



# डीएम ने चार प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने कृषकों को जागरूक करने हेतु जन-जागरूकता अभियान के अन्तर्गत 04 प्रचार वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कृषक जागरूकता हेतु प्रचार वाहन में कृषकों में वितरण हेतु पम्पलेट भी रखे गये हैं।

ये प्रचार वाहन जनपद में समस्त 16 विकास खण्डों में भ्रमण कर कृषकों के मध्य फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के सम्बन्ध में कृषकों को जागरूक करेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन फॉर इन सीटू ऑफ काप रेजिड्यू योजनान्तर्गत जनपद देवरिया में फसल अवशेष / पराली जलाने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में कृषकों को जानकारी दिया जायेगा कि फसल अवशेष जलाना दण्डनीय अपराध है। यदि कोई भी किसान कृषक अवशेष जलाता हुआ पाया जायेगा तो कृषि भूमि का क्षेत्र 0.2 एकड़ से कम होने की दशा में अर्थदण्ड रू0 2500 प्रति घटना, कृषि भूमि का क्षेत्र 0.2 एकड़ से अधिक किन्तु 05 एकड़ तक होने की दशा में अर्थदण्ड रू0 5000 प्रति घटना एवं कृषि भूमि का क्षेत्र 05 एकड़ से अधिक होने की दशा में अर्थदण्ड रू0 15000 प्रति घटना जुर्माने के रूप में वसूल किया जायेगा । इसलिए किसान फसल अवशेष को जलाये नहीं बल्कि मृदा में कार्बनिक पदार्थों की वृद्धि हेतु पादप अवशेषों को मृदा में मिलायें एवं डीकम्पोजर के माध्यम से मिट्टी में सड़ा दें।

# पराली जलाने पर 25 सौ से 15 हजार तक लगेगा जुर्माना: डीएम

## पराली न जलाने के दृष्टिगत डीएम ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पराली ना जलाने के प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी ने प्रचार वाहन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि खरीफ मौसम समाप्ति की ओर है और धान फसल की कटाई पूरे जनपद में प्रारंभ हो चुकी है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पराली जलाने को दंडनीय अपराध घोषित किया गया है।


प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाते डीएम

धान की फसल को कंबाइन से काटने के लिए कंबाइन हार्वेस्टर के साथ किसी एक फसल अवशेष प्रबंधन यंत्र का उपयोग किया जाना अनिवार्य है। अन्यथा की दशा में कंबाइन हार्वेस्टर को सीज कर दिया जाएगा। इसमें लिप्त कृषकों पर 2500 से 15000 तक जुर्माना का प्रावधान है। उप कृषि निदेशक आशीष कुमार ने कहा कि किसान बंधु अपनी पराली को बायो डिकंपोजर के माध्यम से सड़ा कर खाद बना सकते हैं। पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए तहसील स्तर एवं विकासखंड स्तर पर टीमों का गठन किया गया है जो निरंतर भ्रमणशील रहकर ऐसे कृत्य करने वाले किसानों के खिलाफ कार्यवाही करेगी। कृषकों को जागरूक करने के लिए कृषि विभाग द्वारा वॉल पेंटिंग एवं होर्डिंग के द्वारा भी इसका प्रचार प्रसार किया गया है एवं पूरे जनपद में लगभग 35000 बायो डीकंपोजर का निशुल्क वितरण किया जा रहा है। उन्होंने जनपद के सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि वे अपने धान की फसल के अवशेष को ना जलाएं एवं वातावरण को प्रदूषण से मुक्त रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर मेनका एवं कृषि विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीदों के रक्त से सनी मिट्टी माथे पर लगाना परम सौभाग्य: रविकिशन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पुण्य भूमि भारत की रक्षा करते शहीद होना सौभाग्य की बात है। यह लालसा भारत के हर नागरिक में रच बस गया है। जिस भूमि पर शहीदों को लहू गिरा हो उस मिट्टी को माथे पर लगाना परम सौभाग्य है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से आज पूरा देश एकता के सूत्र में बंधकर वीर सपूतो को अपने हृदय में जगह दे रहा है। उक्त बातें गोरखपुर सांसद रविकिशन ने शहीदों की मिट्टी को दिल्ली ले जाते समय मौजूद देशभक्त कार्यकर्ताओं से कही। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सोमवार को गोरखपुर के सांसद रविकिशन अमृत कलश लेकर नई दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली जाने से पूर्व उपस्थित हजारों कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गोरखपुर पुण्य प्रसूता माताओं की भूमि रही है। यहां की माताओं ने हाड़ मा़स के पुतले नहीं जन्मे थे बल्कि आग उगलते वीर सपूत पैदा की थी। गोरखपुर के गगहा, डोहरिया, चौरीचौरा क्रान्तिकारियों के गढ़ रहे हैं। गोरखपुर किउ मिट्टी में जन्मे, पले बढ़े और फिर देश के लिए शहीद हुए वीर पुरुषों की मिट्टी को अमृत कलश में ले जाने मेरे जीवन का सबसे विशेष पल है। यह मेरा परम सौभाग्य है कि प्रकृति ने मुझे इस पवित्र कार्य के लिए चुना है। हम सब मां भारती के ऋणी हैं।

# न्यायाधीशगणों ने किया राजकीय बाल गृह व पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह का औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा सिविल जज (जे.डी.)द्वारा राजकीय बाल गृह एंव पाथ वात्सल्य खुला आश्रय गृह का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इन्द्रिरा सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि परिसर को निरंतर स्वच्छ रखा जाये तथा बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था की जायें जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। न्यायाधीश महोदया के द्वारा बच्चों को गर्म कपड़ा उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही राजकीय बालगृह से दिनांक 21.10.2023 को अमित गिरि पुत्र भीम गिरि ग्राम-अदरंगी, पोस्ट-रूद्रपुर थाना-रूद्रपुर जिला देवरिया द्वारा पलायन करने के बाद प्रभारी अधीक्षक राजकीय बालगृह द्वारा न्यायालय/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया को सूचना नही देने तथा उनको अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा कड़ा रोष व्यक्त करते हुये कठोर निर्देश दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार दूबें द्वारा भोजन हेतु खाद्य सूची का निरीक्षण किया गया तथा भोजन में पौष्टिक आहार के साथ-साथ मीनू के अनुसार ही भोजन दिये जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि राजकीय बालगृह देवरिया में कुल 19 बच्चें तथा पाथ वात्सल्य खुला आश्रय में कुल 16 बच्चें वर्तमान में उपस्थित पाये गये। सचिव महोदय के द्वारा राजकीय बालगृह में आवासित बच्चों को नामित सक्षम अधिकारी की समिति के द्वारा पूर्ण अनुमोदन के उपरान्त ही रिहाई करने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी ने बच्चों के स्वास्थ सम्बन्धित समस्याओं तथा प्रपत्रो को व्यवस्थित रूप से करने के लिए कठोर निर्देश दिए।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुशीनगर के ग्यारह शिक्षक राजधानी में सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2022-23 में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षक जिनके विद्यालय से 5 से अधिक छात्रों का चयन इसमें हुआ, उन शिक्षकों को 29 अक्टूबर को लखनऊ के रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में आयोजित हुए समारोह में अजय कुमार सिंह उपनिदेशक/प्राचार्य डायट लखनऊ एवं भगवती सिंह संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक द्वारा कुशीनगर जिले से 11 शिक्षकों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के नोडल सत्यजीत द्विवेदी एवं सुनील सिंह के विशेष प्रयास से जिले में कुल 254 सीटों के सापेक्ष 251 सीटों पर बच्चों ने सफलता पाई। इन सभी छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक 12000 प्रति वर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। सम्मानित होने वाले शिक्षक में जिला नोडल शिक्षक सत्यजीत द्विवेदी एवं सुनील सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय माधोपुर दुदही से अरविंद दुबे, कंपोजिट विद्यालय मदनपुर सुकरौली खड्डा से विनय कुमार सिंह, कंपोजिट विद्यालय फर्द मुंडेरा मोतिचक से रामवीर सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुर बुजुर्ग पडरौना से बृजकिशोर कुमार, कंपोजिट विद्यालय दुर्गवलिया पडरौना से दीपक कुमार, कंपोजिट विद्यालय सुमही संत पट्टी सेवरही से रामू कुमार मद्धेशिया, कम्पोजिट विद्यालय बसडीला पांडे तमकुही से कृष्ण गोपाल चतुर्वेदी, उच्च प्राथमिक विद्यालय असना मोतीचक से पंकज कुमार श्रीवास्तव, कंपोजिट विद्यालय भटवलिया बनकट रामकोला से सूर्य प्रताप शामिल रहे। इसमे सर्वाधिक चयन कम्पोजिट विद्यालय दुर्गवलिया तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय माधोपुर से 10-10 छात्रों का हुआ है। सभी शिक्षको को डीएम उमेश मिश्रा, सीडीओ गुंजन द्विवेदी और बीएसए रामजियावन मौर्य एवं सभी खंड शिक्षा अधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर : 172 में डेल्टा कम्पनी बनी ओवर आल विजेता



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पिछले 22 अक्टूबर से चल रहे दस दिवसीय सयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-172 भोलाराम मस्करा इंटर कालेज, सहजनवा में एनसीसी कैडेटो को नौवें दिन शिविर के दौरान हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे स्काउट ड्रिल कंपीटीशन, क्विज कंपीटीशन, फायरिंग कंपीटीशन, टेंट पिचिंग कंपीटीशन, तथा शिविर के विभिन्न कार्यों में अपना योगदान देने वाले कैडेट्स को कैम्प कमांडेंट कर्नल सतीश कवर ने शील्ड, मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया । जिसमे डेल्टा कम्पनी ओवर आल विजेता टीम रही। वहीं चार्ली कंपनी दुसरे स्थान पर, अल्फा तीसरे स्थान पर तथा ब्रावो कंपनी अंतिम स्थान पर रही । शिविर को और रोमांचक बनाने के लिए क्रिकेट मैच का भी अयोजन किया गया जिसमे 5 टीमें बनी, जिसमे फाइनल मैच एनसीसी आफिसर्स और ब्रावो टीम के बीच हुआ, जिसमे ब्रावो टीम 4 विकेट से विजई हुई। इस अवसर पर एडम ऑफिसर कर्नल नरेन्द्र डागर, फर्स्ट ऑफिसर भारत सिंह, थर्ड आफिसर सुर्य प्रताप सिह, थर्ड आफिसर पुनीत त्रिपाठी, ले0 बंदिता त्रिपाठी, सीटीओ प्रभाकर शाही, सूबेदार मेजर पवन कुमार, सूबेदार काशी लिम्बू एंव अन्य पी. आई स्टाफ मौजूद रहे।

## 1.79 करोड़ से जल निकासी की समस्या होगी दूर

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्बे में जल निकासी की समस्या से अब निजात मिल जायेगी। इसके लिए शासन ने 1.79 करोड़ के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। जल्द ही धन अवमुक्त होने के बाद जल निकासी का कार्य शुरू हो जाएगा। बता दें कि नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह नगर में विकास को लेकर कटिबद्ध है। इनके प्रयास से लगातार नगर में सीसी रोड, व्यापारिक क्षेत्र का सुंदरीकरण, सरकारी स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने जल निकासी की समस्या दूर करने के लिए शासन को 1.79 करोड़ का डीपीआर भेजा था। जिसको शासन द्वारा मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही धन अवमुक्त हो जायेगा और नाले का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जायेगा। इस तरह से बरसता के साथ ही अन्य जलनिकासी की समस्या दूर हो जायेगी। उन्होंने कहा कि नगर का चहुमुखी विकास कराना मेरी प्राथमिकता है।

## करवा चौथ को लेकर बाजारों में जमकर हुई खरीददारी

**अमेठी।** करवा चौथ व्रत को लेकर बाजार गुलजार हैं। पर्व को लेकर सोमवार को बाजारों में जमकर खरीददारी हुई। नगर और ग्रामीण अंचल के बाजार गुलजार रहे। करवा चौथ का पर्व कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत महिलाएं अपनी पति की लंबी आयु की कामना के लिए रखती हैं। इस व्रत में महिलाएं पूरे दिन निर्जला रहती हैं और शाम को चांद के उदय होने के बाद व्रत खोलती हैं। इस व्रत में शिव परिवार सहित चंद्र देवता की भी पूजा की जाती है।इस व्रत में महिलाएं पूरा श्रृंगार करती हैं। इस व्रत में मिट्टी के करवे लिए जाते हैं और उनसे पूजा की जाती है। करवा चौथ की पूजा में भगवान शिव गणेश माता पार्वती और कार्तिकेय सहित नंदी जी की भी पूजा की जाती है। पूजा के बाद चंद्रमा को छलनी से ही देखा जाता है और उसके बाद पति को भी उसी छलनी से देखते हैं। बाजारों में श्रृंगार कपड़े आभूषण और पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीददारी के लिये भीड़ लगी रही। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

# आत्मबल ही महिलाओं को बना सकता है सशक्त: साधना त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में सोमवार को साधना फाउंडेशन के तत्वावधान में सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 4 के तहत महिलाओं को जागरूक करने के दृष्टिकोण से अभियान चलाया गया और एक गोष्ठी का आयोजन हुआ।



गोष्ठी को संबोधित करते हुए फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी ने कहा यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता। यह सूक्ति हमारे यहां पुराणों में वर्णित है वैदिक काल से स्त्रियों का सम्मान हमारे समाज और देश में रहा है तब हम विश्व गुरु कहे गए।कालांतर में विदेशी ताकतों ने आक्रमण किया जिसकी वजह से सामाजिक कुरीतियों ने जन्म लिया। धीरे-धीरे मध्यकाल में स्त्रियों की दशा दयनीय हुई लेकिन हजारों वर्षों की गुलामी के बाद हम फिर आजाद हुए तो दशा में निरंतर सुधार आया। आज की स्थिति यह है कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में सर्वथा शक्तिमान है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को देखते हुए सूबे की सरकार ने वर्ष 2020 में मिशन शक्ति की शुरुआत की। जिसका चतुर्थ चरण इस समय चल रहा है। महिला सुरक्षा स्वावलंबन महिला शशक्ति करण के लिए तमाम प्रयास किया जा रहे हैं आज हमें निर्भय होकर अपने लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ने की जरूरत है। हमारे रास्ते में अगर कोई रुकावट है तो वह केवल हमारे आत्म बल की कमजोरी है। समाज के अराजक तत्वों से निपटने के लिए हम महिला हेल्पलाइन 181 पर शिकायत कर सकते हैं जिसमें आपकी पहचान गुप्त रखी जाती है और तुरंत समस्या का निदान किया जाता है। 1090 महिला पावर लाइन 1076 मुख्य मंत्री हेल्पलाइन 1098 चाइल्डलाइन यह सभी सुविधाएं हमारी सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत बनाई है। इसी क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओअभियान चलाया जा रहा है क्योंकि एक शिक्षित नारी ही समाज में कुछ कर सकती है। लेकिन उसके कुछ करने के पीछे उसका आत्म बल मजबूत होना अत्यंत आवश्यक है जिसके साथ-साथ परिवार व माता-पिता के सहयोग की भी जरूरत है। सभी बेटियों को अपने मन की हीन भावना को त्यागना होगा यह मन से निकाल फेंकना होगा कि हम किसी से कम है हम कुछ कर नहीं सकते हैं।हम पुरुषों से कमजोर नहीं हैं यही इस मिशन का लक्ष्य है।

# पीड़ितों के घर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंची केंद्रीय मंत्री

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी सोमवार को अपने एकदिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंची जहां वह क्षेत्र में कई स्थानों पर शोक संवेदना प्रकट करने के लिए पीड़ितों के घर पहुंची। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को इब्राहिम पुर गांव पहुंच कर 5 अक्टूबर को गैस सिलेंडर लीकेज होने से लगी आग में झुलसने से मौत का शिकार हुए सुरेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ ननकऊ सिंह के परिवार से मुलाकात की। मृतक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और पीड़ित परिवार का दुःख बांटा। इसके बाद वे ज्ञान चंद पुर महसों गई। यहां उन्होंने भाजपा के मंडल अध्यक्ष भीम द्विवेदी के पिता त्रिभुवन नाथ द्विवेदी के निधन पर गहरा दुःख जताया।भीम द्विवेदी की पत्नी सुशीला और उनके भाई रघुवंश द्विवेदी की पत्नी अशोका द्विवेदी से बातचीत की और परिवार और बच्चों के बारे में जानकारी ली। त्रिभुवन नाथ द्विवेदी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि भाजपा जिलाध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र के साथ भाजपा नेता देव प्रकाश पाण्डेय मंडल अध्यक्ष अजय कुमार तिवारी राकेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे। जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के थौरी गांव में प्रदीप सिंह थौरी के घर गई। यहां प्रदीप सिंह के परिवार से मुलाकात के बाद स्मृति समशेरिया ग्राम पहुंची और पूर्व बी डी सी काशी प्रसाद मिश्र के परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।



## धान की औसत फसल प्रति हेक्टेयर 57 कुंतल आंकलित



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की उपस्थिति में आज ग्राम पंचायत खोराराम में धान फसल कटाई का आयोजन किया गया। इस कटाई के माध्यम से जनपद में प्रति हेक्टेयर धान की औसत उपज 57 कुंतल आंकलित की गई है। इस आंकड़े का उपयोग जनपद में कुल धान उत्पादन का आंकलन करने तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत क्षतिपूर्ति देने एवं दैवीय आपदा की स्थिति में फसल को होने वाली क्षति का मुआवजा देने में किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में धान की कटाई प्रारंभ हो चुकी है। एक नवंबर से सरकारी क्रय केंद्रों में धान खरीद प्रारंभ होगी। जनपद में 136 धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये है। उन्होंने जनपद के समस्त कृषकों को शुभकामनाएं दी और अतिरिक्त उत्पादन को सरकारी धान क्रय केंद्र पर विक्रय करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर प्रभारी सांख्यकीय अधिकारी, आयुक्त कार्यालय, प्रवीण चौधरी सहित विभिन्न अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद थे।

# पूर्व में हुए विवाद को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से किया हमला, गंभीर

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के मुख्य चौराहे से कुछ ही दूरी पर एक माह पूर्व कहासुनी के बाद सोमवार को एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से वार कर दिया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस गंभीर हालत में युवक को सीएचसी पिपराइच भर्ती कराया जहां हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।


घटना स्थल पर जुटी भीड़

- एक माह पूर्व दोनों युवकों में हुआ था विवाद
- घर जाते समय युवक ने दूसरे युवक को रास्ते में रोककर किया हमला

मिली जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र के गांव छपिया टोला रामनगर निवासी चंदन शर्मा पुत्र अशोक शर्मा उम्र 18 वर्ष से गांव के ही युवक बब्बी गौंड उर्फ मीर से एक माह पूर्व किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर बब्बी नाराज चल रहा था। सोमवार को चंदन किसी काम से अहिरौली गया था घर आते समय बब्बी ने कुछ ही दूरी पर घेर लिया और दोनों में कहासुनी होने लगी। इसी दौरान बब्बी ने अक्रोषित होकर चंदन के गले पर चाकू से वार कर दिया और फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को पहुंची पुलिस ने पिपराइच भर्ती कराया जहां हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

उधर घायल चंदन शर्मा के भाई भोला शर्मा ने स्थानीय थाने में पहुंचकर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई। इस संबंध में थानाध्यक्ष अहिरौली बाजार श्री प्रकाश राय ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाई की जा रही।

# सांसद रविन्दर कुशवाहा ने किया अमृत कलश यात्रा वीरो के नाम

अवधनामा संवाददाता

**सलेमपुर।** सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा ने सोमवार को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के अमृत कलश यात्रा में एकत्र मिट्टी व चावल को बड़े कलश में डालकर अमृत पार्क में गिराया। अमृत कलश के साथ सांसद रविन्दर कुशवाहा सलेमपुर से दिल्ली पहुँचे है।



सांसद ने कहा कि पूरे देश से मिट्टी इकट्ठा कर मां भारती की सेवा में शहीद हुए देश के वीरों के नाम अमृत वाटिका लगाई जाएगी। जो देश के लिए गौरव की बात होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 31 अक्टूबर 2023 को शाम लगभग 5 बजे कर्तव्य पथ पर मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम आजादी का अमृत महोत्सव का समापन समारोह भी होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव स्मारक का उद्घाटन करेंगे। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने बताया कि केंद्र सरकार के मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत लोकसभा सलेमपुर के सभी गांवों मे घर-घर जाकर मिट्टी संग्रह किया गया है।

इसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार से भी मिट्टी ली गई। इस अभियान में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं इस साल मेरी माटी, मेरा देश अभियान के साथ आजादी का पर्व भी मनाया गया। यह अभियान देश के वीरों को सम्मान देने के लिए शुरू किया गया है। अमृत कलश को अमृत पार्क में मिट्टी विलय पर भाजपा नेता अशोक पाण्डेय, जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, अजय दूबे वत्स, बलबीर सिंह दादा,अमित सिंह बबलू, अशोक कुशवाहा, सत्यप्रकाश सिंह विशेन, सन्तोष पटेल,अभय तिवारी, सुनील यादव स्नेही, विनय पाण्डेय, पुनीत यादव, रवि कुशवाहा आदि ने बधाई दी।

## लखनऊ व दिल्ली में गोरखपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे सहजनवां के शिवेन्द्र गोपाल

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम का समापन लखनऊ तथा दिल्ली में होना पूर्व निर्धारित हैं। इसमें गोरखपुर से 38 युवा/युवती सम्मलित होंगे। इस कार्यक्रम में गोरखपुर से नगर पंचायत सहजनवां वार्ड नंबर 12 (गहासाड) के निवासी नेहरू युवा केंद्र के ब्लॉक समन्वयक शिवेन्द्र गोपाल सहजनवां का प्रतिनिधित्व करेंगे। अमृत महोत्सव कार्यक्रम का चौथा चरण लखनऊ में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तथा दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में कर्तव्य पथ अमृत कलश से जुटी मिट्टी का प्रयोग वीरों के समर्पण के सम्मान में बनाई गयी अमृत वाटिका में किया जायेगा। लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 75 जनपद के 622 ब्लाक के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक व प्रतिनिधि कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वालें कार्यक्रम में अपने प्रदेश के पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे।



# स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति मिली कम तो होगी कार्यवाही: राजकिशोर





अवधनामा संवाददाता

○ बच्चो के डीबीटी और आधार संबंधी कार्यों को जल्द से जल्द करे पूरा

**बहराइच।** जनपद में आज शिक्षा क्षेत्र चित्तौरा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक विकास खण्ड चित्तौरा अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय डीहा में संपन्न हुए बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर ने की इस बैठक में चित्तौरा क्षेत्र के प्राइमरी तथा जूनियर स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ साथ एआरपी मौजूद रहे इस बैठक में स्कूलों में बच्चों की कम उपस्थिति से चिंतित बीईओ ने सभी की जमकर क्लास लगाते हुए उपस्थिति बढ़ाने और और के आधार संबंधी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए।आज डीहा पर आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालय के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्राप्त कराए जाने के बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए सभी को ईमानदारी पूर्व कार्य करने की जरूरत है बच्चो की उपस्थिति कम होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा की सभी को सामूहिक प्रयास करते हुए अभिभावकों से संपर्क करके सभी बच्चो को स्कूल तक लाने का प्रयास करना होगा तभी आपका विद्यालय दिसंबर तक निपुण बन पाएगा अगर निरीक्षण के समय उपस्थिति कम मिली तो संबंधित का वेतन रोकने पर विचार भी किया जा सकता है इसलिए ज्यादा से ज्यादा बच्चो को स्कूल तक लाना होगा जिन बच्चों के डीबीटी और आधार संबंधी कार्यों में कुछ कमी रह गई हो तो जल्द से जल्द उसको पूरा करने का कार्य करना होगा। जहां की भी छात्र उपस्थित अभी भी काफी कम है कम से कम यह उपस्थित 85 प्रतिशत होनी चाहिए इसके अलावा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश भी दिए।इस बैठक में एआरपी वीरेंद्र कुमार विश्वनाथ पाठक विद्या विलास पाठक उमेश त्रिपाठी भूपेंद्र श्रीवास्तव सूर्य कुमार पाण्डेय कुमार अभय अनीस अंसारी कलीम अंसारी शमीम अहमद सहित तमाम प्रधानाध्यापक प्रभारी शिक्षिकाएँ और शिक्षक मौजूद रहे।

## खंड शिक्षा अधिकारी लगातार अभिभावकों से डोर टू डोर कर रहे संपर्क



**बहराइच।** जनपद शिक्षा क्षेत्र चित्तौरा के स्कूलों में निरीक्षण के समय बच्चो की उपस्थिति कम मिलने पर चिंतित खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर भी लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते गांव गांव चौपालें लगाकर लोगो तक शासन की मंशा को पहुंचते हुए दिखाई पड़ रहे हैं डोर टू डोर संपर्क करके अभिभावकों को सरकार की योजनाओं और उनके बच्चो के बेहतर भविष्य के लिए शासन के सभी प्रयासों और उनके बच्चो के प्रति सरकार के मोह को बताकर बच्चों को स्कूल भेजे जाने का अनुरोध करते हुए दिखाई पड़ते हैं चित्तौरा के गंभीरवा बाजार सहित तमाम गावो में जाकर बच्चो के माता पिता से लगातार प्रयास कर रहे हैं की ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्कूल पहुंचे और इस विकास खण्ड के साथ साथ जनपद निपुण जनपद बनकर जिलाधिकारी मोनिका रानी मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी की चर्चा पूरे प्रदेश में होती सुनाई पड़े।

# बुन्देलखण्ड विकलांग फाउण्डेशन की जिला व नगर कार्यकारिणी गठित

अवधनामा संवाददाता



○ जिलाध्यक्ष बालकिशन प्रजापति व संतराम यादव बने नगराध्यक्ष

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विकलांग फाउण्डेशन की जिला व नगर कार्यकारिणी का विस्तार एक बैठक के दौरान किया गया। जिला कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष बालकिशन प्रजापति, जिला महासचिव शैलेन्द्र सिंह राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामसहाय, उपाध्यक्ष जमुना, संगठन मंत्री नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष बबलू कुशवाहा, मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र सिंह, प्रचार मंत्री करन कुशवाहा को मनोनीत किया गया। इसके अलावा नगर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये नगराध्यक्ष संतराम यादव, वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष अनिल अहिरवार, नगर उपाध्यक्ष देवीलाल कुशवाहा, नगर सचिव रामगोपाल, नगर संगठन मंत्री जस्सु को मनोनीत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष बालकिशन प्रजापति ने कहा कि नवगठित जिला व नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को जिम्मेवारी के साथ अपना काम ईमानदारी से करना है। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक दिव्यांग तक पहुंच सके इसके लिए विशेष रूप से देखरेख करनी होगी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए वह सदैव तत्पर हैं।

## जिले में संचालित हुआ डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण तथा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रयोगार्थ जनपद स्तर पर डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर की स्थापना कर दी गई है। कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय में स्थापित किये गये डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर (डी.सी.सी.)के संचालन हेतु सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार शुक्ला को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि जिले में स्थापित किया गया डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के आलेख्य प्रकाशन की तिथि 27 अक्टूबर से मतदाता सूची के अन्तिम प्रकाशन की तिथि 05 जनवरी 2024 तक तथा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के नामांकन से मतदान की समाप्ति तक क्रियाशील रहेगा।

# राजकीय जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय का सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही चिकित्सकीय सेवाओं एवं सुविधाओं, साफ-सफाई, अभिलेखों का रख-रखाव एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. राजकीय जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। चिकित्सालय के योगा कक्ष के निरीक्षण के दौरान मौजूद योग सहायक राकेश कुमार दूबे से सीडीओ ने योगासन के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए अपने समक्ष योग सहायक से योगासन भी कराया। योगा कक्ष की मैट काफी पुरानी होने पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ रंजन को योगा मैट को बदलने तथा कक्ष की समुचित साफ-सफाई कराये जाने का निर्देश दिया गया। सीडीओ रम्या आर. ने औषधि भण्डार कक्ष, दवा वितरण काउण्टर तथा ओ.पी.डी. कक्ष का भी निरीक्षण किया। ओपीडी का निरीक्षण करते हुए मरीजों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के बारे में फीड बैक प्राप्त करते हुए निर्देश दिया गया कि आने वाले मरीज़ों को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार उपचार एवं औषधि का वितरण किया जाय। औषधि भण्डार कक्ष के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने स्टाक रजिस्टर के अनुसार दवाओं की उपलब्धता को देखा। औषधि भण्डार कक्ष में एक्सपायरी दवा पाये जाने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी व फार्मेसिस्ट का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, आयुष चिकित्सक डॉ पीयूष नायक, डॉ चेतन आनन्द व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने रोडवेज बस में मारी टक्कर

○ रोडवेज बस हुई क्षतिग्रस्त, ट्रक चालक को आई चोटें

○ दूसरी बस में सवारी ट्रांसफर करते समय हुआ हादसा



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रोडवेज खराब हो गई। जिसकी सवारी दूसरी रोडवेज बस में ट्रांसफर की जा रही थी। तभी पीछे से आई एक ट्रक ने बस में टक्कर मार दी। दुर्घटना में ट्रक चालक घायल हुआ है जिसे सीएचसी कूरेभार में इलाज के लिए भेजा गया है। वही रोडवेज बस क्षतिग्रस्त हो गई है।घटना किमी 138 जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र की है। जयसिंहपुर थाना क्षेत्र की घटना--मिली जानकारी के मुताबिक रोडवेज बस नंबर P50 CT 2479 को बस चालक परमानंद सिंह (45) पुत्र ओंकार सिंह निवासी अतरौलिया जिला आजमगढ़ चल रहे थे। यह बस पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किमी 138 पर जब जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में पहुंची तो बस खराब हो गई। ऐसे में चालक अपनी बस से सवारी दूसरी बस में ट्रांसफर कर रहा था। इस समय पीछे से आ रहे ट्रक नंबर GJ 03 BY 2284 के चालक अरविंद सिंह (44) पुत्र जय सिंह निवासी दौलताबाद जिला कन्नौज ने बस में टक्कर मार दी। ट्रक में दूसरा चालाक मोहम्मद शरीफ (35) पुत्र मोहम्मद शमीम निवासी अमरोहा जिला कानपुर देहात लेटा हुआ था। टक्कर में ट्रक चालक अरविंद सिंह को चोटें आई हैं जिसे सीएचसी कूरेभार में इलाज के लिए भेजा गया है।

**यूपीडा ने किया राहत बचाव कार्य**

घटना की जानकारी होने पर मौके पर पीआरवी पुलिस 112,यूपी डायल पेट्रोलिंग गाड़ी नंबर 13,ईगल एम्बुलेंस पहुंची। पेट्रोलिंग गाड़ी नंबर चार के सुरक्षा कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर राहत बचाव कार्य करते हुए क्रेन के माध्यम से ट्रक को पीली पट्टी में घड़ा कराया। रोड पर आवागमन सुचारु रूप से चलाया गय।

# दशहरा मिलन समारोह संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** नगर के गांधी नगर नई बस्ती स्थित श्री श्री 1008 श्री राधाकृष्ण मंदिर साहू समाज में दशहरा मिलन समारोह मां कर्मा युवा सेवा समिति के तत्वाधान में एवं साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष पर्वतलाल साहू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें समाज के विभिन्न समाजसेवियों द्वारा अपने अपने विचार रखे गये। शिक्षक अरविन्द साहू ने कहा कि घर-घर से सहयोग राशि ले जिससे समाज जुड़े। रामस्वरूप साहू ने अपने विचार रखते हुये कहा कि रक्तदान के लिए समाज के लोगों में जागरूकता किया जाये। अशोक बाबूजी ने कहा कि समिति की बैठक तिथि व समय पर तय होना चाहिए। समिति को समाज के समस्त कार्यों में सहयोगी बने। साहू समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह तय कर उनका सम्मानित किया जाये, जो लोग आर्थिक रूप से कमजोर है व जरूरतमंदों की हर संभव मदद करने पर जोर दिया गया। साथ ही समाज से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विचार मंथन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन ध्रुव साहू ने किया एवं आभार हरीकिशन साहू ने व्यक्त किया। इस दौरान राजकुमार साहू, रमेश साहू, रूपेंद्र साहू, नरेंद्र कुमार साहू, हरीकिशन साहू, रामकिशोर साहू, रामू साहू, राकेश साहू, संतोष साहू चंदेरी वाले, अजय साहू, डा.आशीष साहू, मुकेश साहू एड., रविन्द्र साहू, परशुराम साहू, प्रमोद कुमार साहू, अशोक कुमार साहू, पत्रकार देवेंद्र साहू सहित सैंकड़ों युवा मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कुड़वार कस्बे में नयना माता पूजा समिति पर जागरण



**कुड़वार,सुलतानपुर।** स्थानीय कुड़वार कस्बा में चल रही दुर्गा पूजा महोत्सव में नयना माता पूजा समिति के सदस्यों द्वारा माता रानी जागरण का आयोजन किया गया।जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी इसौली व धनपतगंज ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू रहे। शनिवार को देरशाम जागरण कार्यक्रम में उपस्थित हुए मोनू सिंह ने पत्रकारों व सम्भ्रांत व्यक्तियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता है।जागरण कार्यक्रम विक्रम भोजपुरिया की टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में राधा कृष्ण की झांकी मनमोहक रही।सभी माता के भक्त थिरकते नज़र आए।सुरक्षा व्यवस्था संभाले उपनिरीक्षक राम विलास यादव अपनी पूरी टीम का साथ डटे रहे। आयोजक संदीप सोनी, पिल्लू अग्रहरि ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्वयंसेवकों ने दिया रंगाहरि को श्रद्धांजलि



**सुलतानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक, संघ के विभन्न दायित्वों को निभाते हुए अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख रहे मा. रंगाहरि जी दिनांक 29.10.2023 की प्रातः देवलोकगमन कर गए।वे 93 वर्ष के थे। अन्तिम समय उनका केन्द्र उनकी कर्म भूमि केरल में था। बहुत सारी पुस्तकों के लेखक, विचारक विशेषकर पूज्य श्रीगुरु जी जन्मशताब्दी पर श्री गुरु जी विचारों, पत्रों का संग्रह कर प्रकशित किया। दिवंगत पुण्यात्मा की श्रद्धांजलि सभा प्रांत प्रचारक रमेश जी के उपस्थिति में पयागीपुर स्थित रेस्टोरेंट पर आयोजित की गई उक्त कार्यक्रम में विभाग प्रचारक श्री प्रकाश जी, विभाग संघचालक रमाशंकर मिश्रा लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा , भाजपा अध्यक्ष आर ए वर्मा महेश सिंह, अनूप जी प्रवीण अग्रवाल सीता शरण त्रिपाठी सहित संघ के दर्जनों की सख्या में स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया गया।

### आदि गंगा मां गोमती में मूर्तियों का हुआ विसर्जन, इस दौरान एक अधेड़ भी डूबा,मौत



**सुल्तानपुर।** रविवार की सुबह से मूर्तियों का विसर्जन चल रहा है।एक अधेड़ गोमती नदी में घुस गया था। अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मानसिक रूप से ठीक नही था। मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार दीपांकर, कोतवाल श्री राम पांडेय, सीओ यादवेंद्र पाल ने तत्काल सूचना एंबुलेंस को दिलाई, सूचना के कई घंटे बाद भी एंबुलेंस नही आई। विसर्जन स्थल पर पहुंच कर एसपी सोमेन वर्मा ने जायजा लिया।सूचना है आईजी अयोध्या भी पहुंचने वाले है। फिलहाल मृतक अधेड़ की पहचान भी नही हो पाई है।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मूर्ति प्रतिमा विसर्जन स्थल गोमती घाट कुड़वार का किया निरीक्षण



**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना व पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद के महत्वपूर्ण त्योहार दुर्गापूजा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मूर्ति विसर्जन के कड़े प्रबन्ध किये गये है। कुड़वार गोमती नदी घाट पर बल्ली लगाकर मूर्तिविसर्जन हेतु रास्ता बनाया गया है। घाट के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### आतिशबाज़ी विक्रय दुकानों पर अग्निसुरक्षा हेतु जारी की गई एडवाईज़री

**बहराइच।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी बहराइच द्वारा आगामी दीपावली त्यौहार में स्थाई/अस्थाई आतिशवाजी विक्रय स्थलों पर अग्निसुरक्षा व्यवस्था हेतु विस्फोटक अधिनियम 1884 व एक्प्लोसिव रूल्स-2008 की धारा 83 एवं 84 में निहित सुरक्षा निर्देशों का पालन करने हेतु एडवाईजरी जारी की गई है। सी.एफ.ओ. ने बताया कि स्थायी आतिशबाजी विक्रय की दुकान ब्रिक स्टोन एवं कंक्रीट की बनी होनी चाहिए। जिसका एरिया 09 वर्ग मीटर से कम नहीं होना चाहिए तथा 50 वर्ग मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए।

# समाज सेवी स्व. श्री छेदी लाल के निधन पर जताया शोक

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** आज हमारा लक्ष्य परिवार की एक शोक सभा गंधर्व सिंह राजपूत बाबूजी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में लक्ष्य परिवार के वरिष्ठ साथी रामशरण निराला बाबूजी के पिताजी स्व0 श्री छेदी लाल जी के गत दिवस हुए आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई, सभी उपस्थित सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर भगवान से प्रार्थना की। शोक सभा में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा पिताजी के स्थान की पूर्ति नहीं की जा सकती। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की एवं परिवार को इस गहन दुख की घड़ी में साहस प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर डॉ रक्षपाल सिंह राजपूत, नवाब खान सहायक अभियंता, लक्ष्मी नारायण रजक, आनंद रजक, एडवोकेट अंगद रजक, हमारा लक्ष्य परिवार के अध्यक्ष संतोष मोदी, गोविंद सागर बांध ग्रुप के साथियों में अध्यक्षमहेंद्र कुमार, स्वामी अनुराग अमर, भारत लाल सेन, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्य जी, विजय श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, बृजेश गुप्ता, आशाराम शर्मा, सुरेश यादव, मोहन सिंह यादव, राम गोविंद शिल्पकार, रामपाल सिंह, गिरजेश यादव, वृंदावन पटेल सुरेश निरंजन नीरज कामरेट देशराज निरंजन रामरक्षपाल सिंह धन सिंह राजपूत के हर सिंह बुंदेला इंद्रपाल तालगांव मनजीत सिंह सरदार गोविंद सिंह अमर सिंह बुंदेला आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे एवं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राष्ट्रीय मंसूरी समाज के बैनर तले 20 जोड़ों ने किया कुबूल है कुबूल

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** इन दिनों मुस्लिम समुदाय के मंसूरी समाज में दीनी तालीम व दुनियावी शिक्षा, व्यापार एवं राजनीति में सहभागिता लाने के लिए राष्ट्रीय मंसूरी समाज अहम भूमिका अदा कर रहा है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय मंसूरी समाज द्वारा मंसूरी समाज के लोगों में शादी विवाह के मौके पर होने वाली फिजूल खर्ची को रोकने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साथ इस्लामी शरीयत के मुताबिक शादी विवाह आदि कार्यक्रमों के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य को सार्थक करने के लिए पिछले कई सालों से ललितपुर शहर में राष्ट्रीय मंसूरी समाज के बैनर तले हजरत सदन शाह बाबा रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह परिसर में इज्तिमाई शादियां संपन्न कराई जा रही हैं। बताते चलें कि रविवार को ललितपुर शहर में हजरत सदन शाह बाबा रहमतुल्लाह अलेह की दरगाह परिसर में राष्ट्रीय मंसूरी समाज के बैनर तले 20 जोड़ो का निकाह इस्लामी शरीयत के मुताबिक संपन्न कराया गया। इस अवसर पर शादी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद डा.चंद्रपाल सिंह यादव एवं मंसूरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूनुस मंसूरी मौजूद रहे। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष, बसपा जिलाध्यक्ष और ललितपुर शहर के समाजसेवी ठेकेदार खुर्शीद पठान, अतिथि अलीम मंसूरी अशोक नगर के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर ललितपुर मंसूरी समाज कमेटी के पदाधिकारियों तथा नौजवान मंसूरी कमेटी के पदाधिकारियों ने आगंतुक अतिथियों को माला और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर समाज के लोगों के अलावा जिगर लोगों ने भी सम्मेलन को सफल बनाने के लिऐ अपना बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वही मंसूरी समाज के लोगों ने चार माह पहले इस सम्मेलन की नींव रखी थी जिसको सफल बनाने में सबसे बड़ा योगदान मंसूरी समाज की मड़ावरा टीम ने दिया वहीं पूरे खाने की व्यवस्था लंगरे आम का बैनर लगाकर की गई साथ ही सभी टीमें चार माह से इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिये लगी हुई थी। निकाह के उपरांत कार्यक्रम में पधारे पर एवं वधू पक्ष के लोगों तथा आए हुए नागरिकों को खुले भंडारे में भोजन कराया गया। शादियां संपन्न होने के उपरांत नव विवाहित सभी जोड़ों को कमेटी की ओर से घर गृहस्थी का सामान उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंसूरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूनुस मंसूरी ने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि शादी विवाह के मौके पर फिजूल खर्ची करने से बचें। बचे हुए पैसे का इस्तेमाल बच्चों की दीनी और दुनियावी तालीम में खर्च करें। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं को राजनीति में अपनी सहभागिता दर्ज करना चाहिए ताकि अपने अधिकारों की रक्षा की जा सके और अपना हक लिया जा सके। कार्यक्रम का सफल संचालन पत्रकार इमरान मंसूरी ने किया।

## शादी अनुदान योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बहराइच।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) अन्य पिछड़े वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु संचालित शादी अनुदान योजना हेतु बीस हजार रूपये का अनुदान का प्राविधान है। शादी अनुदान योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर शादी की तिथि से 03 माह पूर्व एवं 03 माह पश्चात् तक किया जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन कराने हेतु आवेदक (पिता/ माता/ अभिभावक) एवं पुत्री के आधार कार्ड में मोबाइल नम्बर ओ.टी.पी. हेतु अपडेट होना चाहिए है। श्री कुमार ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पिछड़ी जाति के आवेदक व पुत्री का आधार कार्ड होना अनिवार्य है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सार्वजनिक अधिसूचना**

**(25000 वोल्ट शिरोपरि कर्षण तारों के उर्जित किये जाने के सम्बन्ध में)**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्टज ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उत्तरोत्तर रूप से उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और बाद की तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय लगातार विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता अथवा में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।

**क्रम संख्या-01,** खण्ड का नामः टनकपुर यार्ड(Excl)- टनकपुर यार्ड लाइन नं06(Incl), उर्जा प्रवाह की तारीख: 23-08-2023

वमंविइं/टीआरडी/ इज्जतनगर

मुजाधि/विद्युत–118

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएँ आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, ई-प्रापण निविदा संख्या : उप मु.इं.-नि.-गोंडा-11-2023 (सिंगल पैकेट सिस्टम) क्लोजिंग दिनांक : 21.11.2023, कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोण्डा–बुढ़वल खण्ड के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे पर सैंट्रलाइज्ड ट्राफिक कंट्रोल सिस्टम के साथ आटोमेटिक ब्लाक सिगनलिंग के प्रावधान हेतु आटो रिले हट का निर्माण तथा अन्य विविध कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य** : रु. 4,35,47,160.15, **बयाना राशि** : रु. 3,67,700.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु. 00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 12 (बारह) माह।

• बिड प्रारम्भ करने की तिथि - दिनांक 27.10.2023 • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - दिनांक 21.11.2023 15.00 बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 21.11.2023 15.30 बजे • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**श्री सुनील कुमार सिंह, कार्यपालक इंजी./नि./गोंडा 9794844284**

**उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/ पूर्वोत्तर रेलवे, गोंडा**

**मुजाधि/डब्ल्यू-386**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# सांसद मेनका का आज से तीन दिवसीय दौरा

○ विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी शामिल

○ सांसद लंभुआ के नौगवा गांव में श्रीमदभागवत कथा में होंगी शामिल



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सुल्तानपुर की सांसद मेनका संजय गांधी 3 दिवसीय दौरे पर मंगलवार 31अक्टूबर को संसदीय क्षेत्र पहुंच रही है। श्रीमती गांधी दिल्ली से प्रातः 8:00 बजे सड़क मार्ग द्वारा नोयडा,यमुना एक्सप्रेस-वें से आगरा - लखनऊ एक्सप्रेस -वें वाया लखनऊ- वाराणसी फोरलेन होते हुए 4 बजे असरोगा टोल प्लाजा पहुँचेगी। यहां पार्टी नेताओं द्वारा स्वागत किया जायेगा। इसके बाद सांसद श्रीमती गांधी 4:30 बजे लंभुआ के नौगवा में स्वामीनाथ दूबे के यहां आयोजित श्रीमदभागवत कथा में शामिल होगी। तत्पश्चात शास्त्रीनगर स्थित संदीप प्रताप सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात करने के बाद रात्रि विश्राम करेंगी। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की श्रीमती गांधी 1 नवम्बर तथा 2 नवम्बर को अपराह्न 2:30 बजे तक संसदीय क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होगी। तत्पश्चात सांसद श्रीमती गांधी सड़क मार्ग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। श्रीमती गांधी 1 नवम्बर और 2 नवम्बर को शास्त्रीनगर आवास पर प्रातः 7:00 बजे से 9:30 बजे तक जनता दर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जन-शिकायतों का निस्तारण भी करेंगी।

# भक्ति भाव का महाकुम्भ 76वां निरंकारी सन्त समागम

○ ईश्वर के प्रति समर्पित मन ही मानवता की सच्ची सेवा कर सकता है: सदगुरू

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** ईश्वर के प्रति समर्पित मन ही मानवता की सच्ची सेवा कर सकता है और एक सही मनुष्य बनकर पूरे विश्व के लिए कल्याणकारी जीवन जी सकता है। यह उद्गार निरंकारी सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 28 अक्टूबर को 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के पहले दिन के मुख्य सत्र में उपस्थित विशाल मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। तीन दिवसीय निरंकारी सन्त समागम का भव्य शुभारम्भ कल निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा, में हुआ है जिसमें देश-विदेश से लाखों-लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त एवं प्रभूप्रेमी सज्जन सम्मिलित हुए और सभी ने इस पावन अवसर का आनंद लिया। श्रद्धालुओं में समाज के विभिन्न वर्गो के लोगों का समावेश होने से अनेकता में एकता का सुंदर नजारा यहां देखने को मिल रहा है। सद्गुरु माताजी ने फरमाया कि जीवन में सेवा एवं समर्पण का भाव अपनाने से ही सुकून आ सकता है। संसार में जब मनुष्य किसी व्यवसाय के साथ जुड़ा होता है तब वहां का समर्पण किसी भय अथवा अन्य कारण से हो सकता है जिससे सुकून प्राप्त नहीं हो सकता। भक्त के जीवन का वास्तविक समर्पण तो प्रेमाभाव में स्वयं को अर्पण कर इस परमात्मा का होकर ही हो सकता है। वास्तविक रूप में ऐसा समर्पण ही मुबारक होता है। सदगुरु माता जी ने इसे अधिक स्पष्टता से बताते हुए कहा कि किसी वस्तु विशेष, मान-सम्मान या उपाधि के प्रति जब हमारी आसक्ति जुड़ जाती है तब हमारे अंदर समर्पण भाव नहीं आ पाता है। वहीं अनासक्ति की भावना को धारण करने से हमारे अंदर पूर्ण समर्पण का भाव उत्पन्न हो जाता है। परमात्मा से नाता जुड़ने के उपरान्त आत्मा को अपने इस वास्तविक स्वरूप का बोध हो जाता है जिससे केवल वस्तु-विशेष ही नहीं अपितु अपने शरीर के प्रति भी वह अनासक्त भाव धारण करता है। अंत में सतुरु माताजी ने कहा कि जब हम इस कायम-दायम निराकार की पहचान करके इसके प्रेमाभाव में रहेंगे, इसे हर पल महसूस करेंगे तब हमारे जीवन में आनंद, सुकून एवं आंतरिक शांति निरंतर बनी रहेगी।

# डीएम ने विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सम्पूर्ण कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर वहाँ स्थित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यों एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों के निरीक्षण के पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित अन्य कार्यालयो का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न पटलों के अंतर्गत सम्पादित किये जाने वाले सभी कार्यो का अच्छे ढंग से अभिलेखीकरण किया जाय तथा अभिलेखो का रखरखाव बेहतर ढंग से रखे । इस मौके पर उन्होंने न्याय सहायक कक्ष, बिल लिपिक कक्ष, नजारत कक्ष, अभिलेखागार, सीलिंग अनुभाग ,स्थानीय निकाय पटल, प्रशासनिक अधिकारी कक्ष, राजस्व सहायक कक्ष, सीआरए कक्ष, दैवीय आपदा अनुभाग, भूलेख, सम्मिलित कार्यालय, नजूल कक्ष, एनआईसी, साँख्यकी अनुभाग, राजस्व लेखाकार, भूमि सुधार कार्यालय, शस्त्र अनुभाग कक्ष सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण कर विभिन्न कार्यो / व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न पटलों के कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, इन सभी से जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं स्थानीय निकाय) का निरीक्षण किया । तत्पश्चात खनिज कार्यालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने खनिज कार्यालय में ओवरलोड वाहनों की निगरानी हेतु लगे सीसीटीवी का अवलोकन किया। वही खनन क्षेत्र की निगरानी हेतु लगाए गए सीसीटीवी ऑपरेटर के अनुपस्थित पाए जाने पर उसका अवलोकन नही किया जा सका, जिसके संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित से स्पष्टीकरण मांगा है। तत्पश्चात उन्होंने वन स्टॉप सेंटर, सूचना विभाग, डूडा कार्यालय, जिला प्रोबेशन कार्यालय, महिला शक्ति केंद्र, चकबंदी कार्यालय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, कोषागार कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय (लोकसभा विधानमण्डल) आदि का निरीक्षण किया। निर्वाचन कार्यालय में निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक सुभाष चंद्र, कोषागार कार्यालय में मुन्ना खान, खनिज कार्यालय में खनिज अधिकारी एवं अकील जैदी व सरवर खान, वन स्टॉप सेंटर में केंद्र प्रभारी मोनिका गुप्ता, असफिया, महिला शक्ति केंद्र में गरिमा अनुपस्थित पाई गयी हैं। विभिन्न कार्यालय में निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मचारियों से जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार यादव, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, प्रशासनिक अधिकारी, नाजिर, अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए एबीआईसी रेणुकूट के दस विद्यार्थियों चयन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/ रेणुकूट।** हिण्डाल्को द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला इण्टरमीडिएट कॉलेज, रेणुकूट के वर्तमान सत्र में अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं में 10 खिलाड़ी स्कूल स्तर के राष्ट्रीय खेलों के लिए चयनित हुए हैं। गत माह दिनांक 14 सितंबर से 17 सितंबर तक आजमगढ़ में सम्पन्न हुई राज्य स्तरीय स्कूल हैण्डबाल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में अन्डर-19 बालक वर्ग में कक्षा 12 के बालक तथा बालिका वर्ग में कक्षा 10 की रानी कुमारी, अन्डर-17 बालक वर्ग में कक्षा 10 के अभि तथा बालिका वर्ग में कक्षा 9 की सुनैना तथा अन्डर-14 बालक वर्ग में कक्षा 9 के आयान का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया है। वर्तमान माह में दिनांक 17 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक वाराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में अन्डर-19 बालिका वर्ग में कक्षा 12 की खुशी गुप्ता तथा अन्डर-17 बालिका वर्ग में कक्षा 10 की आकांक्षा व कक्षा 9 की प्रियांशु का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है।

# वार्डों की भी पूर्ण हो जाए सफाई: रूबी

**अवधनामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** उ.प्र. शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव ) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव ) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 6, नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 0, नगर पंचायत दुद्धी में 0, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 1, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी / नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है । इस मौके पर जेई मनीष कुमार, सुजीत कुमार ,विमलेश कुमार, अजीत कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# उद्योग व व्यापार बंधुओं के साथ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** व्यापार बंधुओं व उद्योग बन्धुओं के साथ जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में लिए गए निर्णय के संबंध में की गई कार्यवाही की पुष्टि की गई। तदोपरांत उद्योग व व्यापार बंधुओं से उनकी समस्याओं के बारे में बैठक में चर्चा की गई। समस्याओं के नियमानुसार शीघ्र निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की पीएम रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग ना रखा जाए, उनको नियमानुसार स्वीकृत कर समय से डिस्बर्स किया जाए। स्वरोजगार संबंधी विभिन्न योजनाओं को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने इसकी अलग से समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए। बैठक में उद्योग बन्धुओं द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया सुमेरपुर में बैंक शाखा खोलने / एटीएम लगाए जाने तथा हाईवे पर खड़े होने वाले ट्रकों को पार्किंग एरिया में खड़ा कराए जाने तथा फैक्टरी एरिया की नालियों की समुचित साफ सफाई एवं एंटी लार्वा के छिड़काव की मांग पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं दी जाएं तथा निवेश व निर्यात गतिविधियों को बढ़ाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। जनपद में अधिकाधिक निवेश आकर्षित करने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं, इससे जनपद में रोजगार तथा औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। कहा कि उद्यमियों की हर संभव मदद की जाए।

व्यापार बंधुओ की बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारी बंधुओं की समस्याओं को सुनकर उनके नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बाजार में अन्ना जानवर के घूमने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि अन्ना घूमने वाले पशुओं को कैटल कैचर के माध्यम से पकड़कर उसे गौशाला में छोड़ जाए। कहीं पर भी बाजार में अन्ना पशु घूमते हुए नहीं पाए जाने चाहिए, यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार यादव, अधिशासी अभियंता विद्युत सुमित व्यास, जीएमडीआईसी रवि वर्मा , मुख्य अग्निशमन अधिकारी , सहायक आयुक्त वाणिज्य कर, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी ,एलडीएम व बैंकर्स, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि व

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** शासन के प्राथमिकता बिंदु ,कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यो की समीक्षा बैठक जनपद के प्रभारी मंत्री / मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उ0प्र0 मनोहर लाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का जनपद स्तर / जमीनी स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हो इस पर मुख्यमंत्री का विशेष ध्यान है अतः जन समस्याओं का प्रभावी ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि विभिन्न योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे तथा विकास कार्य गांव गांव तक पहुंचे इसके लिए प्रभावी ढंग से कार्य किए जाएं। तहसील ,ब्लाक ,थाने स्तर पर ही समस्याओं का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जो दायित्व दिए गए हैं उनका पूरी ऊर्जा के साथ एवं जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री की अपेक्षा के अनुसार अपने विभागीय कार्यो को सम्पादित किया जाए। उन्होंने कहा कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु कार्य किया जाए। विकास कार्यो के विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि दैवीय आपदा से खराब हुई फसलों का संबंधित किसानों को समय से क्लेम दिलाया जाए इसके अंतर्गत कोई भी पेंडेंसी नहीं रखी जाए। श्रम विभाग द्वारा अभियान चलाकर श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए। अभियान चलाकर अवशेष लोगों/ पात्र लोगों के गोल्डन कार्ड बनाए जाएं तथा उन्हें एक्टिवेट कराया जाए। पशु आश्रय स्थलों में चारा, पानी, भूसा की उपलब्धता रहे तथा किसी भी दशा में कोई भी अन्ना पशु सड़क पर नहीं दिखना चाहिए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक माह समय से राशन आदि वितरित किया जाए। जल जीवन मिशन की समीक्षा में मंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत संपादित होने वाले सभी कार्य समयबद्ध ढंग से किए जाएं। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार निर्धारित अवधि तक विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ट्रांसफार्मर का समय से प्रतिस्थापन किया जाए। इस मौके पर मंत्री ने विभिन्न बिंदुओं यथा स्वास्थ सुविधाओं, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, अन्ना गोवंश संरक्षण, स्कूल चलो अभियान ,मिशन कायाकल्प ,सार्वजनिक वितरण प्रणाली, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण ,मुख्यमंत्री आवास योजना , कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पोषाहार वितरण ,बाढ़ की तैयारियों ,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम ,ओडीओपी ,विश्वकर्मा श्रम सम्मान ,छात्रवृत्ति वितरण, पेंशन योजना, रोजगार मेला श्रमिकों का पंजीयन, मनरेगा ,चिकित्सालय में दवा की उपलब्धता, टीकाकरण, सड़कों का निर्माण, ग्रामीण सचिवालय, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत शौचालय वृक्षारोपण, ऑपरेशन कायाकल्प ,पर्यटन संवर्धन आदि बिंदुओं पर समीक्षा कर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में मंत्री ने जनपद की कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में अराजक तत्वों व गुंडों पर निरंतर कार्रवाई की जाए। जनपद में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए।

# नक्सलियों के गतिविधियों के रोकथाम को तैयार की गई रूपरेखा

**नक्सल समन्वय गोष्ठी में ली गई जानकारी: त्रिभुवन**

**अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ने की पुलिस लाइन चुर्क में नक्सल समन्वय गोष्ठी**



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** सोमवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में नक्सल समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद के पुलिस/ पीएसी/अन्य विभागो व सीमावर्ती जनपदों से आये अधिकारीगण के साथ नक्सली संचरण के दृष्टिगत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अधिक सतर्कता बरतने व आपस में लगातार समन्वय स्थापित कर नियमित काम्बिंग/एरिया डामिनेशन करने तथा इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों को समस्याओं को सुनने व उनका हर सम्भव निराकरण कराये जाने व स्थानीय लोगों के साथ वार्ता कर उन्हे किसी के बहकावे में न आने व संदिग्ध गतिविधि होने पर उसकी जानकारी स्थानीय पुलिस व प्रशासन को देने के बारे में जागरूक करने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, सहायक सेनानायक नक्सल कन्टीजेन्ट शिवनारायण यादव, क्षेत्राधिकारी दुद्धी प्रदीप सिंह चन्देल, डिप्टी सीएमओ डा0 सुमन कुमार, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड द्वितीय, अनिल कुमार गुप्ता, एडीपीआरओ राजेश कुमार सिंह व जनपद के समस्त नक्सल प्रभावी क्षेत्र के थाना प्रभारी/ चौकी प्रभारी एवं पीएसी बल सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# शरद पूर्णिमा की धवल चांदनी में शास्त्रीय नृत्य संगीत की रसधार में सराबोर हुए श्रोता

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** विगत 26 वर्षो से अनवरत आयोजित होने वाले शरद पूर्णिमा महोत्सव ÷शरद चंद्रिकोत्सव÷ का शानदार आगाज एनसीएल सीएमडी भोला सिंह के मुख्य आतिथ्य और एनटीपीसी शक्तिनगर परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर की अध्यक्षता में शनिवार शाम विद्युत विहार कालोनी स्थित शक्तेश्वर महादेव मन्दिर यज्ञशाला परिसर में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथियों के दीप प्रज्वलन व यह कार्यक्रम शास्त्रीय संगीत के पद्म विभूषण स्वर्गीय पं राजन मिश्र को समर्पित उनके चित्र पर माल्यार्पण पश्चात गुरुग्राम हरियाणा से आई सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना नयानिका घोष के मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से हुई जिन्होंने एक घंटे से अधिक के अनवरत नृत्य ने अतिथियों एवं श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।दूसरी प्रस्तुति बांसुरी वादन की रही जिसमें मुंबई के बांसुरी वादक पंडित अजय प्रसन्ना ने अनेकों धुन पर संगीत प्रेमियों की खूब तालियां बटोरी। तीसरी व अंतिम प्रस्तुति गायन की रही जिसमें पद्मभूषण पंडित साजन मिश्र व स्वरांश मिश्र की जोड़ी को संगत दिया पं धर्मनाथ मिश्र हारमोनियम और राजेश मिश्र ने तबले पर।एक दशक पश्चात पुनः पंडित जी के गायन के कायल श्रोता मंत्रमुग्ध होकर उनके द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय संगीत पर आधारित भजनों पर झूमने और तालियां बजा बजा कर उत्साह वर्धन करते रहे। चंद्र ग्रहण प्रारंभ होने से पूर्व ही कार्यक्रम समापन हो गया।

# महिला ने ससुरालियों पर लगाया मारपीट

**मौदहा हमीरपुर।** ससुरालीजनों के उत्पीड़न से परेशान विवाहिता ने मुख्यमंत्री सहित महिला आयोग को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने मुख्यमंत्री सहित अन्य आलाधिकारियों और महिला आयोग को पत्र लिखकर बताया कि उसके पति का मानसिक संतुलन सही नहीं है जिसके चलते वह ससुराल पक्ष के लोगों पर आश्रित है।और बच्चों की पढाई लिखाई आदि के लिए उनसे पैसे मांगती है जिसपर ससुर हरिप्रसाद उर्फ चुन्नू जो आढत और जनसेवा केन्द्र चलाते हैं गाली गलौज करते हैं।जबकि देवर रामजी, श्याम और ओमजी भी अक्सर गाली गलौज और मारपीट करते हैं साथ ही मौके बे मौके रात में मेरे कमरे में आकर अश्लील हरकतें करते हैं पीड़िता ने बताया कि उक्त लोगों ने इसी तरह की घटना और मारपीट की जबकि पीड़िता की बेटी बांदा में थी तो वहां पर उसकी ननद रश्मि ने बेटी को बांदा में मारापीटा, और यहां उक्त लोगों ने पीड़िता को घर से निकाल दिया।

# मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय कुंडौरा का किया निरीक्षण

## पौथिया गौशाला, थाना सुमेरपुर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर का भी मंत्री ने किया निरीक्षण

**जिला कारागार के निर्माणाधीन 6 नग आवास का भी किया निरीक्षण**

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश मनोहर लाल ने जनपद के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में आज मंत्री ने प्राथमिक विद्यालय कुंडौरा का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चों से कुछ सवाल किए ,जिनके बच्चों द्वारा सही उत्तर दिया गया। उन्होंने मिड डे मील का अवलोकन किया जो मीनू के अनुसार बना पाया गया। तदोपरांत मंत्री ने पौथिया स्थित गौशाला का निरीक्षण किया तथा उन्होंने अन्ना गौवंशों को माल्यार्पण कर उन्हें गुड़ आदि खिलाया। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों की चिकित्सकों द्वारा नियमित रूप से जांच कर उनका समुचित इलाज किया जाए। इस मौके पर उन्होंने गौशाला परिसर में ही स्थित भूसा ग्रह का अवलोकन किया, जहां 50 कुंतल से अधिक भूसा संग्रहित पाया गया। गौशाला में 210 गोवंश संरक्षित पाए गए। निरीक्षण के क्रम में मंत्री ने थाना सुमेरपुर का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर उन्होंने मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्पडेस्क का भी निरीक्षण किया , एफआईआर रजिस्टर का अवलोकन किया तथा एफ आई आर की स्थिति देखी। कंप्यूटर कक्ष एवं अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि महिला हेल्प डेस्क में प्राप्त होने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ताओं से फोन पर स्वयं बात कर फ़ीडबैक लिया। इस अवसर पर मा मंत्री जी ने ई-मालखाना का उद्घाटन किया।इस दौरान मंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने वहां आए मरीजों एवं उनके परिजनों से अस्पताल की स्वास्थ सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। कहा कि मरीजों को सभी प्रकार की दवाएं अस्पताल से ही दी जाए। इस दौरान जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा , अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व , अपर पुलिस अधीक्षक , अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# 35 वर्ष से कम उम्र की विधवा को दूसरी शादी पर मिलता है अनुदान

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** पति की मृत्यु के बाद महिला को बहुत दिक्कतें उठानी पड़ती है, परिवार और समाज के ताने सुनने पड़ते हैं। महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए प्रदेश सरकार तमाम योजनाएं चला रही है। 35 वर्ष से कम विधवा अगर दूसरी शादी करती है तो सरकार द्वारा उसे 11 हजार रुपए की अनुदान राशि दी जाती है। यह बातें अलीगंज स्थित वनांगना संस्था कार्यालय सभागार में संघर्षशील महिलाओं की कार्यशाला में महिला कल्याण विभाग की विधिक सहायक अधिकारी भावना श्रीवास्तव ने कहीं। उन्होंने कहा कि पति की मृत्यु के बाद पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी की वार्षिक आय दो लाख रुपए तक होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों के माता-पिता या दोनों में से कोई एक की मृत्यु मार्च 2020 के बाद किसी भी कारण से हुई हो उन्हें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत सहायता राशि प्रति माह दी जाती है। वनांगना डारेक्टर पुष्पा शर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सरकार कि योजनाओं में उन एकल महिलाओं को भी तरजीह देनी चाहिए जो हिंसा का विरोध करके अपना जीवन यापन स्वयं कर रही है। नेतृत्व समूह मंजू सोनी ने संस्था द्वारा महिलाओं को दी जा रही कानूनी जानकारी के बारे में बताते हुए केसों की स्थिति बताई। कहा की संस्था कोर्ट प्रक्रिया में यकीन करती है। वरिष्ठ संदर्भ समूह शबीना मुमताज़ ने महिलाओं को अपने निर्णय खुद लेने के लिए प्रेरित किया। कहा कि हम हिंसा नहीं सहेंगे इसके लिए चाहे जितना संघर्ष करना पड़े। कार्यशाला में शहर सहित अतर्रा, सेमरी, हरदौली, मोहन पुरवा, छिलोलर, जमवारा, हस्तम, पुकारी, छनेहरा, नादन मऊ, बदौसा, अमलोर, नगवारा, पपरेंदा, सराएं गांव की 40 महिलाएं शामिल रहीं।

# अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन रैली को जिला अध्यक्ष एवं विधायक ने किया रवाना

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** भाजपा अनुसूचित वर्ग महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए सोनभद्र से भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल जी की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ता सोमवार की सुबह बढ़ौली चौक से प्रयागराज के लिए रवाना हुए। बढ़ौली चौक पर समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गौड़, सदर विधायक भूपेश चौबे, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद, जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी आदि ने झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सोनभद्र जिले से तमाम कार्यकर्त्ता व दलित साथी इस सम्मेलन का हिस्सा बनने जा रहे है तथा निश्चित ही 2024 में होने जा रहे लोक सभा चुनाव में पार्टी को इसका लाभ पहुंचेगा। समाज कल्याण राज्य मंत्री संजय गोंड ने कहा कि प्रयागराज में आज होने जा रहे सम्मेलन में काशी प्रान्त के 16 जिलों के अनुसूचित वर्ग के कार्यकर्त्ता इसमें भाग लेंगे सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि सम्मेलन को लेकर दलितों में यह उत्साह निश्चित ही लोक सभा चुनाव में भाजपा को विजय श्री दिलाएगा। इस मौके पर अशोक मौर्या मनोज सोनकर बलिराम सोनी राजबहादुर सिंह सभासद अनवर अली, शंभू नरायण सिंह, कमलेश चौबे, विनय श्रीवास्तव धर्मवीर त्यागी, बृजेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# स्वामी प्रसाद मौर्या अखिलेश यादव की लिखी स्क्रिप्ट बोल रहे है: मौर्य

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** मेडिकल कालेज मे नारी वंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद में पहला बिल नारी शक्ति के सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर के पास किया। केशव मौर्य ने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। क्योंकि जनता बेईमानों को पहचान चुकी है। वहीं प्रेस वार्ता में संबोधित करते हुए केशव मौर्य ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में 300 पार सीटे होगी। बता दे कि उत्तर प्रदेश की 400 विधानसभा सीटों में आज एक साथ नारी वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत बाँदा सदर विधानसभा के मेडिकल कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य नारी वंदन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। यहां उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी बीजेपी सरकार महिलाओं के लिए समर्पित है। महिलाओं को सशक्त करना और उनको आगे आने के लिए अवसर प्रदान करना ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। अभी तक केंद्र से जो भी रुपया आता था उसको बीच के लोग खा जाते थे। लेकिन अब मोदी जी वहां से जितना रुपया भेजतें है पूरा लाभार्थियों के पास पहुंचता है। बेईमानों को जनता पहचान चुकी है इसलिए तीसरी बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही प्रधानमंत्री बनाएगी। और बेईमानों को आईना दिखाएंगे। वही कार्यक्रम के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने राम मंदिर व भारत-पाकिस्तान के बंटवारे को लेकर के जो बयान दिया था वह अखिलेश यादव की लिखी हुई स्क्रिप्ट है. जिसको स्वामी प्रसाद मौर्य बोल देते हैं और उनको भी समय आने पर जनता जवाब देगी।

# मुख्यमंत्री ने मीरजापुर में विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

अवधनामा ब्यूरो



- केन्द्र व प्रदेश सरकार आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य कर रही: मुख्यमंत्री
- प्रधानमंत्री द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाये गये कदम देश और दुनिया के लिये अनुकरणीय: मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद मीरजापुर में 202 करोड़ रुपए की 660 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 84.67 करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 117.13 करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं का शिलान्यास सम्मिलित है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाभी, महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को रिवॉल्विंग फण्ड, सामुदायिक निवेश फण्ड के डेमो चेक, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को लैपटॉप तथा डेमो चेक व विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को सिलाई मशीन व टूलकिट प्रदान किए। उन्होंने जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 महिलाओं को विन्ध्य शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री ने माँ विन्ध्यवासिनी के दर्शन-पूजन किये। उन्होंने निर्माणाधीन माँ विन्ध्यवासिनी कॉरिडोर का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी मीरजापुर ने माँ विन्ध्यवासिनी कॉरिडोर का मॉडल दिखाकर प्रस्तावित कॉरिडोर व निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने लोकर्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि माँ विन्ध्यवासिनी धाम नारी शक्ति के सशक्तिकरण का एक अच्छा उदाहरण है। यहां पर तीनों देवियां माँ विन्ध्यवासिनी, माँ काली और माँ अष्टभुजा विराजमान हैं, जो महालक्ष्मी, महाकाली व महासरस्वती के त्रिकोण दर्शन से जीवन का समग्र दर्शन कराती हैं। यह हम सबको एक नई प्रेरणा प्रदान करता है। नारी शक्ति के प्रति सम्मान सबके दिल में हमेशा बना रहे, उसी के लिये माँ विन्ध्यवासिनी धाम में भव्य विन्ध्य कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। कोई सोच भी नहीं सकता था कि माँ विन्ध्यवासिनी धाम में इतना अच्छा और भव्य कॉरिडोर बनेगा। यहां प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु दर्शन करने आ रहे हैं। आने वाले समय में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से यहां के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर भी प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद मीरजापुर में माँ विन्ध्यवासिनी के नाम से भव्य विश्वविद्यालय का निर्माण कराया जायेगा। जमीन चिन्हित करने की समस्त कार्यवाहियां पूर्ण करते हुये तत्काल प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जल्द ही इस विश्वविद्यालय का शिलान्यास करने के लिये भी हम सभी लोग आयेंगे।

# निर्वाचक नामावलियों के लिए चलाया जा रहा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान

- अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर बनेंगे मतदाता

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर, 2023 तक मतदाता बनने के लिए दावे और आपत्तियॉ (फार्म-6, 6ए, 7 व 8) ली जायेंगी। मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन अवधि में छह विशेष अभियान तिथियां, जिसमें 04 नवम्बर, 05 नवम्बर, 25 नवम्बर, 26 नवम्बर, 02 दिसम्बर तथा 03 दिसम्बर, 2023 निर्धारित हैं। प्रदेश के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी पदाभिहित स्थलों पर निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य का प्रकाशन 27 अक्टूबर, 2023 को कर दिया गया, जो कि इस कार्यालय की वेबसाइट www.ceouttarpradesh.nic.in पर उपलब्ध है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज जनपथ सचिवालय स्थित अपने कार्यालय के 07वें तल मीडिया सेन्टर में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 05 जनवरी, 2023 के पश्चात् की सभी पूरक सूचियां भी इस कार्यालय की वेबसाइट www.ceouttarpradesh.nic.in पर उपलब्ध हैं। मतदाता सूची के ड्रॉफ्ट प्रकाशन के समय कुल 15,03,39,879 मतदाता है, जिसमें 08,05,15,501 पुरूष, 06,98,16,532 महिला तथा 7,846 तृतीय लिंग मतदाता हैं। इसी प्रकार 05 जनवरी, 2023 के पश्चात् 28 अक्टूबर तक कुल 17,37,523 मतदाताओं के नाम जोड़े गये तथा 18,65,124 मतदाताओं के नाम हटाये गये।

## एआईएमएम लोकसभा चुनाव में उतरेगी

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की पांच सीटों गोण्डा सदर, अकबरपुर, आंवला, धौरहरा और शाहजहांपुर से चुनाव मैदान में उतरेगी। यह निर्णय सोमवार को तकिया पीर जलील स्थित कार्यालय में पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक में लिया गया। संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष तौफीक अली जाफरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पांचों सीटों पर जल्द ही उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में फिलीस्तीन में छोटे बच्चों, महिलाओं और अस्पतालों तक इस्राईली हमलों की कड़ी निंदा करते हुए इसे फिलीस्तीन की आजादी का युद्ध बताया। बैठक में संयुक्त राष्ट्र के समर्थन में पारित प्रस्ताव को सकारात्मक बताते हुए कहा कि फिलीस्तीनियों को उनका देश मिलना दुनिया का बड़ा सच है।

# फैशन इन स्टाईल प्रदर्शनी में विभूतियां सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** फेस्टिव सीजन में राम कथा पार्क सेक्टर जे-आशियाना में आद्रिका के तत्वावधान और जे पी एस स्टार 11 और इम्पल्स सिने एंटरटेनमेंट के सहयोग से चल रहे फैशन इन स्टाईल प्रदर्शनी की अंतिम समापन संध्या में अनेक विभूतियां सम्मानित हुईं। संगीत से सजे कार्यक्रम का आरम्भ बूम प्रोडक्शन हाउस के कलाकारों विशाल कुमार, आयुष, आदित्य सिंह, सन्तोष, प्रदीप, उर्मिला, माही, रूबी और ऋषभ ने गणेश वंदना से अपने कार्यक्रम की शुरुआत कर भगवान गणेश जी के चरणों अपनी अगाध श्रद्धा अर्पित की। भक्ति भावना से परिपूर्ण इस प्रस्तुति के उपरान्त बूम प्रोडक्शन हाउस के कलाकारों ने मार डाला जैसे अन्य फिल्मी गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त हुमा साहू ने कथक नृत्य के पारम्परिक स्वरूपों को प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। अरविन्द सक्सेना के संयोजन में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा ने शैलेन्द्र अग्निहोत्री पूर्व ब्लॉक प्रमुख, शशांक सक्सेना एक्टर, उर्मिला साहू नृत्यांगना, प्रदीप दास, वेद तिवारी बीटा बॉक्सर, अभिनव श्याम तिवारी गिटार वादक, दिव्यांश गायक, हुमा साहू कथक नृत्यांगना, राम कृष्ण मिश्रा, सिम्बुल आशिफ अभिनेत्री, श्रीनिक्काली अभिनेत्री, एस एस राजा, आंचल पान्डेय अभिनेत्री, मोहित कुमार, विनोद प्रसाद गायक, बब्बी शुक्ला गायक, अंकिता बाजपेयी भरतनाट्यम नृत्यांगना, माधुरी सिंह लोक गायिका, डॉ सुरेश सिंह रघुवंशी, डॉ शैलेन्द्र सिंह, आशीष शर्मा दिव्य आशीष योग संस्थान, तनिष्क श्रीवास्तव बाल अभिनेता, नियाज खान अभिनेता, रितिका गुप्ता मॉडल अभिनेत्री, शिवा शुक्ला, आशु चौधरी, पवन विक्रम अभिनेता, सम्राट मौर्य, गौरव कुमार अभिनेता, दिनेश त्रिवेदी, श्वेता श्रीवास्तव लेखिका को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# अखिल भारतीय विकास कांग्रेस पार्टी कांग्रेस में विलय

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अखिल भारतीय विकास कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष पार्टी का विलय कराते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज जनता भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों से परेशान हो चुकी है। नौजवान खुद को ठगा महसूस कर रहा है। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उस पार्टी के सिपाही के तौर पर काम करने का मौका मिल रहा है, जिसके नेताओं ने आजादी की लड़ाई में मुख्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी से जो भी दिशा-निर्देश मिलेगा पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। विनोद राय के साथ कांग्रेस में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भगवती यादव, शहजाद अहमद, माधव राम शास्त्री, दिनेश मिश्रा, इरफान खान, हरेन्द्र सिंह, रामरतन यादव, वीरेन्द्र सिंह, पी.सी. चौबे, के.एन. सिंह यादव, महेन्द्र पाल, फैज अहमद, सत्यपाल सिंह यादव, मोहम्मद शाहिद, सईद अहमद, सुबूही निकहत, नफीस अहमद, रानी दीक्षित, देवेन्द्र सिंह चौहान, अमित कुमार, मारूफ अली, मतीउर्रहमान, शहाबुद्दीन, भोपाल सिंह सहित तमाम लोग शामिल थे।

# करामत गर्ल्स कॉलेज में पूर्व छात्रा सम्मेलन का आयोजन



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज निशातगंज में आज पूर्व छात्रा सम्मेलन का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। जिसके अंतर्गत प्रधानाचार्या के निर्देशन में पूर्व छात्राओं के स्वागत में विशेष प्रार्थना-सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पुरा छात्राओं द्वारा अपने विद्यालय में पढ़ने से लेकर विद्यालय से जाने के बाद अपने-अपने जीवन मे प्राप्त उपलब्धियों के बारे मे बताया और अध्यनरत छात्राओं को भविष्य में सफलता प्राप्त करने के मूल मंत्रों को बताया और छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं भी दी।

## बढ़गांव शाहगंज जौनपुर में राम जन्म संग रामलीला शुरू



**जौनपुर/लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** दीपावली के पूर्व बढ़गांव शाहगंज, जौनपुर में भारत भारतीय राम लीला समिति के तत्वावधान में राम जन्म, विश्वामित्र का राम को शिक्षा ग्रहण के लिए वन ले जाना, ताड़का वध और अहिल्या उद्धार लीला संग 6 दिवसीय रामलीला का शुभारम्भ हुआ। भारत भारतीय रामलीला समिति द्वारा आयोजित 6 दिवसीय रामलीला का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने दीप प्रज्जवलित एवं फीता काट कर किया। इस अवसर पर रामलीला के अध्यक्ष राजकुमार पांडे, उपाध्यक्ष विजय पांडे, बीडीसी अनिल राजभर, प्रधान पति उमाकांत पांडे, मोनू, सुजीत सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा तमाम दर्शक उपस्थित थे। रामलीला में प्रतिदिन अन्य प्रसंग होंगे।

## बायोस्कोप की ओर से बेगम अख्तर को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** बायोस्कोप की ओर से बेगम अख़्तर को श्रद्धांजलि देने के लिए अमृता चटर्जी ने बेगम की मज़ार पर ग़ज़ल गायिकी के जरिये उन्हें याद किया। अमृता चटर्जी वर्षो से पंकज उधास, अनूप जलोटा और तलत अज़ीज़ के साथ ग़ज़लें सुना रही हैं। अमृता ने बेगम अख्तर और हाजिरी के बारे में बोलते हुए कहा कि बहुत बड़ी बात है कि उन्हें ऐसा मौका मिला।

# आज के दौर में रसूल की शिक्षाएं महत्वपूर्णः साबरा हबीब

- रसूल की सीरत और उनकी शिक्षाओं पर अमल करें: साबरा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** रसूले अकरम की सीरत प्यार-मोहब्बत, भाईचारा और आपसी रवादारी के साथ ही दुश्मन के साथ भी अच्छे व्यवहार की शिक्षा देती है। अगर हम रसूल की सीरत पर अमल करें तो समाज से तमाम बुराइयों के साथ ही नफरत से भी जीत सकते हैं। यह बात प्रो. साबरा हबीब ने विकास नगर स्थित अपने आवास पर आयोजित मिलाद में कही। मिलाद में प्रो. साबरा हबीब की संस्था नताशा में सिलाई-कढ़ाई सीखने वाली युवतियां और छात्राएं भी शामिल हुईं। मिलाद की महफिल को खिताब करते हुए प्रो. साबरा हबीब ने रसूल की सीरत के तमाम पहलुओं को उजागर करते हुए कहा कि आज के दौर में रसूल की शिक्षाएं महत्वपूर्ण हो गयी हैं। हमें चाहिए कि रसूल की सीरत और उनकी शिक्षाओं पर अमल करें और एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। इस मौके पर नताशा संस्था की छात्राओं ने नात और मनकबत का नजराना रसूले अकरम की बारगाह में पेश किया। मिलाद में शामिल होने परिवार सहित दिल्ली से आई रमा जैन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। मिलाद का समापन देश-प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे के साथ ही फिलीस्तीन में अमन की दुआओं के साथ हुआ। मिलाद के कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीता शर्मा व अन्य क्षेत्रीय महिलाएं भी शामिल हुईं।

# क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारतीय टीम का जलवा क़ायम

- पूरे टूर्नामेंट में अभी तक भारतीय टीम एक भी मैच नहीं हारी

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारतीय टीम का जलवा क़ायम है। अपने छठें मैच में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को हरा कर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा। पूरे टूर्नामेंट में अभी तक सिर्फ भारतीय टीम इकलौती ऐसी टीम है जिसने कोई मैच नही हारा है। इकाना स्टेडीयम में हुए इस मैच के बाद नवाबों के शहर लखनऊ में क्रिकेट प्रेमियों और आम जनता के बीच ज़बरदस्त खुशी की लहर देखी गयी। पूरा शहर जश्न में डूबा हुआ है। इसी क्रम में अगरबत्ती निर्माण क्षेत्र में देश की अग्रणी कंपनी साइकिल प्योर अगरबत्ती ने लखनऊ के चौक स्टेडियम में एक खास तौर पर बनाई गई 6 फीट की अगरबत्ती जलाकर भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए कंपनी के नॉर्थ इंडिया हेड आर के टंडन ने बताया कहा कि जिस तरह से भारतीय टीम अपने पूरे रंग में है उससे उम्मीद लगाई जा रही है की क्रिकेट विश्व कप 2023 भारत का होगा। चौक स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में जानी-मानी क्रिकेट अकादमी लखनऊ क्रिकेट अकादमी के होनहार क्रिकेटरो और उनके कोच अर्शी रज़ा भी मौजूद रहे। भारतीय टीम को अपनी शुभकामनाएं देते हुए अर्शी रज़ा ने कहा की इस समय भारतीय टीम का बैलेंस बिल्कुल सही है और टीम जबरदस्त फार्म में है। जिस तरह से अभी तक टीम अपराजिता है उसे देखकर उम्मीद की जानी चाहिए कि भारतीय टीम विश्व कप जरूर जीतेगी।

# इमामबाड़ा भवन की रंगाई-पुताई के लिये ई. टेण्डर आमंत्रित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बड़ा इमामबाडा अन्तर्गत मुसाफिरखाना गेट एवं उसके आस-पास की दीवारें तथा इमामबाड़े के प्रथम गेट एवं द्वितीय गेट के बीच पूरब एवं पश्चिम बावली का बाहरी भाग एवं बावली से लगी दीवारें मस्जिद एवं मस्जिद के आस-पास की दीवारें व भूल-भुलैया का जीना आदि स्थानों पर पेंटिंग का कार्य होना है। हुसैनाबाद एवं सम्बद्ध ट्रस्ट लखनऊ की बड़ा इमामबाडा भवन की पुरातत्विक नियमों के अन्तर्गत विहित रंगों में रंगाई-पुताई हेतु नगर निगम की ई-टेण्डर पंजीकरण / आई0डी0 etender .up.nic.in माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जा रही है। उक्त रंगाई पुताई का कार्य दिनांक 25 नवम्बर 2023 तक आवश्यक रूप से पूर्ण किया जाना है। इस हेतु उक्त निविदायें निविदा पत्र निर्गत होने के मात्र 10 दिवस के भीतर आमंत्रित की जा रही है एवं दिनांक 10.11.2023 को अपरान्ह 03:00 बजे खोला जायेगा। निविदाकर्ता को अपनी निविदा के साथ चरित्र प्रमाण-पत्र, बैंक / डी0एम0 solvency एवं तीन वर्ष नामों की बैलेंस शीट तथा अनुभव प्रमाण-पत्र हैसियत प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड, पुरातत्विक अनुभव प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। प्रश्नगत कार्यो की विस्तृत जानकारी कार्यालय हुसैनाबाद एवं सम्बद्ध ट्रस्ट लखनऊ (मु0नं0: 9415754082) से प्राप्त की जा सकती है। निविदायें आवेदन करते समय 50,000/- रूपये (पचास हजार रुपये) की धरोहर राशि एवं फीस रुपया 1,200/- (एक हजार दो सौ रूपये) का बैंक ड्राफ्ट हुसैनाबाद इण्डोमेन्ट ट्रस्ट के नामे निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त निविदाको वेब साईट https:// etender.up.nic .in/nicgep/app पर देखा जा सकता है। विहित समयान्तर्गत आमंत्रित / प्राप्त निविदाओं को स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकारी जिलाधिकारी / अध्यक्ष, हुसैनाबाद एवं सम्बद्ध ट्रस्ट का होगा। प्रचंड जीत हासिल करते हुए तथा भारत का नाम रौशन करने के बाद लखनऊ पहुंचने पर सुहास एलवाई (IAS) का लखनऊ एयरपोर्ट पर हुआ जोरदार स्वागत। सुहास LY के साथ उनकी पत्नी ऋतु सुहास भी मौजूद रहीं।

## पशुधन मंत्री ने निराश्रित गोवंश संरक्षण हेतु अभियान की समीक्षा की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में 01 नवम्बर से 31 दिसम्बर तक निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु चलाये जाने वाले अभियान की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि निराश्रित गोवंश हेतु पर्याप्त गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना की जाए और गोवंश के भरण पोषण हेतु पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित कर लिये जाए। इसके साथ ही गोसंरक्षण केन्द्रों पर नंदी के लिए अलग शेड की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि संरक्षित गोवंश की साप्ताहिक एवं पाक्षिक रिपोर्ट मुख्यालय पर उपलब्ध कराई जाए और टीम-09 द्वारा दिनांक 07, 08 एवं 09 नवम्बर को प्रभारी मण्डलों में उन ब्लाकों पर विशेष ध्यान दिया जाए जहॉं अधिक संख्या में निराश्रित गोवंश की सूचना प्राप्त हो रही है।

# उत्तर रेलवे द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**नई दिल्ली/लखनऊ।** भारतीय रेल, व्यापक जनहित में भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए प्रभावी उपाय अपनाने में सदैव अग्रणी रही है । भ्रष्टाचार की बुराई के प्रति जनजागरूकता फैलाने और भारत को भ्रष्टाचार-मुक्त बनाने में सहयोग देने के लिए उत्तर रेलवे, दिनांक 30.10.2023 से 05.11.2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन कर रही है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के उद्घाटन अवसर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली में अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस सत्यनिष्ठा शपथ में उत्तर रेलवे के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार से लड़ने की शपथ ली। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का अयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह दिनांक 30.10.2023 से 05.11.2023 तक ''भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें'' थीम पर आयोजित किया जा रहा है। आगामी सप्ताह के दौरान, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, संगोष्ठी, नुक्कड़-नाटक और स्टेशनों का दौरा कर जागरूकता फैलाने जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी 31 अक्टूबर को गुजरात में

**आरंभ 5.0 कार्यक्रम के समापन पर प्रधानमंत्री 98वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करेंगे**

अवधनामा ब्यूरो



- प्रधानमंत्री अंबाजी मंदिर में पूजा और दर्शन करेंगे
- प्रधानमंत्री मेहसाणा में 5800 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन, समर्पण और शिलान्यास करेंगे
- प्रधानमंत्री केवड़िया में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे

**नई दिल्ली/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30-31 अक्टूबर को गुजरात के दौरे पर रहेंगे। 30 अक्टूबर को सुबह लगभग10=30 बजे वे अंबाजी मंदिर में पूजा और दर्शन करेंगे, इसके बाद दोपहर लगभग 12 बजे मेहसाणा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।31 अक्टूबर को सुबह लगभग 8 बजे वेकेवड़ियाजाएंगे और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके पश्चात राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का आयोजन होगा। वेकेवड़िया में कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। इसके बाद लगभग11=15 बजे वेआरंभ 5.0 में 98वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करेंगे।

**मेहसाणा में प्रधानमंत्री:** प्रधानमंत्री मेहसाणा में लगभग 5800करोड़ रुपये की रेल, सड़क, पेयजल और सिंचाई से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित करेंगे।जिन परियोजनाओं का उद्घाटन होगा और राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा उनमें वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) का न्यू भांडू-न्यू साणंद (एन) खंड,वीरमगाम-सामाखियाली रेल लाइन का दोहरीकरण,कटोसन रोड-बेचराजी, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल साइडिंग) रेल परियोजना,मेहसाणा और गांधीनगर जिले के विजापुर तालुका और मनसा तालुका की विभिन्न ग्राम झीलों की रिचार्ज प्रक्रिया परियोजना,मेहसाणा जिले में साबरमती नदी पर वलसाना बैराज,बनासकांठा मेंपालनपुर पेयजल की व्यवस्था के लिए दो योजनाएंऔर धरोई बांध आधारित पालनपुर जीवन रेखा परियोजना - प्रमुख कार्य (एचडब्ल्यू) और 80 न्यूनतम तरल निर्वहन (एमएलडी) क्षमता का जल उपचार संयंत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे उनमें महिसागर जिले के संतरामपुर तालुका में सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने की परियोजना, साबरकांठा केनरोदा-देहगाम-हरसोल-धनसुरा रोडकाचौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण,गांधीनगर जिले में कलोल नगरपालिका सीवेज और सेप्टेज प्रबंधन के लिए परियोजना,सिद्धपुर (पाटन), पालनपुर (बनासकांठा)बयाद (अरावली) और वडनगर (मेहसाणा) में सीवेज संयंत्रों के लिए परियोजनाएं शामिल हैं।

**केवड़िया में प्रधानमंत्री:** देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के संरक्षण और इसे सुदृढ़ बनाए रखने की भावना कोऔर मजबूतकरने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे और सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।प्रधानमंत्री राष्ट्रीय एकता दिवस परेड देखेंगे जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राज्य पुलिस की विभिन्न टुकड़ियां शामिल होंगी। परेड के मुख्य आकर्षणों में अन्य विशेषताओं के अतिरिक्त केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सभी महिलाबाइकर्स द्वारा डेयरडेविल शो, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का महिला पाइप बैंड, गुजरात महिला पुलिस द्वारा कोरियोग्राफ किया गया विशेष कार्यक्रम, विशेष एनसीसी शो, स्कूल बैंड प्रदर्शन, भारतीय वायु सेना द्वारा फ्लाई पास्ट, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत गांवों के आर्थिक परिदृश्य का प्रदर्शन शामिल हैं। केवड़िया में प्रधानमंत्री 160 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा उनमें एकता नगर से अहमदाबाद तक हेरिटेज ट्रेन,नर्मदा आरती लाइव के लिए परियोजना,कमलम् पार्क,स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर के भीतर एक पैदल मार्ग,30 नई ई-बसें, 210 ई-साइकिलें और कई गोल्फ कार्ट,एकता नगर में सिटी गैस वितरण नेटवर्क और गुजरात राज्य सहकारी बैंक का 'सहकार भवन' से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री केवड़िया में ट्रॉमा सेंटर और एक सौर पैनल के साथ उप-जिला अस्पताल की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री आरंभ 5.0 के समापन पर 98वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करेंगे। आरंभ का 5वां संस्करण 'हार्नेसिंग द पावर ऑफ डिसरप्शन'विषय पर आयोजित किया जा रहा है। यह उन व्यवधानों को रेखांकित करने का एक प्रयास है जो वर्तमान और भविष्य को नया आकार देते हैं और समावेशी विकास के लिए शासन की परिधि में व्यवधानोंकी शक्ति का उपयोग करने के विभिन्न मार्गदिखाते हैं। 'मैं नहीं हम'थीम वाले 98वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स में भारत की 16 सिविल सेवाओं और भूटान की 3 सिविल सेवाओं से 560 अधिकारी प्रशिक्षु शामिल हैं।